हनुमानगढ़ जंक्शन
मंगलवार 25 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण चतुर्थी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 171 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. न.गंगानगर/29/2024-2026

# तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,341.08 | +131.18 |
| निफ्टी | 23,537.85 | +36.75 |
| डॉलर | 83.45 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 32° अधिकतम 41°

# देश को जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत: मोदी

## संसद का सत्र शुरू: प्रधानमंत्री ने दिया भाषण, इमरजेंसी सहित अन्य मसलों पर रखी बात

**नई दिल्ली.** संसद सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ इमरजेंसी का जिक्र किया बल्कि उन्होंने विपक्ष की भूमिका पर भी अपनी बात रखी। मोदी ने कहाकि सांसदों से भी देश को बहुत अपेक्षाएं हैं। सांसदों से अनुरोध करूंगा कि जनहित और लोकसेवा के लिए इस मौके का उपयोग करें। हर संभव कदम जनहित में उठाएं। देश को जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। लोग नारे नहीं, सार्थकता चाहते हैं, वे संसद में डिस्टर्बेंस नहीं, बल्कि चर्चा और मेहनत चाहते हैं। हम मानते हैं कि सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हमारा प्रयास सबकी सहमति और सबको साथ लेकर चलने की होगी। देश की जनता विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा रखती है। अब तक जो निराशा मिली है, शायद 18वीं लोकसभा में विपक्ष देश के सामान्य नागरिकों की अपेक्षा पर इस बार खरा उतरेगा। पीएम ने इमरजेंसी का भी जिक्र किया। दरअसल, मंगलवार यानी 25 जून को देश में आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। पीएम ने कहा-25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते ... **शेष पेज 9 पर**



### युवा सांसदों की संख्या संतोषजनक

पीएम मोदी ने कहाकि हमारे लिए खुशी की बात है 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी है। जब हम 18 की बात करते हैं तो जो हमारी परंपरा को, संस्कृतिक विरासत को जानते हैं, उन्हें पता है हमारे यहां 18 अंक का बहुत सात्विक मूल्य है। गीता के 18 अध्याय हैं। कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश हमें वहां से मिलता है। हमारे यहां पुराणों और उप-पुराणों की संख्या भी 18 है। 18 का मूलांक 9 है। 9 पूर्णता की गारंटी देता है। पूर्णता का प्रतीक अंक है। 18 की उम्र में हमारे यहां मताधिकार मिलता है। 18वीं लोकसभा भारत के अमृतकाल की है। इसका गठन शुभ संकेत है।

### हार के बावजूद मोदी का अहंकार नहीं गया: खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा सत्र की शुरुआत से पहले दिए पीएम मोदी के बयान पर कहा कि कई सीटें हारने के बावजूद उनका अहंकार नहीं गया। खड़गे ने कहा-वे इसे 100 बार दोहराएंगे। बिना इमरजेंसी लगाए वे उसी तरह से काम कर रहे हैं। इस मुद्दे को उठाकर कब तक सरकार चलाएंगे। उन्होंने छ्म्म्ज, मणिपुर हिंसा या पश्चिम बंगाल ट्रेन हादसे का जिक्र नहीं किया। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा-'सर, आप विपक्ष को सलाह दे रहे हैं। आप हमें 50 साल पुराने आपातकाल की याद दिला रहे हैं, लेकिन पिछले 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं, जिसे लोगों ने खत्म किया है। लोगों ने मोदी जी के खिलाफ अपना जनादेश दिया है। इसके बावजूद, अगर वे प्रधानमंत्री बने हैं, तो उन्हें काम करना चाहिए। लोगों को नारों की नहीं, बल्कि तथ्यों की जरूरत है, इसे आप खुद याद रखें।'

# विपक्ष के निशाने पर सरकार संसद के बाहर प्रदर्शन

### भर्तृहरि को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर विपक्ष खफा, कहा-जूनियर सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाना कानून का मजाक

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने संविधान की कॉपी लहराई और संविधान बचाओ के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने कहा कि सरकार ने नियमों के खिलाफ जाकर प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। नियम के मुताबिक, कांग्रेस के के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना था, क्योंकि वे 8 बार के सांसद हैं। महताब तो 7 बार के ही सांसद हैं। प्रदर्शन में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। राहुल गांधी ने प्रोटेस्ट के बाद कहा-प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह, जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम ये आक्रमण नहीं होने देंगे। हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती। खड़गे ने कहा-पीएम ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की है। संविधान को बचाने के लिए जनता हमारा साथ दे रही है। देश में फिलहाल हर लोकतांत्रिक नियम को तोड़ा जा रहा है। आज हम गांधी जी की प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए हैं। हम मोदी जी को बता रहे हैं कि आप संविधान के तहत चलिए।

### अपनी हेकड़ी नहीं भूली सरकार: गोगोई

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहाकि सत्तारूढ़ दल अपनी हेकड़ी नहीं भूली है। हम देख सकते हैं कि वे देश के प्रमुख मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। अगर के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता तो भारत में पूरा दलित समुदाय एक ऐतिहासिक दृश्य देख सकता था। आज, भाजपा ने न सिर्फ कांग्रेस, इंडिया. और के.सुरेश की ही नहीं, बल्कि पूरे दलित समुदाय की उपेक्षा की है। केसी वेणुगोपाल ने कहाकि इंडिया गठबंधन बापू के आशीर्वाद से लोकसभा में एंट्री ले रहा है। साथ ही जनता के मुद्दों, चुनौतियों, आशाओं, आकांक्षाओं को आवाज देने और सरकार को आइना दिखाने के नए संकल्पों के साथ 18वीं लोकसभा में प्रवेश कर रहा है। हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे। कल्याण बनर्जी ने कहाकि हम इसलिए प्रोटेस्ट कर रहे हैं, क्योंकि संविधान के प्रावधानों को बदला जा रहा है। प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति से मोदी सरकार ने संवैधानिक परंपराओं को खत्म करने का काम किया है। सुदीप बंदोपाध्याय ने कहाकि हम चाहते हैं कि संविधान सुरक्षित रहे। जब इंडिया और बांग्लादेश के बीच समझौते होते हैं, तो वे सिर्फ पश्चिम बंगाल सरकार को बुलाकर एकतरफा फैसले नहीं ले लेते। हमें 18वीं लोकसभा के पहले दिन से ही संविधान को बचाना होगा।

# नीट परीक्षा विवाद पर एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस

### » राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई, नीट परीक्षा को रद्द करने को लेकर दायर है याचिका

**जयपुर.** नीट परीक्षा विवाद को लेकर सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। वैकेशन जज जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने मामले में एनटीए और केन्द्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा-मामला गंभीर है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट मामले में सुनवाई कर रहा है। 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में अगली तारीख है। ऐसे में हाईकोर्ट में मामले को 10 जुलाई को लगाया जाए। तब तक एनटीए और केन्द्र सरकार जवाब पेश करे। आज हाईकोर्ट में 4 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में नीट एग्जाम को लेकर हुई गड़बड़ियो के चलते पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर करने वाले यश्विनी, तनुजा यादव और यक्शश्री दूबे के अधिवक्ता राम प्रताप सेनी ने बताया- हमने इन याचिकाओं में अदालत से मांग की है कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए पूरी परीक्षा को रद्द करके फिर से करवाया जाए। उन्होंने कहा- इस परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स के बैठने, चीटिंग और अन्य गड़बड़ियों को लेकर वडोदरा और अहमदाबाद एफआईआर दर्ज हुई हैं। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं को 10 मिनट से लेकर आधे घंटे देरी से पेपर दिया गया। लेकिन उन्हें इसके लिए न तो अतिरिक्त समय दिया गया और न ही अन्य अभ्यर्थियों की तरह ग्रेस मार्क्स दिए गए। हाईकोर्ट में आदित्य गौत्तम की ओर से याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता आरके गौत्तम ने बताया- उनके याचिकाकर्ता का सेंटर सवाई माधोपुर के ... **शेष पेज 9 पर**

# केजरीवाल की जमानत पर फैसला आज

### दिल्ली हाईकोर्ट ने राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर लगाई थी रोक

**नई दिल्ली.** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत बरकरार रहती है या नहीं, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट मंगलवार यानी 25 जून को दोपहर 2.30 बजे फैसला सुनाएगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन म्क् की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लगा दिया था। 21 जून को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वहीं ईडी ने सोमवार को हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर केजरीवाल को लोअर कोर्ट से जमानत दिए जाने को गैरकानूनी बताया। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की वेकेशन बेंच के सामने जो भी जरूरी दस्तावेज रखे गए थे, बेंच ने उन पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। ईडी ने कहा कि इन दस्तावेजों में सबूत थे कि अरविंद केजरीवाल मनी लॉन्ड्रिंग केस... **शेष पेज 9 पर**

# लोकसेवकों की सरल व त्वरित उपलब्धता के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संकल्पित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुशासन के संकल्पों को साकार करने के लिए अधिकारियों को धरातल पर उतरने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को रात्रि चौपाल करने, अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने तथा आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कदम बढ़ाते हुए जिला कलक्टर काना राम ने परिवादियों की परिवेदनाओं को सुनने के लिए सभी अधिकारियों को प्रतिदिन एक घंटा जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर के मुताबिक शासन तंत्र के सभी स्तरों पर पारदर्शिता लाने, जबावदेही, जनसहभागिता सुनिश्चित किए जाने तथा लोकसेवकों की सरल व त्वरित उपलब्धता के लिए राज्य सरकार संकल्पित व निरन्तर प्रयासरत है। इसी क्रम में सभी अधिकारियों को आमजन से मिलने के लिए प्रत्येक दिन 1 घंटे का समय निर्धारित करने तथा इस संबंध में एक सूचना कार्यस्थल के बाहर नेमप्लेट के नीचे लगानी होगी। जिला कलेक्टर ने कहा है कि यदि किसी आपातकालीन/अतिआवश्यक स्थिति में अधिकारी के लिए निर्धारित समय में उपस्थित नहीं होते है तो उस दिन अपने द्वितीय अधिकारी को नामित करेंगे। इसकी स्पष्ट सूचना अपने कार्यालय के बाहर प्रदर्शित करनी होगी, ताकि आमजन को कोई असुविधा ना हो। मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि किसी आम नागरिक को उपखण्ड स्तर के कार्य ... **शेष पेज 9 पर**

# राजस्थान को मिलेगी 400 मेगावाट अनावंटित बिजली

### खुशखबर: सीएम भजनलाल शर्मा का प्रयास रंग लाया, छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन कोयला हुआ बहाल

**जयपुर.** सीएम भजनलाल का प्रयास रंग लाया। राजस्थान को अब मिलेगी कुल 400 मेगावाट अनावंटित बिजली। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंजूरी दी। प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भीषण गर्मी को देखते हुए राजस्थान को 2 रीजनल पूल से अनावंटित बिजली का कोटा देने निर्णय किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से हाल ही में नई दिल्ली में मुलाकात की थी। जिसके बाद केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24 जून, 2024 को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर राजस्थान को दक्षिण एवं पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200-200 मेगावाट (कुल 400 मेगावाट) बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। इस अनावंटित बिजली की आपूर्ति 26 जून से प्रारंभ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश में ऊर्जा ... **शेष पेज 9 पर**

# बच्चों के लिए एक जुलाई को खुलेंगे स्कूल

### गर्मी के कारण बढ़ी छुट्टियां, स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया जारी

**जयपुर.** देश के कई राज्यों में अभी भी गर्मी के तीखे तेवर दिख रहे हैं। ऐसे में कई राज्यों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। इसी बीच राजस्थान में गर्मियों की छुट्टियों को लेकर बड़ा अपडेट आया है। गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद राजस्थान में आज यानी सोमवार से सरकारी स्कूल खुल गए है। लेकिन, अभी बच्चे स्कूलों में पढ़ने नहीं जा पाएंगे। दरअसल, राजस्थान में 36 दिनों का ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद आज से स्कूल खुले गए है। ऐसे में अब टीचरों को स्कूल जाना पड़ेगा। क्योंकि स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया चलेगी। हालांकि, बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। शिक्षा विभाग की मानें तो स्कूल में विद्यार्थी एक जुलाई से आना शुरू करेंगे। वहीं, सूत्रों की मानें तो इस साल भजनलाल सरकार स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां बढ़ाने पर विचार कर सकती है। जैसे की अन्य राज्यों में छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया गया है। राजस्थान में आम तौर पर गर्मियों की छुट्टियां 15 मई से 30 जून तक होती हैं। हालांकि, इस बार राजस्थान में सभी सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में 17 मई से 36 दिनों का ग्रीष्मावकाश शुरू हुआ था। अब 24 जून से स्कूल खुल गए और एक ... **शेष पेज 9 पर**

### निदेशालय स्तर पर नर्सिंग पैरामेडिकल भर्ती 2023

# संविदा/यूटीबी कार्मिक 5 जुलाई तक सीएमएचओ कार्यालय में जमा करवाएं पुर्नसत्यापन दस्तावेज

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** निदेशालय स्तर पर नर्सिंग पैरामेडिकल भर्ती 2023 में संविदा/यूटीबी कार्मिक (नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, सीएचए) को जारी अनुभव प्रमाण-पत्रों का पुर्नसत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत एमजीएम जिला अस्पताल, राजकीय उपजिला चिकित्सालय, खण्ड कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत संविदा/यूटीबी कार्मिक (नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, सीएचए), जिनका सीएमएचओ कार्यालय द्वारा पूर्व में अनुभव प्रमाण पत्र जारी किए गए थे, उनके निम्न दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में जमा करवाए जाने हैं। इनमें राज्य सरकार से पद स्वीकृति आदेश, सीएमएचओ कार्यमुक्ति आदेश, बीसीएमओ कार्यग्रहण प्रार्थना पत्र, बीसीएमओ कार्यमुक्ति आदेश, अभ्यर्थी के स्वयं के बैंक अकाउंट का विवरण सहित (अनुभव प्रमाण पत्र की अवधि), यदि पीएफ कटौती है, तो उसका प्रतिमाह विवरण, प्रतिवर्ष अनुबंध की प्रतियां, जीए-44 (अनुभव प्रमाण पत्र अवधि) दस्तावेज 5 जुलाई को सायं 5 बजे तक सीएमएचओ कार्यालय में जमा करवाएं।

# अनसेफ प्रकरणों को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया की धीमी गति पर जताई नाराजगी

## शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान को लेकर बैठक आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि जांच में अनसेफ पाई गई खाद्य सामग्री के सभी प्रकरणों में संबंधित व्यवसायियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए ताकि आने वाले समय में व्यसायी इस तरह की गड़बड़ न करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे व्यवसायियों के खिलाफ लीगल एक्शन से लेकर सेंटर को बंद करने की कार्रवाई की जाए। जिला कलक्टर ने कोर्ट में पेश किए जाने वाले अनसेफ प्रकरणों की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि पिछले साल के कुल 14 अनसेफ प्रकरण पेंडिंग चल रहे हैं। अनसेफ प्रकरण की वापस से सैंपलिंग करवाते हुए अनसेफ खाद्य व्यवसायियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि एक साल में 220 से अधिक सैंपल एकत्रित करने का लक्ष्य विभाग को मिला हुआ है। सैंपलिंग की प्रक्रिया तो अच्छे तरीके से चल रही है लेकिन अनसेफ प्रकरण जो कोर्ट में पेश करने होते हैं वह प्रक्रिया कुछ धीमी थी। इस सप्ताह व आने वाले समय में अनसेफ वाले व्यवसायियों व कोर्ट में जो ... **शेष पेज 9 पर**








:: श्रद्धांजलि ::



हमारे आदरणीय
एनपीएस के संस्थापक सदस्य
**नोहरचंद जी अग्रवाल**
के निधन पर हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
नोहरचंद अग्रवाल ने नेशनल पब्लिक स्कूल के लिए जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।
उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने हमें हमेशा प्रेरित किया है और उनकी कमी हमेशा खलेगी।
इस कठिन समय में नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति एवं समस्त स्टाफ श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नतमस्तक हैं।
-: श्रद्धानवत :-
अजय कुमार गर्ग निदेशक
राधेश्याम लाखोटिया कोषाध्यक्ष
एवं समस्त स्टाफ एनपीएस हनुमानगढ़ जंक्शन



**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे पूजनीय
**श्री नोहरचंद जी अग्रवाल**
(पुत्र स्व. श्री लालचंद जी अग्रवाल)
का स्वर्गवास दिनांक 23 जून 2024 को हो गया है।
**तीये की बैठक** दिनांक 25-06-2024 को सायं 4 से 5 बजे तक अणुविभा केंद्र, मालवीय नगर, जयपुर पर होगी।
-:: शोक परिवार :: -
सुरेन्द्र-मधु, रविन्द्र-रीटा, महेश-नीता (पुत्र-पुत्रवधु)
सुमित-श्वेता, रितेश-हिमानी, निमेष-ज्योत्सना (पौत्र-पौत्रवधु)
विहा (प्रपौत्री) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।
मो. 9829065067, 9828111888

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर परचून दुकानदार ने जहर का सेवन किया, इलाज के दौरान मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर रीको उद्योग विहार में परचून के एक युवा दुकानदार ने कथित रूप से ब्लैकमेलिंग से तंग आकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।मृत्यु से पूर्व पुलिस को दिए बयान के आधार पर ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया गया था, जो उसकी मौत के बाद आत्महत्या के लिए दश प्रेरित करने के आरोप में तब्दील होने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि अभी जांच पड़ताल चल रही है। मृतक युवक द्वारा जहर का सेवन करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखने की बात भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार सादुलशहर तहसील क्षेत्र के गांव दुलपुरा निवासी संदीप (30) की रीको उद्योग विहार में स्टेशनरी और परचून की दुकान है। उसने परसों शनिवार को दुकान में ही किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पता चलने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिवार वाले उसे रीको के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल में पहुंची। पुलिस के अनुसार तब संदीप बोलने के लायक था। उसके द्वारा दिए गए बयान के आधार पर अंकिता, ममता और अंशु नामक लड़कियों पर ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के



मुताबिक अंकिता हनुमानगढ़ जिले के भादरा इलाके की निवासी है जो रिको में एक पीजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। मृत्यु पूर्व बयान में संदीप ने बताया कि एक दिन उसने अंकिता से कहा था कि उसे दुकान पर काम करने के लिए महिला की आवश्यकता है। अंकित ने ममता नामक लड़की के बारे में बताया। संदीप के अनुसार उसने अंकिता से कहा कि उसे लड़की नहीं बल्कि महिला की आवश्यकता है। बाद में अंशु नाम की लड़की के बारे में अंकिता तथा ममता ने बताया संदीप के मुताबिक इसके कुछ दिन बाद ही अंकिता उसे ब्लैकमेल करने लगी कि वह उसे उसके गांव में जाकर बदनाम कर देगी। उसके परिवार वालों को उसके बारे में बताएगी। ब्लैकमेलिंग का डर दिखाकर अंकिता ने उसे अपनी पढ़ाई की 45 हजार रुपए की फीस जमा करवा ली। इसके बाद भी वह उसे लगातार रुपए लेती रही। वह लड़कियों की ब्लैकमेलिंग से तंग आ गया। इसीलिए उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। संदीप ने पुलिस को बताया कि वह एक सुसाइड नोट भी लिखकर आया है। इस बयान के आधार पर पुलिस ने धारा 384 और 385 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच रीको पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई हेतराम के सुपुर्द कर दी। जांच अधिकारी ने बताया कि शनिवार-रविवार की रात को संदीप की मौत हो गई।कल रविवार को उसका शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया। वह शादीशुदा और बाल बच्चेदार है। अभी तक उसका लिखा सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला। आगे इस मामले की जांच एक उच्च पुलिस अधिकारी द्वारा की जा रही है।

# मोघे का लेवल सही नहीं होने से टेल तक कम पहुंच रहा पानी

» टेल के किसानों ने एसडीएम को बताई पीड़ा



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

बहलोलनगर के किसानों ने चक नम्बर बीस एसएसडब्ल्यू के मोघा का लेवल सही करवाने की मांग के संबंध में सोमवार को उपखण्ड अधिकारी से मुलाकात की। एसएसडब्ल्यू टेल के किसानों ने बताया कि पूर्व में चक नम्बर बीस एसएसडब्ल्यू का मोघा सही नहीं लगाया गया था। इस पर चक नम्बर बीस एसएसडब्ल्यू के किसानों ने अपर सेशन न्यायाधीश संख्या दो हनुमानगढ़ में अपील की। कोर्ट ने स्थगन आदेश जारी किया। बाद में अपर सेशन न्यायाधीश संख्या दो की ओर से स्थगन आदेश खारिज कर दिया गया। स्थगन आदेश खारिज हुए पूरे दो माह बीत चुके हैं बावजूद इसके अभी तक सिंचाई विभाग की ओर से चक नम्बर बीस एसएसडब्ल्यू के मोघा को सही नहीं किया गया है। अगर मोघा को सही नहीं किया गया और पूर्व की भांति मोघा में पानी चलता रहा तो एसएसडब्ल्यू टेल के किसानों को पूरा पानी नहीं मिलेगा। किसानों ने बताया कि एसएसडब्ल्यू नहर में 13 जून को पानी छोड़ा गया था। मोघा सही नहीं होने के कारण टेल तक पूरा पानी नहीं पहुंचा। इस काराण टेल के किसानों को न पूरा होने वाला नुकसान हो रहा है। टेल के किसानों ने मांग की कि चक नम्बर बीस एसएसडब्ल्यू मोघे को तुरंत प्रभाव से सही करवाया जाए ताकि टेल के किसानों को पूरा पानी मिल सके। इस पर एसडीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन किसानों को दिया।

# अनूपगढ़ और घडसाना में धड़ाधड़ एक के बाद एक चोरियां

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में एक के बाद एक धड़ाधड़ चोरी की बड़ी-बड़ी वारदातें हो रही हैं। वारदातें करने वाले पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहे। अनूपगढ़ जिला मुख्यालय पर एक ही दिन में चोरी की दो बड़ी वारदातें सामने आई हैं। घडसाना में भी एक दिन के अंतराल पर चोरी की दो बड़ी वारदातें हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपगढ़ थाना क्षेत्र में चक 15 ए (बी) निवासी अमरसिंह नायक (40)ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह लगभग 15 दिन पहले परिवार सहित गांव से बाहर गया हुआ था। पीछे घर में कोई नहीं था। वह शनिवार शाम लगभग 6 बजे परिवार सहित वापस आया तो घर के ताले टूटे हुए थे। उसके घर से कोई अज्ञात व्यक्ति दो जोड़ी चांदी की पाजेब,एक जोड़ी सोने की बाली, एक जोड़ी बच्चों के चांदी के कड़िये, आधा तोला सोने के टॉप्स, 15-16 हजार रुपए नगद तथा एक एलइडी टीवी चोरी हो गया। कोई अज्ञात चोर दीवार बांधकर घर में आया और यह सामान चोरी कर ले गया। इसी प्रकार अनूपगढ़ थाना में ही चक 26 एपीडी निवासी पूरणमल नायक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि परसों शनिवार को कोई अज्ञात व्यक्ति दीवार कूद कर घर में आया। साथ में घर के मेन गेट का ताला भी उसने तोड़ दिया। ताला तोड़कर वह सोने चांदी के जेवर तथा नगद राशि चोरी कर ले गया। उधर, घडसाना के वार्ड नंबर एक की धक्का बस्ती में भी शनिवार को चोरी की एक घटना हो गई। पुलिस के मुताबिक सुगनाराम सांसी (55) ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया है कि कोई अज्ञात चोर रात को घर में प्रवेश कर गया। संदूक से एक सोने की ठुंसी तीन तोला, सोने की तीन अंगूठियां अढ़ाई तोला,सोने का एक बोरला एक तोला, चांदी की नेवरी आधा किलो, चांदी का बाजूबंद 20 तोला और 40 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गया। घडसाना में चोरी की दूसरी वारदात चक 24-एएससी निवासी विनोद मेघवाल के घर में 17 जून की रात को हुई। विनोद द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने 22 जून को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के अनुसार विनोद ने बताया है कि अज्ञात चोर घर से चार तोला सोने के जेवरात, 30 तोला चांदी के गहने तथा नगद राशि चोरी कर ले गया। चोरी हुए सोने के जेवरात में मंगलसूत्र, कान का कांटा, मांग टीका, दो अंगूठियां, तीन नोज पिन और एक तबीती शामिल है जबकि चांदी के गहनों में लॉकेट, चेन,पाजेब जोड़ी और दो अंगूठियां हैं। पुलिस ने बताया कि इन वारदातों का खुलासा करने के लिए घटना स्थलों के नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया जा रहा है।अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा।

## एडवोकेट के चेंबर से एसी चोरी करने वाले गिरफ्तार



**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ में न्यायालय परिसर में एक एडवोकेट के चेंबर से एसी और अन्य सामान चोरी करने वाले पकड़े गए हैं। पुलिस के मुताबिक 30 अप्रैल को पुनीत कामरा एडवोकेट द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय परिसर में उसके चैंबर से डेढ़ टन का एसी और स्टेबलाइजर आदि सामान चोरी हो गया था। चोरों ने चैंबर गेट के अल्युमिनियम वाले फ्रेम में लगे कांच के ऊपर वाले हिस्से को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। एडवोकेट कामरा 30 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे न्यायालय परिसर में अपने चेंबर में आए, तब उन्हें चोरी होने का पता चला। पुलिस के मुताबिक यह चोरी करने के आरोप में लवदीपसिंह उर्फ लबू नाईसिख (29) निवासी प्रेमनगर और गुरविंदरसिंह मजहबी सिख (23) निवासी चक 2- पीएम अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।इनकी निशानदेही पर चुराया हुआ ऐसी तथा अन्य सामान बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# फ्लोर मिल से सरसों चोरी करने के आरोप में शातिर चोर समेत तीन गिरफ्तार, एक बाल अपचारी भी निरुद्ध

वारदात में इस्तेमाल पिकअप जब्त, सरसों के 23 कट्टे बरामद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर रीको उद्योग विहार में श्री बालाजी रोलर फ्लोर मिल में लगभग एक महीना पहले सरसों के 31 कट्टे चोरी हो जाने की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा तहसील क्षेत्र में चक 35 एसटीजी निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बहुत ही शातिर चोर है। साथ में एक बाल अपचारी को भी निरूद्ध किया गया है। घटना की जांच कर है रीको उद्योग विहार पुलिस चौकी पर भारी एएसआई हेतराम ने बताया कि चक 35 एसटीजी निवासी सोनी उर्फ सोनू (35), अजय बावरी (22)और रिंकू उर्फ रिंपू (20) को गिरफ्तार किया गया है, जबकि वारदात में उनके साथ शामिल एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया है। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर चुराए गए 31 कट्टों में से 23 कट्टे सरसों बरामद कर ली गई है। वारदात में इस्तेमाल बोलेरो



पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है। यह वाहन किसी विनोद कुमार नाम के व्यक्ति का है, जिसे इन आरोपियों ने कथित रूप से स्टांप पेपर पर खरीदा हुआ है। बालाजी रोलर फ्लोर मिल के मैनेजर महावीर प्रसाद द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 12 जून को मुकदमा दर्ज किया गया था। मैनेजर ने बताया कि उनका 27 मई को फैक्ट्री में चोरी होने का पता चला। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो उसमें अजय बावरी वह कुछ अन्य युवक 50-50 किलो सरसों के कट्टे पिकअप वाहन में चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिए। जांच अधिकारी ने बताया कि इनमें सोनी उर्फ सोनू बहुत ही शातिर है। उस पर पहले से ही 15 मुकदमे दर्ज हैं जबकि अजय के खिलाफ भी एक प्रकरण दर्ज है।आरोपियों को अदालत में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हाजरी लगवाने के लिए रुपए मांगने का आरोप

» मेट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

ग्राम पंचायत कोहला के मनरेगा श्रमिकों ने मेट पर हाजरी लगाने के नाम पर प्रत्येक श्रमिक से सौ रुपयों की नाजायज मांग करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत लेकर मनरेगा में काम करने वाली श्रमिक महिलाएं सोमवार को उपखण्ड अधिकारी के पास पहुंची। मनरेगा श्रमिक कलावती ने बताया कि वे मनरेगा में तड़के पांच बजे कार्यस्थल पर जाती हैं और दोपहर बारह बजे घर जाने दिया जाता है। कोई भी श्रमिक घर पर बैठे हाजरी लगवा सकता है। इसके लिए मेट को सौ रुपए देने पड़ते हैं। मेट की ओर से फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। इसका विरोध किया जाता है तो मेट की ओर से धमकी दी जाती है कि परेशान करने पर उनकी हाजरी काट दी जाएगी। हर सप्ताह हाजरी काट दी जाती है। ग्राम पंचायत सरपंच को कई बार अवगत करवाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरोज ने आरोप लगाया कि मेट की ओर से कहा जाता है कि सौ रुपए देने पर ही हाजरी लगेगी, अन्यथा हाजरी नहीं लगेगी। वे पांच मिनट की देरी से कार्यस्थल पर पहुंचती हैं तो उनकी हाजरी नहीं लगाई जाती और घर जाने को कहा जाता है। मनरेगा श्रमिकों ने फर्जी हाजरी लगाने की जांच कर मेट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर शारदा देवी, विमला देवी, तारावंती, लिछ्मा देवी, शिमला, मैना, रानी, सावित्री, केसर देवी मौजूद थीं।

# फाइनेंस कंपनी कर्मचारी के घर से रात को 18 तोले के स्वर्णाभूषण, पौने तीन लाख रुपए और कागजात चोरी

कूलर की आवाज के कारण चोरों की नहीं लगी भनक

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



घर के आंगन में रात को कूलर चला कर सोए परिवार को चोरों के आने जाने का पता नहीं चला। कूलर की आवाज के कारण उन्हें चोरों की आहट सुनाई नहीं दी। सुबह परिवार सोकर उठा तो घर के अंदर के कमरों में अलमारी के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। चोर 18 तोला सोने के आभूषण लगभग पौने तीन लाख रुपए नगद तथा जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। चोरी की यह सनसनीखेज और बड़ी वारदात चूनावढ कस्बे में पुलिस थाना से कुछ ही दूरी पर हुई है। पुलिस के मुताबिक चूनावढ वार्ड में वार्ड नंबर 10 निवासी बलदेव सिहाग(30) के घर में 21-22 जून की रात को यह वारदात हुई। बलदेव सिहाग श्रीगंगानगर में एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है। पुलिस के मुताबिक 21 जून की रात को बलदेव सिहाग और उसके परिवार के सदस्य घर के आंगन में कूलर चला कर सोए थे। कूलर की आवाज के कारण उनको चोरों की आहट सुनाई नहीं दी। सुबह चोरी होने का पता चला तो अलमारी में रखे 18 तोला सोने के आभूषण, 2 लाख 73 हजार रुपए नगद और कुछ जरूरी कागजात नहीं मिले। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजीव रॉयल दलबल सहित मौके पर पहुंचे। श्रीगंगानगर से एफएसएल, एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीमों को भी मौके पर भेजा गया। इस बीच पुलिस की एक टीम चूनावढ में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने में लग गई। जानकारी के मुताबिक अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं। इस वारदात में बलदेव सिहाग के परिवार का लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हो गया।

# गुरुद्वारा के शौचालय में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित गुरुद्वारा सिंहसभा के एक शौचालय में आज दोपहर लगभग 50 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बुरी तरह सड़ी हुई हालत में मिली। सूचना मिलने पर कोतवाली से दिन के प्रभारी एएसआई राकेश लांबा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति दो-तीन दिन से गुरुद्वारा के एक शौचालय में मृत पड़ा था। शौचालय का गेट अंदर से बंद था। आज दोपहर जब शाम के सड़ने की बदबू फैलने लगी, तब गुरुद्वारा के सेवादारों ने थाने में सूचना दी। शौचालय का गेट तोड़ा तो अंदर एक व्यक्ति मृत पड़ा था। उन्होंने बताया कि मृतक लगभग 50 वर्ष का है। उसकी मौत किन कारणों से हुई,अभी इसका कोई अंदाजा नहीं। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर में पता चला कि यह व्यक्ति पुलिस कंट्रोल रूम के सामने रेलवे स्टेशन टैक्सी स्टैंड पर अक्सर बैठा रहता था। टैक्सी चालकों ने इस व्यक्ति का नाम संजय बताया है, लेकिन वह कहां का रहने वाला है, अभी इसकी जानकारी नहीं है। टैक्सी चालक तथा आसपास के लोग संजय के परिवार वालों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया है।

## कीटनाशक दवा चढ़ने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर।** जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय एक अधेड़ बेहोश हो गया,जिसकी बाद में श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। राजियासर पुलिस के मुताबिक चक 3-एएस निवासी अर्जुन कुमार जाट द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके पिता रामकुमार (51) की कीटनाशक दवा के दुष्प्रभाव से मृत्यु होने का मामला दर्ज किया गया है।जांच कर रहे एएसआई रामावतार ने बताया कि रामकुमार विगत शनिवार को खेत में दवा का छिड़काव करते समय बेहोश हो गया था।पता चलने पर उसे परिवार वालों ने सूरतगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।श्री गंगानगर के जिला अस्पताल में शनिवार- रविवार की रात को रामकुमार की मृत्यु हो गई। उसकी लाश पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दी गई।

## लापता युवक की लाश नहर किनारे कुत्तों द्वारा नोची हुई मिली

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में चक 2-केएम में नहर के किनारे एक व्यक्ति की कुत्तों द्वारा नोची हुई तथा सडी गली हालत में लाश मिली, जिसकी पहचान चक 2- केएम निवासी रामलाल(40) पुत्र पृथ्वीराज जाट के रूप में हुई। हवलदार भागसिंह ने बताया कि रामलाल विगत 18 जून से लापता था। वह शराब पीने का आदी था।अक्सर वह घर से कई कई दिन के लिए गायब हो जाता था। इसलिए परिवार वाले उसके गायब हो जाने की सूचना थाने में नहीं देते थे। इस बार वह 18 जून को गायब हुआ था। कल रविवार को गांव से कुछ दूरी पर ही कि नहर के पास एक चरवाहा भेड़ बकरियां चराने के लिए गया तो उसे झाड़ियां से बदबू आते हुए महसूस हुई। वह जब नजदीक गया तो आवारा कुत्ते एक मानव शरीर को नोच नोच कर खा रहे थे। लाश की हालत काफी खराब थी। उसके द्वारा गांव वालों को बताए जाने पर कुछ ही देर में काफी लोग वहां इकट्ठे हो गए। हवलदार भागसिंह के मुताबिक फटे हुए कपड़ों से रामलाल के परिवार वालों ने उसकी पहचान की। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि रामलाल के शरीर के पैरों का कुछ हिस्सा ही सुरक्षित बचा था। बाकी आवारा कुत्ते नोच कर खा गए अथवा 5 दिन तक गर्मी में लाश पड़े रहने से सड़ गल गई। लाश के रूप में अस्थि पंजर ही मिला। पोस्टमार्टम की औपचारिकता के बाद लाश परिवार जनों के सपोर्ट कर दी गई। मृतक के भाई कृष्णलाल जाट (42) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

# अढ़ाई हजार क्यूसेक पानी के लिए श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिलों में अनाज मंडिया बंद रहीं

जिला कलेक्ट्रेट के घेराव और किसान कर्फ्यू को लेकर तैयारी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पंजाब में किसानों द्वारा धान की रोपाई के चलते गंग कैनाल (बीकानेर कैनाल) में पानी की कटौती करने के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज श्रीगंगानगर तथा अनूपगढ़ जिला की अनाज मंडियां बंद रही।अनाज मंडियों में आज कृषि जिंसों की नीलामी नहीं हुई।इस आह्वान को देखते हुए वैसे भी किसान आज कृषि जिंस लेकर मंडियों में नहीं पहुंचे। संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन के आगामी चरण में 28 जून को दोनों जिलों में किसान कर्फ्यू का ऐलान किया है, वहीं किसानों के सबसे बड़े संगठन गंगानगर ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) की 27 जून को जिला कलेक्ट्रेट को ठप करने की चेतावनी दे रखी है। इसके लिए जीकेएस की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को लामबंद कर रही है। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा भी अब किसानों को 28 जून के कर्फ्यू के लिए जागृत किया जा रहा है। गंग कैनाल में अभी भी पंजाब से निर्धारित 2500 क्यूसेक शेयर के



मुकाबले लगभग आधा पानी ही मिल रहा है।संयुक्त किसान मोर्चा से सम्बद्ध किसान संगठनों- अखिल भारतीय किसान सभा, किसान आर्मी, भारतीय किसान यूनियन, किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर आज श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, पदमपुर, करणपुर, गजसिंहपुर, रायसिंह नगर, बींझबायला, केसरीसिंहपुर, रिडमलसर, श्रीबिजयनगर, जैतसर आदि अनाज मंडिया रखकर व्यापारियों ने किसान आंदोलन का समर्थन किया। दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन व श्रीगंगानगर कच्चा आढ़तिया संघ द्वारा समर्थन की घोषणा के बाद अनाज मंडियों में जिंसो की बोली नहीं हुई। पदमपुर में किसान, मजदूर व व्यापारियों ने धरना लगाकर भी विरोध दर्ज कराया, वहीं अनूपगढ़ व श्रीविजयनगर में किसानों ने गंगनहर में सिंचाई पानी की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपे। मोर्चा ने आंदोलन को तेज करने के ऐलान के साथ 28 जून को किसान कर्फ्यू की घोषणा की है,जिसके तहत किसान दोनों जिलों में जगह जगह चक्काजाम करेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष कालूराम थोरी ने कहा कि गंगनहर में पानी बढ़ने की बजाय घट रहा है। प्रतिवर्ष इन दिनों गंगनहर में सिंचाई पानी की हालत नाजुक रहती है, लेकिन सरकार और सिंचाई विभाग गंभीरता से नहीं लेते।श्रीगंगानगर में गुरलालसिंह बराड़, संदीपसिंह केराचक, विनोद जाखड़, पदमपुर में रविन्द्र तरखान, राकेश शर्मा, सुखवीरसिंह फौजी, जसवीरसिंह चक 9 डीडी, मास्टर बलवीरसिंह, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कालडा, पुरुषोत्तम गोयल, नक्षत्रसिंह बुट्टर, हंसराज बेरा, मंजीतसिंह, रायसिंहनगर में कालूराम थोरी, प्रमोद भाकर, मानक थालोड़, गजसिंहपुर में गुरचरणसिंह मोड़, हंसराज गोदारा, श्रीविजयनगर में गुरमीतसिंह कंडियारा, गुरसेवक ग्रेवाल, सुखविंद्र सुक्खा, श्रीकरणपुर में मास्टर केवलसिंह, दलवीरसिंह, अनूपगढ़ में सुनील गोदारा, युद्धवीर सिंह, रणवीर सेखों आदि किसान नेताओं के नेतृत्व में अनाज मंडी बंद का कार्यक्रम पूर्णत सफल रहा। किसान संगठन गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी देने के साथ पंजाब में पानी चोरी पर लगाने, समस्या के स्थाई समाधान हेतु फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण और तब तक वैकल्पिक तौर पर लिंक चैनल के माध्यम से पानी लेने की मांग कर रहे हैं।

## सीएचसी में मरीजों-परिजनों एवं स्टाफ को पिलाया ठंडा-मीठा दूध



**हनुमानगढ़।** गर्मी के मौसम के चलते रावतसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में सोमवार को मरीजों, उनके साथ आए परिजनों एवं सीएचसी स्टाफ को स्थानीय नागरिकों ने ठंडा-मीठा दूध पिलाया। सीएचसी इंचार्ज डॉ. सुभाष भिड़ासरा ने बताया कि रावतसर के रमेश, नवरतन गहलोत, प्रभु गहलोत, प्रमोद पूनिया, बंटी सोनी, मदन, सुनील रोकणा, अजय शेखावत, सोनू रेगर, भंवरसिंह, मगनाराम, राधेश्याम, किरोड़ीलाल आदि ने सीएचसी में आए नागरिकों को ठंडा-मीठा दूध पिलाया। युवाओं ने करीब एक हजार नागरिकों को दूध पिलाने की सेवा की। मरीजों, परिजनों एवं चिकित्सकीय स्टाफ ने स्थानीय युवाओं की ओर से अस्पताल में दूध पिलाकर सेवा करने के कार्य की प्रशंसा की।

## रंजिश के चलते आड़ मिटाने का आरोप

**हनुमानगढ़।** मिटाई गई आड़ को चालू करने की मांग के संबंध में संगरिया तहसील के एक किसान ने सोमवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। रसीद मोहम्मद पुत्र अहमद्दीन निवासी चक सात-आठ एमएमके ढाणी तहसील संगरिया ने बताया कि उसकी कृषि भूमि चक नम्बर 7 व 8 एमएमके में है। उनके खेत की पानी की बारी बंधी हुई है। मौके पर चल रही आड़ से पानी लगाकर फसल बिजाई की हुई है। लेकिन इमामदीन पुत्र अहमद्दीन, मुसे खां, मुसाफर खां पुत्र इमामदीन की ओर से रंजिश के चलते छह जून की शाम को ट्रैक्टर के जरिए आड़ मिटाकर नष्ट कर दी गई। इससे उसकी सिंचाई व्यवस्था भंग हुई। रसीद मोहम्मद के अनुसार उसे अपने खेत में खड़ी नरमा की फसल में पानी देना है और 26 जून को पानी की बारी है। पानी की बारी आने से पूर्व मेरी मिटाई गई आड़ बहाल करवाई जाए ताकि उसके खेत में खड़ी फसल की सिंचाई की जा सके।

# हत्या प्रयास की धारा जोड़ आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

### खुइयां थाना में दर्ज प्रकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



खुइयां पुलिस थाना में अनुसूचित जाति के व्यक्ति की ओर से दर्ज करवाए गए दो अलग-अलग प्रकरणों में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग के संबंध में नायक समाज के नागरिकों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान प्रदेश नायक महासभा के जिलाध्यक्ष निरंजन नायक ने बताया कि गांव खुइयां निवासी इन्द्राज पुत्र भगतुराम नायक की ओर से रविवार को सुमित सिंह, हरलाल सिंह, कल्याण सिंह, महेन्द्र सिंह, सज्जन सिंह, उपेन्द्र सिंह, राजूसिंह, बजरंग सिंह, पवन सिंह, परमेश्वर सिंह, प्रद्युमन सिंह, सोमवीर सिंह, बाबू सिंह राजपूत निवासी खुइयां के खिलाफ खुइयां पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जमीन पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से यह लोग पिकअप, ट्रैक्टर लेकर व लाठियों से लैस होकर इन्द्राज के खेत में घुसे। जान से मारने के उद्देश्य से ट्रैक्टर से इन्द्राज के टक्कर मारी। इन्द्राज के परिवार के सदस्यों पर ट्रैक्टर व पिकअप चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया। ट्रैक्टर से टक्कर मारकर झोंपड़ी तोड़ दी तथा जाति सूचक गालियां निकाली। इन सबमें इन्द्राज घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। निरंजन नायक ने आरोप लगाया कि पुलिस ने किसी के प्रभाव व आरोपियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुकदमे में हत्या प्रयास की धारा नहीं जोड़ी। न ही अभी तक नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में भी इन आरोपियों के खिलाफ खुइयां पुलिस थाना में 31 दिसम्बर 2023 को मुकदमा दर्ज करवाया गया था। उसमें भी आज तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। न ही किसी भी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं तथा वे समाज के व्यक्ति को जान से मारने की कोशिश कर रहे हैं। निरंजन नायक ने कहा कि इस घटना व पुलिस की ओर से उचित कार्रवाई न किए जाने से सम्पूर्ण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समाज में रोष है। नायक समाज के नागरिकों ने एसपी से मांग कि इन्द्राज की ओर से दर्ज करवाए गए मुकदमे में नामजद आरोपियों के खिलाफ शीघ कार्रवाई कर उन्हें तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने के आदेश खुइयां थाना पुलिस को दिए जाएं। साथ ही रविवार को दर्ज मुकदमे में हत्या प्रयास के आरोप संबंधी धारा जोड़ी जाए। नायक समाज के नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो पूरा समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मनीष गोदारा, नारायण नायक, रेवंतराम पंवार, महेन्द्र, कालूराम, लालचन्द, पवन कुमार, रणवीर, मुकेश, दयाराम, विनोद कुमार, धर्मपाल, जगदीश, मनीराम आदि मौजूद थे।

# नुकसान से बचाव के लिए की जाए ठोस प्लानिंग

### घग्घर नदी बोर्ड बनाने की मांग विधानसभा में उठाने के लिए प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



घग्घर नदी बोर्ड बनाने की मांग विधानसभा में उठाने के लिए भाजपा के पूर्व प्रवक्ता जसप्रीत सिंह ने जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सिद्धू ने सुमित गोदारा को हनुमानगढ़ जिले का जिला प्रभारी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री होने के नाते घग्घर की समस्या को समझना व उसका निस्तारण करना प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि घग्घर नदी बहाव क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के जिले आते हैं। पिछले वर्ष बारिश के दौरान नदी में जल स्तर अत्यधिक बढ़ जाने से पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में बाढ़ के चलते भारी नुकसान हुआ। पिछले वर्ष बारिश के दौरान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी, हनुमानगढ़ और पीलीबंगा तहसील में घग्घर नदी का पानी खतरे के निशान पर रहा और करीब पंद्रह दिनों तक बाढ़ का खतरा मंडराता रहा। गांव के स्थानीय लोगों, सरपंचों, जिला प्रशासन और जिला मुख्यालय पर नगर परिषद के अथक प्रयासों से बड़ी मुश्किल से बचाव हो पाया। हनुमानगढ़ शहर के लोग पिछले वर्षों में बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर लगातार कई दिनों तक डर के साए में जीने को मजबूर हुए। ऐसा फिर न हो। इससे पूर्व वर्ष 1988 और 1995 में भी घग्घर नदी में अत्यधिक पानी आने के चलते हनुमानगढ़ शहर पानी में डूब गया था और शहर को काफी नुकसान हुआ था। जसप्रीत सिंह ने बताया कि इन परिस्थितियों को देखते हुए हनुमानगढ़ जिले के आमजन की यह मांग है कि हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का एक जॉइंट घग्घर बोर्ड बनना चाहिए। इसमें पिछले वर्षों घग्घर नदी में पानी के अत्यधिक बहाव से हुए नुकसान का आकलन हो और भविष्य में इस प्रकार का नुकसान फिर न हो। इसको लेकर ठोस प्लानिंग की जाए ताकि घग्घर नदी में पानी की आवक बढ़ने पर लोग डर महसूस न करें। साथ ही घग्घर नदी के पानी का फसलों के लिए उपयोग किया जा सके। जसप्रीत सिंह ने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने उक्त समस्या को विधानसभा में उठाकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# दुष्कर्म-हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



### अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कमेटी ने करौली जिले की हिण्डौन सिटी में मूक-बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने की घटना में संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में समिति सदस्यों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस घटनाक्रम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले समिति सदस्य श्रीगंगानगर मार्ग स्थित लाल चौक पर एकत्रित हुई। यहां से नारेबाजी करते हुए एसपी ऑफिस पहुंची। पंचायत समिति पीलीबंगा की पूर्व उपप्रधान कमला मेघवाल ने कहा कि 9 मई को करौली जिले की हिण्डौन सिटी में आदिवासी दलित समाज की 11 वर्षीय मूक बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद उसे पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। करीब 10 दिनों तक जिन्दगी और मौत के बीच जूझते हुए 19 मई को पीड़िता की मृत्यु हो गई। इस घटनाक्रम के खिलाफ 5 जून से सभी महिला संगठन जयपुर के शहीद समारक पर लगातार धरने पर डटे हुए हैं। चन्द्रकला वर्मा ने कहा कि राजस्थान के अन्दर इस तरह की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। इन घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हिण्डौन सिटी में हुए घटनाक्रम में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाई जाए। इस मौके पर सर्वजीत कौर, सुमन, पूनम, प्रियंका, संगीता, सीमा, सुनीता, सिया, रघुवीर वर्मा आदि मौजूद थे।

# जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भाईचारा ऑर्गेनाइजेशन के फाउंडर विक्रम धूड़िया ने सोमवार को अपने 31वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए टाउन की गोशाला में पौधारोपण किया। विक्रम धूड़िया ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से हर साल तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में पौधारोपण की महत्ता और बढ़ गई है। हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन सहित परिवार में खुशी के अन्य मौके पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। गोशाला समिति अध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि वर्तमान में 50 डिग्री के आसपास अधिकतम तापमान दर्ज किया जा रहा है। आगामी दिनों में मानसून शुरू हो रहा है। यदि बढ़ते तापमान को नीचे लाना है तो हरियाली होना बहुत जरूरी है। पौधारोपण की मुहिम चलाई जानी चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को एक-एक पौधा लगाकर उनका बच्चे की तरह पालन-पोषण करना चाहिए। पौधा लगाने के बाद उसके बड़े होने तक देखभाल करने भी जरूरी है। इस मौके पर भाईचारा ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष वेदु झोरड़, सचिव रोमिल काठपाल, सहसचिव गुरप्रीत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण झोरड़, उपाध्यक्ष राजू, प्रदीप पाल, लखविन्द्र सिंह, जीएस धूड़िया, मुकुंद ओझा मौजूद थे।

# वृद्ध आश्रम में इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्र भेंट

### साइबर क्राइम से बचने के लिए दी उपयोगी जानकारी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन स्थित अपना घर वृद्धा आश्रम में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ओमप्रकाश मोहता परिवार की ओर से मंदिर में आरती के समय उपयोगी स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्र (नगाड़ा, घंटी) भेंट किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश मोहता ने बताया कि जब इस इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्र की आवाज लोगों के कानों में पहुंचती है तो पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं और कई घंटों तक लोग इसे सुनकर मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। ओमप्रकाश मोहता की बेटी पूजा मोहता ने मौजूद नागरिकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि आज के समय में साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। इसके लिए हमें जागरूक रहने की जरूरत है। यदि कोई अनजान व्यक्ति आपके परिवार की आईडी से फोन पर बहाना बनाकर आपका हितैषी बनकर आपके परिवार के सदस्य के लिए पैसा मांगता है तो उसकी पहले अपने स्तर से जानकारी करें। किसी भी प्रकार का पिन, ओटीपी किसी से भी सांझा न करें। अपने किसी भी पासवर्ड में कभी भी जन्म तिथि या नाम का उल्लेख न करें क्योंकि आपके आधार आदि दस्तावेजों में जन्मतिथि व नाम लिखा हुआ होता है। पासवर्ड में ये सब लिखा होने के कारण साइबर क्राइम करने वाले अपराधी कभी भी आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। इस मौके पर ममता मोहता, पूजा मोहता, उदिति मोहता, मयंक मोहता, श्री अरोड़ा खत्री पंजाबी महासभा प्रदेशाध्यक्ष सुमित सुखीजा, जिलाध्यक्ष भवनेश ग्रोवर, अपना घर वृद्धाश्रम अध्यक्ष रामलुभाया तिन्ना, सचिव कपिल कालड़ा, कोषाध्यक्ष यशपाल लाकड़ी, अशोक बजाज आदि मौजूद रहे।

# कथावाचक बेला पारीक ने मांगी सुख समृद्धि की कामना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मातृ भूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय संयोजक विदुषी कथावाचक बेला पारीक ने हनुमानगढ़ देवभूमि स्थित काशी विश्वनाथ महादेव मन्दिर में माथा टेककर देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इनके साथ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक सहित नवज्योती मूक बधिर विद्यालय के संस्थापक भीष्म कौशिक सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। मातृ भूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय संयोजक विदुषी कथावाचक बेला पारीक ने कहा कि हनुमानगढ़ में महादेव का इतना भव्य मन्दिर गौरव की बात है। हनुमानगढ़ की धरा पर धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों के कारण भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा है। कार्यक्रम के अंत में श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अश्वनी नारंग, सीमा नारंग ने विदुषी बेला पारीक का चुनरी ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर समिति के महावीर शर्मा, रत्तीराम शाक्य, चिमन मित्तल व समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी का 28वां महाप्रयाण दिवस मनाया

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन में गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी का 28वां महाप्रयाण दिवस मनाया गया। टाऊन तेरापंथ सभा के तत्वाधान में आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री सुदर्शना श्री जी ठाणा-5 के सानिध्य में तेरापथ सभा भवन में तेरापथ के नवम आचार्य श्री तुलसी का 28 वां महाप्रयाण दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साध्वी श्री सुदर्शना श्री जी ने आचार्य तुलसी के प्रशासन कोशल, अध्ययन कोशल के साथ व्यक्तित्व निर्माता के रूप में आचार्य श्री तुलसी की अभिवन्दना की। साधवी श्री पुनितयशा जी ने महाप्राण गुरुदेव तुलसी की व्याख्या प्राणों के समन्वित पुंज के रूप में की। साध्वी श्री प्रगति प्रभा जी ने आचार्य श्री के बहुआयामी व्यक्तित्व को बताते हुए आचार्य श्री तुलसी से सम्बंधित रोचक घटनाओ की अभिव्यक्ति की। तेरापंथ महिला मंडल ने इस अवसर पर आचार्य तुलसी के काव्य में झांकता व्यक्तित्व विषय पर प्रस्तुति दी। वरिष्ठ श्रावक डॉ पारस जैन तेरापंथ सभा अध्यक्ष संजय कुमार जैन एवं तेयुप अध्यक्ष गोरव बैद, आंचलिक अध्यक्ष प्रकाश जैन, कृष्ण जैन विनोद बांठिया, राजेन्द्र बैद , पीलीबंगा सभा अध्यक्ष मालचन्द पुगलिया एडवोकेट जस्सल एव पुष्पा नाहटा ने आचार्य श्री तुलसी के प्रति अपनी श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञानशाला के बच्चो ने मंगलाचरण से किया कार्यक्रम का संयोजन साध्वी प्रणति प्रभा जी ने किया। कार्यक्रम का दूसरा आयाम तेरापंथ सभा व युवक परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का रखा गया। जिसमें जैन संस्कार विधि द्वारा तेरापंथ सभा अध्यक्ष संजय बांठिया सचिव मनोज राखेचा कोषाध्यक्ष राजेश जैन तेयुप अध्यक्ष गोरव बैद मंत्री अंकुर बांठिया कोषाध्यक्ष मुदित बोथरा ने अपनी पूरी टीम के साथ शपथ ग्रहण की जैन संस्कारक की भूमिका राज कुमार छाजेड़, सतीश पुगलिया एवं रोहित दुग्गड़ ने निभाई। कार्यक्रम के उपरांत सचिव मनोज राखेचा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए सम्पर्क करें
विकास शर्मा
99585-95529
श्वेता शर्मा
97839-11999


# नशा मुक्ति अभियानः एमजीएम राजकीय चिकित्सालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





नशा मुक्ति अभियान के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त जिला अभियान के तहत चिकित्सा विभाग हनुमानगढ़ द्वारा एनटीसीपी के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षक (ट्रेनर) तैयार करने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ एवं एनटीसीपी जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओपी सोलंकी ने जिले के प्रत्येक खंड से एक-एक ट्रेनर, जिला मुख्यालय से चार ट्रेनर एवं एनसीडी काउंसलर आदि को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा इस प्रशिक्षण के उपरांत जिले में प्रत्येक चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक, आशा एवं एएनएम तथा अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को नशे से बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. ओपी सोलंकी ने कार्यशाला में हनुमानगढ़ में बढ़ रही नशे की समस्या, नशा क्या है एवं कैसे उपचार किया जा सकता है, के बारे में विस्तार से बताया। नशा मुक्त हनुमानगढ़ कार्यक्रम के अनुसार आगामी चरण में आशा एएनएम द्वारा प्रत्येक घर में नशे से संबंधित सर्वे किया जाएगा तथा सर्वे के बाद खंड स्तर पर लगने वाले राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित कैम्प में मरीज को रेफर किया जाएगा। मरीजों का काउंसलिंग एवं उपचार किया जाएगा एवं आवश्यकता होने पर मरीज को भर्ती करने हेतु राजकीय जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ में रेफर किया जाएगा। कार्यशाला में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील विद्यार्थी, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप चौहान, जिले के समस्त मनोरोग विशेषज्ञ, एनसीडी काउंसलर, जिला तंबाकू नियंत्रण पर प्रकोष्ठ से श्रीमती अंजू बाला, त्रिलोकेश्वर शर्मा, जिला चिकित्सालय से श्रीमती मिनाक्षी, सुनील कुमार शर्मा डीआईसी मैनेजर उपस्थित रहे।








# कल्कि 2898 एडी में उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

कल्कि 2898 एडी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे देखने के बाद दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और दर्शकों को उम्मीद है कि बस चंद दिनों में कुछ अलग देखने को मिलेगा। देखने की बात चली है तो बता दें कि फिल्म के नए ट्रेलर में एक नया किरदार भी देखने को मिला है, जिसके बारे में अब तक कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही थी।

### उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

दरअसल, कल्कि 2898 एडी के नए ट्रेलर में अभिनेत्री मालविका नायर की भी झलक देखने को मिली है, जिसके बाद अब उनके किरदार को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मालविका इस फिल्म में महाभारत की उत्तरा का किरदार निभा रही हैं, जो अर्जुन के बेटे अभिमन्यु की पत्नी होती है। ट्रेलर में उन पर ब्रह्मास्त्र के जरिए हमला होता हुआ दिखाई देता है। बता दें कि अश्वत्थामा उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाता है क्योंकि वो पांडवों को नहीं मार पाता है। बाद में, भगवान कृष्ण उसके बच्चे की जान बचाते हैं।

### 27 जून को होगी रिलीज

कल्कि 2898 एडी का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। फिल्म 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी और कमल हासन मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज द्वारा किया गया है। संतोष नारायणन ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। यह एक काफी लंबी फिल्म है, जिसकी अवधि 3 घंटे और 56 सेकेंड है। फिल्म सेंसर बोर्ड से हरी झंडी पा चुकी है। इसे यू/ए प्रमाण पत्र दिया गया है।



# हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुतली हैं

हिन्दी सिनेमा में पिछले एक दशक से एक ऐसा चरित्र अभिनेता उभरा है, जिसने अपने अभिनय के दम पर दर्शकों को आकर्षित करने में बड़ी कामयाबी प्राप्त की है। उसकी अभिनय क्षमता ने निर्देशकों को उसके लिए भूमिकाएँ लिखने को मजबूर किया है। इस अभिनेता ने न सिर्फ फिल्मों में अपितु वेब सीरीज में अपनी एक अलग पहचान कायम की है। यह अभिनेता हैं पंकज त्रिपाठी, जो इन दिनों अपनी वेब सीरीज मिर्जापुर 3 को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया गया था। पंकज त्रिपाठी ने मुंबई के बांद्रा में मिर्जापुर के तीसरे सीजन के ट्रेलर लॉन्च में कहा है कि अभिनेता सिर्फ कठपुतली होते हैं और वही करते हैं जो लेखक या निर्देशक उनसे कहते हैं।

मिर्जापुर 3 के ट्रेलर लॉन्च में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पैन्यूली, हर्षिता शेखर गौर और शीबा चड्ढा के साथ शामिल हुए। पंकज त्रिपाठी ने एमसी से कहा, हम अभिनेता सिर्फ कठपुतली हैं। लेखक और निर्देशक शो चलाते हैं और कहानी को अच्छे तारीके से पेश करते हैं। अभिनेता के रूप में, हम वही करते हैं जो हमें बताया जाता है या जो हमें करने को कहा जाता है। इसके बाद अभिनेता ने बयान में थोड़ा सुधार किया और आगे कहा, चलिए... ठीक है, जैसा ऊपर वाला हमसे करवा रहा है और हम कर रहे हैं, हम जिंदगी भी भगवान के हिसाब से जी रहे हैं। मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं क्योंकि हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुतली हैं। मुझे लगता है कि सब लोग अपनी-अपनी जगह सही हैं। मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेंथुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, प्रमोद पाठक, शेरनवाज जिजिना, मेघना मलिक, मनु ऋषि चड्ढा, नेहा सरगम, लिलिपुट फारूकी, अलका अमीन, अनंगशा बिस्वास, शाहनवाज प्रधान, रोहित तिवारी, प्रशंसा शर्मा, अनिल जॉर्ज एक बार फिर धमाका करते नजर आने वाले हैं।

# दिव्या खोसला स्टारर फिल्म हीरो हीरोइन में नजर आएंगी प्रियंका चाहर चौधरी

**एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं।**

प्रियंका ने कहा कि मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही है। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है।

प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार है, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी है। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आई।



# चंदू चैंपियन की मुरीद हुईं विद्या

विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन देखी और उन्हें ये खूब पसंद भी आई और अब उन्होंने इसकी समीक्षा की है। विद्या फिल्म की स्क्रीनिंग में भी शामिल हुई थीं, अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कार्तिक और फिल्म की तारीफ की। विद्या ने चंदू चैंपियन की मनोरंजक कहानी के लिए कार्तिक आर्यन और कबीर खान की सराहना की और प्यार भी लुटाया। उन्होंने सभी को पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर की इस रोमांचक कहानी को देखने की सलाह दी, उन्होंने कार्तिक की मेहनत को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि वे कहानी देख के चौंक गई, क्योंकि वह प्रेरणादायक थी और कार्तिक को अपना प्यार भेजा और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुझे फिल्म की कहानी बहुत पसंद आई और कार्तिक ने बहुत मेहनत की है और ऐसे ही वे आगे बढ़ते रहें।



# साई केतन राव ने अभिनय के लिए छोड़ दी थी अच्छी खासी नौकरी

बिग बॉस ओटीटी 3 के प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। आइए जानते हैं कैसे और कहां से शुरू हुआ बिग बॉस ओटीटी 3 के इस प्रतिभागी का ये सफर।

### अभिनय के लिए छोड़ी नौकरी

साई केतन राव का ताल्लुक महाराष्ट्र के लोनावाला से है। उनका जन्म यहीं के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। हालांकि, वह तेलंगाना, हैदराबाद में जा कर बस गए। उनके पिता एक आर्किटेक्ट हैं और उनकी मां न्यूट्रिशनिस्ट हैं। साई ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक और फिर एमबीए किया। इसके बाद उन्होंने एक ऑस्ट्रेलियन कंपनी में नौकरी शुरू की, लेकिन बचपन से ही उन्हें अभिनय से लगाव था। इस वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ रामानायडू फिल्म स्कूल में दाखिला लिया। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने शॉर्ट फिल्मों से शुरुआत की। अभी उनकी अपनी एक प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम ऑरम मोशन पिक्चर्स है।

### मेंहदी है रचने वाली से टीवी पर मिली पहचान

साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो मेंहदी है रचने वाली में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने चाशनी और इमली जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने थ्री हाफ बॉटल्स, लव स्टूडियो, लवली, अहम ब्रह्मास्मि, स्ट्रेंजर्स आदि सीरीज में काम किया है।



# इमरान हाशमी ने ठुकराया था आशिकी 2 का ऑफर

आशिकी 2 फिल्म से श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी ने जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म के गाने इतने कमाल के थे कि लोग आज भी उन्हें सुनते हैं। आशिकी 2 से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि आदित्य रॉय कपूर इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे। उनके द्वारा निभाए गए राहुल के रोल के लिए पहले इमरान हाशमी से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने यह किरदार निभाने से मना कर दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान का मानना था कि इस फिल्म की कहानी के हिसाब से किसी नए अभिनेता को लेना ज्यादा सही रहेगा बाद में, जब फिल्म रिलीज हुई तो इमरान हाशमी की बात एकदम सही साबित हुई।



# रौतू का राज में फिर पुलिस ऑफिसर बनकर लौटे नवाजुद्दीन

**कहानी, रईस और रात अकेली है के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस ऑफिसर के किरदार में फिल्म रौतू का राज' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 28 जून से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अलावा राजेश कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर नवाजुद्दीन ने खास बातचीत के दौरान दिलचस्प बातों का खुलासा किया।**

नवाज ने बताया कि एक बार कमल हासन ने एक ऐसा टास्क दे दिया था कि उनकी रातें खराब हो गई थी। लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उनके टास्क के वजह से एक ही किरदार को अगल- अलग तरीके से निभाने की प्रेरणा मिली।

### नवाज भाई आप बताए, इस फिल्म में ऐसी कौन सी बात आपको खास लगी?

इस फिल्म का किरदार मुझे काफी अलग लगा। हालांकि मैंने पहले भी कॉप के किरदार निभाए हैं। लेकिन इस फिल्म में कॉप का जो किरदार है, वो अंदर से बहुत अलग इंसान है। इन्वेस्टिगेशन के माध्यम से जब वो प्योरिटी की तरफ जाता है। उसमें आग नजर आता है। वह मुझे बहुत अच्छा लगा। फिल्म की राइटिंग बहुत इंट्रेस्टिंग है।

### आपको वर्दी वाले किरदार में देखना दर्शक भी बहुत पसंद करते हैं, यह किरदार आप पर सूट भी बहुत करता है?

ऐसी बात इसलिए हो रही है, क्योंकि यह फिल्म आ रही है। पहले गैंगस्टर की फिल्में आती थी तो लोग कहते थे कि गैंगस्टर के रोल में अच्छे लग रहे हैं। जब आप एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से करते हैं, तो उसमें आपकी स्किल देखी जाती है। इसी स्किल के चक्कर में एक बार कमल हासन साहब ने एक बड़ा टास्क दे दिया था।

### क्या था वह टास्क?

एक बार मैं कमल हसन साहब के साथ बैठा हुआ था। यह बहुत पहले की बात है। कमल सर जब 'अभय' और 'हे राम' फिल्म के दौरान मुंबई आते थे तो मुझे और स्वानंद को बुला लेते थे। हम लोग एक्टिंग पर डिस्कस करते थे। मैंने कमल सर को तुगलग प्ले की स्पीच सुनाई। स्पीच सुनने के बाद कमल जी ने एक टास्क दिया। वो बोले कि अगली बार जब मिलेंगे तो इसके पांच वर्जन सुनाना। मैं यह सुनकर शॉक्ड हो गया। वो बोलकर चले गए और हमारी रातें खराब हो गई। लेकिन हमें बाद में समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उसी वजह से आज एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से निभा पाता हूं।

### दीपक नेगी के किरदार के लिए किस तरह की तैयारी करनी पड़ी?

मैंने इस किरदार के लिए कुछ ज्यादा तैयारी नहीं की थी। जिस गांव में फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। जब वहां पहुंचे तो हमारी बॉडी खुद ही रिएक्ट करने लगी। हमें वहां एक्टिंग करने की जरूरत ही नहीं पड़ी। सीन की जैसी डिमांड थी, हम वैसा ही कर रहे थे। हमें लग रहा था कि बात ही तो कर रहे हैं और कैमरा हमें फॉलो कर रहा है।

### इस फिल्म की यूएसपी क्या है?

यह ऐसी थ्रिलर फिल्म है, जिसमें ड्रामा नहीं है। एकदम स्लो मोमेंट में फिल्म की कहानी चलती रहती है। यही इस फिल्म की खूबसूरती है। इसमें किरदार भी मुझे इसलिए पसंद आया, क्योंकि इन्वेस्टिगेशन करते- करते उसकी खुद की कंप्लीसिटी उसके साथ चलती है। जिन चीजों से वह काफी समय से जूझ रहा था इन्वेस्टिगेशन के साथ-साथ वह भी पूरा होता है।

# बिग बॉस ओटीटी 3 को लेकर मन्नारा एक्साइटेड

बिग बॉस ओटीटी 3 का आज रात प्रीमियर हो गया है। फैंस के साथ-साथ मन्नारा भी इस सीजन के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

हाल ही में, मन्नारा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मन्नारा से पूछा गया कि इस बार की सीजन कैसा होने वाला है। इस पर मन्नारा ने कहा, शो झक्कास होने वाला है, बस इस बार शो में कपल्स न आए। फैंस भी मन्नारा की इस बात पर अपनी सहमति जता रहे हैं।



# भारत विकास परिषद शाखा सूरतगढ़ के द्वितीय जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

तेज | रिपोर्टर सूरतगढ़



भारत विकास परिषद शाखा सूरतगढ़ द्वारा द्वितीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जी हेल्प कोचिंग सेंटर में किया गया। जिसमें गंगानगर हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले की 18 शाखाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, संपर्क प्रमुख, महिला संयोजिका, प्रान्तीय/ क्षेत्रीय दायित्वधारी. जिला समन्वयक, सह जिला समन्वयक, प्रांतीय संयुक्त सचिव उपस्थित हुवे। सर्वप्रथम सभी आगंतुकों का पवन खुराना, एल डी गुरनानी, सुनील सिंघल सुरेश कोठारी, कमलेश पांडे, आशकर्ण सोनी आदि ने अर्पना पहना कर व तिलक लगा कर स्वागत किया गया शाखा सचिव राजेंद्र सारस्वत द्वारा प्रथम सत्र में मंच संचालन किया व अतिथियों को मंचासीन करने के बाद मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन की विधिवत शुरू किया गया। शाखा सरक्षक के एल बंसल द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इसके बाद प्रांतीय महा सचिव विशव बंधु गुप्ता द्वारा पुरे क्रायकर्म का संचालन किया गया। भारत विकास परिषद उत्तर प्रांत के यह कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढा ने सर्वप्रथम कार्य शाला का उद्देश्य, भारत विकास परिषद के उद्देश्य, लक्ष्य व अवधारणा विषय पर प्रकाश डाला। कुछ ने नियमो की जानकारी दी। समूह बैठक के दौरान शाखाओ को संगठन विस्तार व आर्थिक शुचिता, व शाखा के प्रति प्रतिबद्धता आदि विषयो पर मार्गदर्शन किया। क्षेत्रीय प्रकल्प प्रमुख घनश्याम शर्मा जी ने आज के परिप्रेक्ष्य मे कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता पर गंभीर चर्चा की व इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रांतीय अध्यक्ष रितेश अरोड़ा ने अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संपर्क प्रमुख, महिला प्रमुख आदि के कार्यो का उल्लेख किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संजय जिंदल ने संपर्क की महत्ता बताते हुए बताया कि शाखा को आंतरिक व बाहरी रूप से संपर्क द्वारा सशक्त बनाया जाए। प्रांतीय महासचिव ने संगठन विस्तार व संगठन सबंधित रिपोर्ट पर जानकारी दी। प्रांतीय संयुक्त सचिव योगेन्द्र भाटी ने गुरू वंदन छात्र अभिनंदन की आज के परिप्रेक्ष्य मे महत्व बताया। प्रांतीय महिला समन्वयक डॉक्टर दीप्ति वाहल ने महिलाओ की प्रांतीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी बढ़ाने व महिलाओ मे एनीमिया को लेकर जागरूकता बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम करने को कहा। प्रांतीय जिला समन्वयक सूरतगढ अंकुर लडोइया ने प्रोटोकोल विषय पर सारगर्भित जानकारी दी। प्रांतीय विकास रत्न/विकास मित्र प्रकल्प प्रमुख तरसेम चंद तायल ने नए 7 विकास मित्रो की घोषणा की। अंत मे दोनो समूह बैठको की समीक्षा के लिए प्रांतीय संगठन सचिव ओम सिंह बिजारनिया जी व प्रांतीय सह संगठन सचिव श्री अरूण अरोड़ा जी ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में शाखा अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा द्वारा सभी मेहमानों का धन्यवाद किया गया। आज की कार्य शाला अपने उद्देश्य को पूर्ण करती हुई व सभी शाखाओ से आए दायित्व वान सदस्यो के लिए काफी महत्वपूर्ण रही। शाखा के कोषाध्यक्ष नवीन खेमका, संगठन सचिव रमेश आसवानी, पवन मुंजाल, पुनीत दुआ, अशोक मखीजा, पंकज शर्मा, रमेश शर्मा, पी सी चुघा, लवली कल्सी, संजीव मदान व सौरभ आहूजा ने सभी व्यवस्थाएं संभाली अंत में भोजन व्यवस्था की गई।

# डींगवाला के दिव्यांगजन जगदीश तंवर को तीन माह से पेंशन नहीं मिलने से व्यथित

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



तीन माह से पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांगजन व्यथित हैं। डींगवाला निवासी दिव्यांग जगदीश कुमार तंवर ने बताया कि बीते तीन माह से उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत दिव्यांगजन पेंशन नहीं मिली है, जिनसे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।राज्य सरकार द्वारा उन्हें लाभान्वित करते हुए पेंशन राशि में बढ़ोतरी करना तो दूर पूर्व में मिल रही 1000 रुपए की दिव्यांग पेंशन भी मार्च माह के बाद उनके बैंक खाता में जमा नहीं हुई है। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के कारण जगदीश पेंशन की इस राशि पर ही डिपेंड है, जीवोकीपर्जन का अन्य कोई साधन नहीं होने एवं रोजमर्रा के खर्च आदि इसी पेंशन से निकलने वाले जगदीश तंवर ने बताया कि वे रोजाना गांव की बैंक बीसी एवं ईमित्र से संपर्क करते हैं जहां उन्हें पेंशन नहीं आने की सूचना मिलती है एवम पंचायत समिति में संपर्क करने को कहा जाता है।भीषण गर्मी में लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय कर पीलीबंगा पहुंचकर पंचायत समिति में पेंशन की जानकारी जुटाना उनके बूते से बाहर है।बता दें कि बीते लगभग 10 वर्ष से उन्हें यह पेंशन मिल रही है लेकिन अब निरंतरता के अभाव में पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांगजन ने राज्य सरकार से शीघ्र ही खाते में पेंशन भिजवाने का आग्रह किया है।

# जनसंख्या पखवाड़े में अधिकाधिक लक्ष्य अर्जन व पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन के निर्देश



तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा की अध्यक्षता में ब्लॉक के समस्त चिकित्सा अधिकारियों व स्टाफ की मासिक बैठक पंचायत समिति सभागार में हुई। बीसीएमओ डा.अरोड़ा ने आगामी जनसंख्या पखवाड़े में अधिकाधिक नसबंदी केसेज लाने,परिवार कल्याण साधनों के प्रति जन जागरुकता अभियान चलाने, आगामी मानसून व बारिश को देखते हुए सर्वे व एंटीलार्वा एक्टिविटी करने,स्टाफ को निर्धारित समय पर सीएचसी/पीएचसी/सब सेंटर ड्यूटी उपस्थित होने, आवंटित रिपोर्टिंग कार्य की समय पर पूर्णता, एनसीडी स्क्रीनिंग व टीबी कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने, ओपीडी के अनुसार सैम्पल लेकर जांच करवाने, रोगियों संबंधित आवश्यक सेवाओं में सुधार करने, आमजन के साथ स्टाफ को शालीनतापूर्वक व्यवहार करने, संस्थान की साफ-सफाई व्यवस्था रखने, लक्ष्यानुसार जल के नमूने भी भिजवाने आदि से निर्देशित किया गया।इसके अलावा 30 जून से 2 जुलाई तक आयोजित प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने और ब्लॉक से शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करते हुए प्रत्येक बालक बालिका को दवा पिलाने,ईंट भट्ठे व हाई रिस्क क्षेत्र में सुपरवाइजर द्वारा विशेष ध्यान देकर गतिविधियों करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में संस्थागत प्रसव आयोजित करवाने, गुणवतापूर्ण एएनसी सेवा, प्रभारी द्वारा संस्थान व सैक्टर की नियमित मानिटरिंग करने, योजनाओं में लक्ष्यानुसार उपलब्धि अर्जित किया जाना सुनिश्चित करने के विभागीय आदेशों की भी जानकारी दी।बीपीओ राकेश जोशी द्वारा एचपीआईआर आईडी बनाने, यूविन एप्प, मौसमी बिमारियों की रिपोर्टिंग फार्मेट, एनसीडी एप्प, आईएच आईपी पोर्टल की एंट्री के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देकर समय पर सूचना भिजवाने व आनलाइन रिपोर्ट शत प्रतिशत करने से प्रशिक्षित किया।

## आचार्य तुलसी के 28वें महाप्रयाण दिवस पर ओमप्रकाश पुगलिया सम्मानित




**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** 'तुलसी मेरी दृष्टि में' अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में ओमप्रकाश जैन पुगलिया का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। बता दे कि आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान द्वारा 28 वे महाप्रयाण दिवस पर अखिल भारतीय स्तर की आयोजित 'तुलसी मेरी दृष्टि में' अभिव्यक्ति प्रतियोगिता के प्रथम दस में स्थान प्राप्त करने पर सोमवार को तेरापंथ सभा के संगठन मंत्री ओमप्रकाश जैन पुगलिया को स्मृति चिन्ह, दुपट्टा, साहित्य एवं दो हजार एक सौ रुपए के पुरस्कार से गंगाशहर में सम्मानित किया गया।

## नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन कैंप आज

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** शाह सतनाम जी जनरल हॉस्पिटल श्री गुरुसर मोडिया में मंगलवार को निशुल्क नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन कैंप लगेगा। स्वास्थ्य मार्गदर्शन गुरुसेवक इंसा ने बताया कि इस शिविर में आंखों की समस्त बीमारियों की अत्याधुनिक मशीनों से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क जांच करते हुए सफेद मोतिया के ऑपरेशन भी फ्री में किए जाएंगे कैंप में इसके अलावा फेंको पद्धति द्वारा विदेशी लेंस डालने की सुविधा भी मिलेगी। मरीजों को अपना पंजीयन पहले आओ,पहले पाओ के आधार पर करवाना होगा। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 तक का रहेगा।

# मानकथेड़ी में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



ग्राम पंचायत मानकथेड़ी के पंचायत घर में सोमवार को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम सरपंच कृष्ण लाल भांभू की अध्यक्षता में हुआ।पुलिस कार्मिक हैड कांस्टेबल श्रवण कुमार और कांस्टेबल विनोद लेघा ने आमजन को नशे से दूर रहने के अपील करते हुए ग्रामीण इलाकों नशे बेचने वाले एवं इस अवैध कार्य में शामिल व्यक्तियों की सूचना प्रशासन को देने एवं युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए बड़े बुजुर्गों को भी अपना दायित्व निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर सरपंच कृष्ण लाल भांभू, मनसा राम नायक,मानाराम, श्योपत राम मेघवाल, आत्माराम मेघवाल, मनोहरी देवी, कृष्णा देवी भाटी, राजकुमार भाटी, रामकुमार प्यारा राम, बूटा सिंह, शोभित बिश्नोई, विजय कुमार, राहुल सहारान, प्रेम भाटी, दौलत राम चौहान, सुभाष कुमार, चंद्रभान, प्रदीप कुमार भांभू, भंवरलाल, हरिमोहन, रामचंद्र भांभू सहित युवा एवं बुजुर्ग मौजूद रहे। कृषि पर्यवेक्षक सत्यनारायण घिंटाला ने ग्रामीणों को कृषि विभाग एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताते हुए मूंग की 102 किट व बजरी की 37 निःशुल्क किसानों को बीज किट भी बांटी।सरपंच कृष्ण लाल भांभू ने सभी का आभार जताया।प्रोग्राम समापन पर युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# मिस्त्री मार्केट में अचानक पेयजल लाइन फटने से उठा 50 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा

**- विद्युत लाइन से हादसा होते बचा, लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल फोन में कैद किया**

तेज | रिपोर्टर थालड़का



स्थानीय गांव के मिस्त्री मार्केट मे सोमवार शाम लगभग 6.30 बजे गांव के वाटर वाटर्स से चकों एवं ढाणीयो में जाने वाले पेयजल पाइप लाइन अचानक से फट जाएगी। पेयजल पाइपलाइन से निकलने वाले पानी का भाव इतना तेज था कि लगभग 50 से 60 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा चला गया। आपको बता दें कि जहां पर पेयजल पाइप लाइन फटी वहां ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत लाइन जा रही थी। मगर गरीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर किसी ग्रामीण ने वाटर वर्क्स के कर्मचारियों को फोन कर पानी को बंद करवाया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पानी का इतना बड़ा फव्वारा देख लोगों में चर्चा का विषय बन गया। मौके पर पहुंचे हुए ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन में ऐसे नजारे को कैद करते हुए नजर आ रहे थे। मगर दूसरी तरफ सड़क पर चारों तरफ हजारों लीटर पानी भर गया। जागरूक ग्रामीणों ने बताया कि यह 8 इंची पेयजल पाइपलाइन चकों एवं ढाणीयो में जाती है मगर यहां पाइपलाइन का जॉइंट सही नहीं होने के कारण कई बार पानी निकलता रहता है। जलदाय विभाग के कर्मचारी आते हैं सही करते हैं और वापिस जॉइंट खुल जाता है।मगर जलदाय विभाग के कर्मचारी एवं उच्च अधिकारी इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहे हैं। और चकों एवं ढाणीयो के लोगों पेयजल के लिए तरस रहे हैं। अब आने वाला समय बताया कि कितने दिन में यह पेयजल पाइपलाइन सही होगी और लोगों के पास में पेयजल पहुंचेगी।

# रा.शि.संघ शेखावत ने किया स्कूलों में वृक्षारोपण अभियान का समर्थन

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

स्कूलों में वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए खड्डे खुदवाने का कार्य मनरेगा से कराने या अन्य संस्था ग्राम पंचायत अथवा नगर पालिका से करवाने की मांग की है। रा.शि.संघ शेखावत ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण अभियान का समर्थन किया है।संघ के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल व जिला मंत्री राम निवास ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए शिक्षक व विद्यार्थी तैयार है, जिसके लिए राज्य सरकार ने वृक्षारोपण अभियान का जो लक्ष्य दिया है संगठन उसका समर्थन करता है लेकिन प्रशासन ने जो खड्डे खुदवाने व पौधे खरीदने का जिम्मेदारी विद्यालय को दी गई है जो उचित नहीं है। सरकार पंचायती राज विभाग (मनरेगा) या किसी अन्य योजना के माध्यम खड्डे खुदवाने का सहयोग करें साथ ही सभी विद्यालय आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण सरकार को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराने चाहिए जिससे वृक्षारोपण कार्य सफल हो सके। बंसल ने बताया कि वर्षो से लंबित समस्त संवर्ग कि डीपीसी, तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक से व्यख्याता, व्याख्याता से प्रधानाचार्य एव डीईओ व शारीरिक शिक्षक की पदोन्नति शीघ्र करवाई जाये तथा शिक्षकों को समस्त गैर-शैक्षणिक कार्यो व कक्षा कक्ष से इतर करवाए जाने वाले ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यो से मुक्ति, समस्त संवर्गो कि एसीपी 9, 18, 27 व एमएसीपी परिलाभ समय पर दिए जाने, वेतन विसंगति, ओपीएस, पहली कक्षा में प्रवेश कि आयु 5 वर्ष रखने की मांगों पर सरकार द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्रवाई की जाये।

## गोलूवाला में 11 जनों की हुई नसबंदी



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** सीएचसी गोलूवाला में सोमवार को नसबंदी कैंप लगाया। बीसीएमओ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने एलएस पद्धति से 10 महिलाओं एवम एनएसवी पद्धति से एक पुरुष नसबंदी सहित कुल 11 जनों की नसबंदी करते हुए परिवार नियोजन का महत्व बताया एवम ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां एवं मौसम में हो रहे परिवर्तन से बचाव रखने का आग्रह किया। डॉ.चिराग मोदी ने ऑपरेशन करने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की। कैंप में डा. महिमा, गुरजीत सिंह, इंद्रा सिस्टर आदि ने सेवाएं दी।

# भागसर की कल्याण भूमि के पौधों को वाटर वर्क्स से पानी देने की मांग

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

पंचायत 6एसजीआर भागसर की कल्याण भूमि के पौधों को वाटर वर्क्स से पानी देने की मांग की है। नेहरु युवा मंडल अध्यक्ष भीमसेन पटीर ने पीएचईडी विभाग को ग्राम की कल्याण भूमि में संस्था सदस्यों द्वारा किए गए पौधारोपण की जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में पानी की कमी के चलते लगाए गए सैंकड़ों की संख्या में पौधे जल की अनुपलब्धता के कारण नष्ट हो रहे हैं। पूर्व में संस्था कार्यकर्ताओं ने अभियान चलाकर कल्याण भूमि में फलदार,फूलदार व छायादार किस्म के पौधे लगाए थे एवं पूर्व में पानी देते हुए उन्हें सींचने का भी कार्य निरंतर किया। फिलहाल जन सहयोग से केंट आदि की व्यवस्था कर इन पौधों को पानी दिया जा रहा है जोकि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मीको देखते हुए नाकाफी है, इसलिए विभाग से कल्याण भूमि तक पाइप लाइन लगवाकर इन पौधो के संरक्षण करने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# शोलापुर से प्रणीति शिंदे के निर्वाचन पर कांग्रेस नेता चौहान ने दी बधाई

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

महाराष्ट्र के सोलापुर से कांग्रेस नेता प्रणीति शिंदे के निर्वाचन पर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बधाई प्रेषित की है। चौहान ने बताया कि कांग्रेस नेता प्रणीति शिंदे महाराष्ट्र से पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता सुशील कुमार शिंदे की पुत्री हैं। प्रणीति काफी समय से महाराष्ट्र कांग्रेस में सक्रिय रह कर आमजन से जुड़े मुद्दे समय-समय पर उठाये हैं। प्रणीति के निर्वाचन से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी तथा एक बेहतर संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रणीति शिंदे दलितों व युवाओं में काफी लोकप्रिय नेता हैं। आने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। युवा नेत्री प्रणीति शिंदे का सांसद चुना जाना कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सिरसा के 853 परिवारों को आवंटित हुए प्लॉट

**- उपायुक्त ने सीडीएलयू के मल्टीपर्पज हॉल में ड्रा के माध्यम से किया प्लाटों का आवंटन**

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद



गरीब व्यक्ति के अपना घर होने के सपने को साकार करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों को ड्रा के माध्यम से 30 वर्ग गज के प्लॉट आवंटित किए गए हैं। सोमवार को उपायुक्त आर.के. सिंह ने स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सिरसा के सेक्टर-20 (पी-3) में ड्रा के माध्यम से प्लाटों का आवंटन किया। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि 26 जून बुधवार को माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रदेश के 14 शहरों के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अलॉट किए गए प्लाटों का प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि सिरसा जिला के 853 परिवारों को आज ड्रा के माध्यम से पहले चरण में एक मरला के प्लॉट अलॉट किए गए हैं जिनमें 53 परिवार घुमंतू जाति, 71 विधवा, 276 अनुसूचित जाति व 453 अन्य जाति के गरीब परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 13 सितंबर 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक प्लॉट के लिए आवेदन किया था, उनमें से सिरसा जिला के 853 परिवारों को प्रथम चरण में इस योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, ऐसे परिवारों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक मरला के प्लॉट ड्रा के माध्यम से अलॉट किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिसके तहत पहले चरण में सिरसा जिला के 853 परिवारों योजना का लाभ मिला है। इस अवसर पर डीएमसी सुरेंद्र, एसडीएम राजेंद्र, डीआईओ सिकंदर, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद अतर सिंह, सीवीटी सीमा सहित योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

# महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ें आगे: डॉ दर्शना सिंह

**- महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्ति करण के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित**

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद



महिलाएं स्वंय को सशक्त बनाए और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ दर्शना सिंह ने महिला सशक्तिकरण के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में आंगन वर्कर, आंगनवाड़ी हेल्पर, आशा वर्कर, कामकाजी महिलाओ ने भाग लिया । कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों से अवगत करताया गया। डॉ दर्शना सिंह ने कहा कि इस तरह के सेमिनार से महिलाओं को समाज मे आगे बढ़ने में प्रोत्साहन मिलता है।उन्होंने कहा कि महिलायें अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार व समाज को बेहतर बनाने में अपना सहयोग कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण में शिक्षा का महत्वपूर्ण रोल है, इसलिए महिलायें शिक्षित बनें। कृषि विज्ञान केन्द्र से रेणु ने महिला सशक्तिकरण, डा. मनप्रीत सामान्य अस्पताल से ने स्वच्छता व स्वास्थ्य, डॉ. गुरप्रीत कौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा पोस्को एक्ट, डॉ अंजना डूडी ने स्पोनसरशीप, मन्जु वन स्टाप सेन्टर से, पीपीओ रेखा ने घरेलू हिंसा पर अपना व्याख्यान दिया । कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के लिए दिये गए अधिकारो, समान वेतन का अधिकार, कार्य-स्थल में उत्पीड़न के खिलाफ कानून, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ कानून, संपति का अधिकार, गरिमा और शालीनता के लिए अधिकार आदि की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सुस्मीता सुपरवाईजर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मनदीप खैर, यशपाल, पायल, सोरभ, सभी सुपरवाईजर आदि उपस्थित थे।

# व्यवस्था की खामियां दूर करने से टलेंगे हादसे

सरबजीत अरजन सिंह

पिछले साल बालासोर, ओडिशा में 3 रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, जिसमें 296 यात्रियों की मृत्यु हुई और 1000 से अधिक घायल हुए। इसके पीछे वजह मानवीय चूक बताई गई। उम्मीद थी कि यह हादसा रेलवे को अपनी संचालन और रख-रखाव की प्रणाली की समीक्षा करके सुरक्षा में आगे सुधार लाने का निमित्त बनेगा, विशेषकर मानवीय चूक से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम करने में, किंतु लगता है यह उम्मीद झूठी निकली। अब 17 जून को पश्चिम बंगाल में नई जलपाईगुड़ी के पास एक जगह ठहरी कंचनजंगा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने पीछे से आकर टक्कर मारी, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 40 जख्मी हुए। इस दुर्घटना का दोष भी मानवीय चूक पर मढ़ दिया गया। हालांकि, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा की जा रही वैधानिक जांच अभी जारी है, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर कुछ बिंदु जोड़कर, जो हुआ होगा, हम उसका अंदाज़ा लगा सकते हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 17 जून के दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर रंगापानी और चैटरहाट स्टेशनों के बीच रेल-खंड में आसमानी बिजली गिरने से स्वचालित सिग्नल प्रणाली ठप्प पड़ गई, इसकी सूचना 6 बजकर 5 मिनट पर सिग्नल विभाग को प्रेषित कर दी गई। अब चूंकि निदान होने में वक्त लगना था तो सामान्य व सहायक नियमों के मुताबिक विभाग को पैदा हुई समस्या की घोषणा तुरंत कर देनी चाहिए थी, इससे होता यह कि कार्यप्रणाली का ढंग स्वचालित ब्लॉक सिग्नल व्यवस्था से बदलकर पूर्णरूपेण मानव-चालित व्यवस्था बन जाता, शायद तब हादसा टल जाता। फिलहाल अभी पता नहीं है कि ऐसा क्यों नहीं किया गया। नतीजतन, यह प्रखंड स्वचालित सिग्नल नियमों के मुताबिक काम करता रहा, जो ड्राइवरों को दोषपूर्ण सिग्नल पारित करने के लिए अधिकृत करता है। चूंकि स्वचालित क्षेत्रीय व्यवस्था लागू थी तो चालक के लिए गाड़ी की गति 15 किमी प्रतिघंटा तक सीमित रखना और प्रत्येक रेड सिग्नल पर 1 मिनट रुकना जरूरी था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सहित 6 रेलगाड़ियों ने इस संहिता की पालना की भी, लेकिन कंटेनर ले जा रही मालगाड़ी के चालक ने ऐसा नहीं किया, जिससे दुर्घटना घटी। यदि मालगाड़ी चालक ने भी उक्त निर्देशों का पालन किया होता तो टक्कर होने से बच जाती। साफ है, मालगाड़ी की रफ्तार 15 किमी प्रतिघंटा से कहीं अधिक थी। लोको ड्राइवरों के प्रवक्ता का कहना है कि 'पेपर लाइन क्लियर' (जिसमें इंजन चालक को अनुमति चिट थमाई जाती है) शायद जरूरी न थी क्योंकि चालक को सावधानी वाली गति बनाए रखते हुए सिग्नल पार करने का अधिकार होता है, चाहे वह खराब हो या न हो, वैसे भी स्वचालित सिग्नल प्रणाली का सारा प्रयोजन रेलगाड़ियों को, जितना संभव हो सके, अधिक से अधिक गाड़ियों को, उचित परस्पर नज़दीकी दूरी कायम रखते हुए चलाना है। उनके अनुसार, पेपर लाइन क्लियर चिट यदि थमाई होती तो इसका सीधा अर्थ है ऐसी परिस्थिति जिसमें चालक के लिए संहिता का पालन करना जरूरी नहीं और वह सामान्य गति से आगे बढ़ सकता है। लगता है, नई सिग्नल व्यवस्था के कार्यकारी-नियमों में यह एक असमंजसपूर्ण त्रुटि है (स्वचालित प्रणाली दो स्टेशनों के बीच एक वक्त में केवल एक ही रेलगाड़ी होने की अनुमति देने वाले कड़े ब्लॉक नियम के विपरीत है)। कर्मियों के विभिन्न स्तरों पर इन नियमों की यथेष्ट समझ न होना भी एक कारक हो सकता है। मानवीय चूक को वजह बताने वाले हादसों को रोकना इतना मुश्किल क्यों है? रेलवे द्वारा नई तकनीकें अपनाकर मानवीय दखलअंदाज़ी न्यूनतम करने के प्रयासों के बावजूद, मसलन, घरेलू तकनीक पर विकसित 'कवच' नामक रेल सुरक्षा प्रणाली- जो खतरे का सिग्नल पार करने के परिणामवश हुई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बनाई गई है- अभी भी हादसों की संख्या में मानवीय चूकों की हिस्सेदारी आधी है। यदि उक्त रेल-खंड में कवच व्यवस्था स्थापित की गई होती तो भले ही टक्कर होने से बच जाती लेकिन यह चालक को गलती करने से नहीं रोक पाती। तो आखिर क्या वजह है कि मानवीय चूक को खत्म कर पाना इतना मुश्किल है? वह इसलिए, क्योंकि यह असफलता का मुख्य कारक न होकर, व्यवस्था में गहरे तक समाई खामी का चिन्ह है। यह वह चीज़ है जिसकी स्वीकारोक्ति रेलवे विभाग द्वारा करना बाकी है। यह प्रवृत्ति मानवीय चूक को 'सड़े सेब' के नज़रिए से देखती और मानती है कि चंद गैर-भरोसेमंद की काहिली के सिवाय सुरक्षा व्यवस्था मूलतः चाक-चौबंद है, ऐसों की शिनाख्त कर उन्हें मिसाल के तौर पर पेश किया जाए। जबकि इस किस्म के तत्वों से छुटकारा पाने से समस्या हल नहीं होने वाली क्योंकि यह खामी व्यवस्थागत है। दुर्घटनाओं का ठीकरा मानवीय चूक के सिर फोड़ने के प्रसंगों की गिनती घटाने के लिए, रेलवे के शीर्ष कर्ताधर्ताओं को यह स्वीकार करना जरूरी है कि हादसे के जिम्मेवार लोगों की शिनाख्त करना जांच का निष्कर्ष न होकर आरंभिक बिंदु होना चाहिए। प्रबंधन को खुद से पूछना चाहिए कि कौन से ऐसे कारक हैं जो कर्मियों को सुरक्षा के बदले अन्य ध्येय चुनने का मौका बनाते हैं। और उनमें से कितने इनके अपने निर्णयों का परिणाम हो सकते हैं। आखिरकार, संगठन के प्रत्येक स्तर पर बैठे अधिकारियों को बहु-व्यवस्थात्मक ध्येयों को लेकर समझौते करने पड़ते हैं, जिनमें कुछ ऐसे होंगे जो रेल प्रचालन में प्रत्यक्ष रूप में शामिल लोगों पर बेजा जोर डालते होंगे। उपरोक्त स्थिति के मद्देनजर, किसी को भी हैरानी होगी कि आखिर वह क्या था जिसने मालगाड़ी चालक को स्थापित संहिता को अनदेखा करने को मजबूर किया होगा, जबकि वह भी भली भांति जानता था कि टक्कर की सूरत में उसकी अपनी जान भी जा सकती है (और यह हुआ भी)। हम यह निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं कि इसका उत्तर 'व्यवस्था की विसंगति' से परे नहीं है। यह हो सकता है, और यहां मैं केवल समझाने के मकसद से अंदाजा लगा रहा हूं, चालक नये स्वचालित प्रखंड सिग्नल नियमों से पूरी तरह वाकिफ और प्रशिक्षित न हो, उसने 'पेपर लाइन क्लियर' धारा की छूट उठाई और रेलगाड़ी सामान्य गति से दौड़ाता रहा। शायद स्टेशन मास्टर भी इस बारे में पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं था कि उसके अधिकार क्षेत्र में सिग्नल प्रणाली में आई खामी दुरुस्त करने में यदि वक्त ज्यादा लगे, और जटिलताएं एक से अधिक बन जाएं, तब कौन से सर्वश्रेष्ठ उपाय लागू करवाए। सुरक्षा का मामला, आखिरकार, मानवीय चूकों से कहीं अधिक व्यापक है। सुरक्षा महज प्रणाली का ठप्प पड़ जाना या उसमें आया विकार न होकर, पैदा हुई जटिलताओं के मुताबिक खुद को निरंतर ढालते जाने का परिणाम है। किसी भी घड़ी, व्यक्तिगत और रेलवे की कार्यकुशलता के प्रदर्शन में वर्तमान स्थितियों के मुताबिक समस्या होना लाजिमी है। इस किस्म की समन्वयता बनाने को जो मुश्किल बनाता है वह है संसाधनों और समय का सीमित होना। अतएव, सुरक्षा बनाए रखना एक स्थाई प्रक्रिया है, और इसकी सफलता संगठन, समूह एवं व्यक्ति की, हादसा होने से पहले, जोखिम के पहलुओं का पूर्वानुमान लगाने की काबिलियत पर निर्भर होती है। सीधी-सी बात है- घटिया सुरक्षा तंत्र और मानवीय चूक यह काबिलियत के न होने की वजह से भी है। सुरक्षा विभाग का मुख्य ध्येय जोखिम का आकलन करना और सुरक्षा सुनिश्चित करने को लोचशील व्यवस्था प्रदान करना है। जब रेलवे आला अधिकारियों ने इस मामले में भी मालगाड़ी चालक को दोषी ठहराने में जरा देर नहीं लगाई, ऐसा उन्होंने रेलवे व्यवस्था में पैठ कर चुकी आदत की वजह से किया है। समय आ गया है कि रेलवे विभाग परंपरागत ढर्रे के सिद्धांत को छोड़ दे। जांच का दायरा और कार्रवाई रेल परिचालन में केवल सीधे तौर पर शामिल लोगों तक सीमित रखने से व्यवस्था की वह खामियां दूर नहीं होंगी, जिनकी वजह से दुर्घटनाएं घटती हैं।

लेखक भारतीय रेल के पूर्व महाप्रबंधक हैं।

## संपादकीय

### चार महादेशों का तपना

धरती के चार महादेश इतना तप रहे हैं कि लगता है, इस बार गर्मी तमाम कीर्तिमान तोड़ डालेगी। धूप या ताप से होने वाली मौतों को बहुत स्पष्टता से नहीं नापा जा सकता, फिर भी दुनिया में इस साल गर्मी की वजह से हजारों मौतें हुई हैं, इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़े हैं। सऊदी अरब में इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है कि वहां 900 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 70 से ज्यादा तो अकेले भारतीय हैं। वहां 51 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जा रहा पारा हाजियों के लिए काल बन जा रहा है। मिस्र में 530 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, तो भारत में 1 मार्च से 18 जून के बीच 40,000 से अधिक हीटस्ट्रोक के मामले आए हैं और 100 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। लू से मौत केवल एशिया और अफ्रीका तक सीमित नहीं है, यूरोपीय देशों में भी मौत हो रही है और अमेरिका में भी। यूएस नेशनल ओशनिक ऐंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अर्थ ऑब्जर्वेटरी के मुताबिक, भूमध्य सागर के पास के देशों को भी प्रचंड उच्च तापमान का सामना करना पड़ रहा है, पुर्तगाल से ग्रीस और अल्जीरिया तक में जंगलों में आग लगी हुई है। वैज्ञानिक इस बात का एहसास करने लगे हैं कि दुनिया में बड़े पैमाने पर प्रयास करने पड़ेंगे, तभी अत्यधिक ताप से जीवन बचाया जा सकेगा। अपनी ठंड के लिए विख्यात न्यूयॉर्क का तपना तो और भी चिंताजनक है। जिन शहरों को कभी गर्मियों में खुशनुमा माना जाता था, वैसे शहर भारत से लेकर अमेरिका तक, अपनी पहचान खोते दिख रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर में अनेक संस्थानों में शीतलन की व्यवस्था करनी पड़ी है, अनेक स्कूलों में बच्चों को दोपहर से पहले ही घर भेज दिया जा रहा है। अनेक अमेरिकी राज्यों में पारा 45 के पार पहुंच जा रहा है। न्यू मैक्सिको में भीषण गर्मी के चलते 23,000 एकड़ से अधिक भूमि जल गई और 500 से ज्यादा घर नष्ट हुए हैं। दुनिया के अनेक देशों में जंगल जल रहे हैं, जिनकी आग केवल भारी बारिश से ही बुझ सकती है। बढ़ता तापमान संकेत है कि दुनिया धीरे-धीरे असहनीय हो रही है। ऐसा क्यों हो रहा है? गर्मी आज बड़ा सवाल है, पर उसका हमारे पास क्या जवाब है? हमें गंभीरता से सोचना होगा? ऐसी गर्मी के लिए नेपाल जैसा देश जिम्मेदार है या अमेरिका जैसा सुपरपावर? जलवायु परिवर्तन का मुद्दा जब छिड़ता है, तो अमेरिकी रवैया देख चिंता होती है। अमेरिका की दलील है, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जंग की कीमत नेपाल जैसा देश भी चुकाए, जबकि भारत जैसे देश चाहते हैं कि जलवायु परिवर्तन की लागत अमीर हो चुके देशों को ज्यादा चुकानी चाहिए। एक दौर वह भी था, जब अमेरिका ने जलवायु बचाव से अपने कदम पीछे खींचने शुरू कर दिए थे। अनेक अमीर देश हैं, जो खुशफहमी में हैं कि गर्मी उनका कुछ न बिगाड़ पाएगी, पैसे और ऊर्जा भंडार से वे अपना बचाव कर लेंगे। ऐसे देशों को झुलसाती धूप में खुली आंखों से सच्चाई को परखना और समझना चाहिए। भारत निरंतर गुहार लगाता रहता है, पर हरित तकनीक के हस्तांतरण में अभी भी खूब बाधाएं हैं। हरित तकनीक को महंगा किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को दुनिया के विकासशील देशों में बहुत किफायती हो जाना चाहिए, पर विकसित देश यहां भी अपना व्यावसायिक लाभ देख रहे हैं। वाकई, निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर ही दुनिया को बचाने के प्रयास सफल हो सकते हैं।

## आज का राशीफल

**मेष** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी अपेक्षित है। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**वृषभ** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**कर्क** राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं।

**कन्या** व्यावसायिक योजना सफल होगी। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता बनाकर रखना आवश्यक है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। अधीनस्थ कर्मचारी से तनाव मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। विरोधियों का पराभव होगा। मकान सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। पड़ोसियों से अकारण विवाद हो सकता है।

**मकर** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**कुम्भ** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मन प्रसन्न रहेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ के विवाद में न पड़ें।

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार

(लेखक- प्रहलाद सबनानी )

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग **BBB-** है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। देश के कुछ राज्यों में तो किसानों की आय दुगने से भी अधिक हो गई है। भारत में विदेशी निवेश भारी मात्रा में होने लगा है एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में ही करने लगी हैं। इससे देश में विनिर्माण इकाईयों (उद्योग क्षेत्र) की विकास दर 8-9 प्रतिशत के पास पहुंच गई है। मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन के चलते भारत में आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से भी अधिक रही है। भारत, अपने आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से आधारभूत ढांचें को विकसित करने के लगातार प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इसे और अधिक बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है। आधारभूत ढांचे को विकसित करने से देश में उत्पादकता में सुधार हुआ है एवं विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कमी आई है। जिससे, कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को भारत में स्थापित करने हेतु आकर्षित हुई हैं। स्टैंडर्ड एंड पूअर का तो यह भी कहना है कि भारत जिस प्रकार की आर्थिक नीतियों को लागू करते हुए आगे बढ़ रहा है और केंद्र में नई सरकार के आने के बाद से अब सम्भावनाएं बढ़ गई हैं कि भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रम बहुत तेजी के साथ किए जाएंगे इससे कुल मिलाकर भारत की आर्थिक विकास दर को लम्बे समय तक 8 प्रतिशत से ऊपर बनाए रखा जा सकता है। भारत ने अपने आर्थिक विकास की गति को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। यह राजकोषीय घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.8 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। भारत के राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास केंद्र सरकार द्वारा सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फान्स, जर्मनी जैसे विकसित देश भी अपने राजकोषीय घाटे को कम नहीं कर पा रहे हैं परंतु भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यह बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का खर्च उसकी आय से अधिक होने पर इसे राजकोषीय घाटा कहा जाता है। केंद्र सरकार ने खर्च पर नियंत्रण किया है एवं अपनी आय के साधनों में अधिक वृद्धि की है।

यह लम्बे समय में देश के आर्थिक स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आया है। भारत के कुछ राज्यों (पंजाब, पश्चिम बंगाल, केरल, आदि) में राजकोषीय घाटे को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, परंतु केंद्र सरकार एवं कुछ अन्य राज्य (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु आदि) जरूर अपने राजकोषीय घाटे को सफलता पूर्वक नियंत्रित कर पा रहे हैं। राजकोषीय घाटा मलेशिया, फिलिपीन, इंडोनेशिया, थाईलैंड, वियतनाम जैसे देशों में 4 प्रतिशत से कम है जबकि भारत में केंद्र सरकार एवं समस्त राज्यों का कुल मिलाकर राजकोषीय घाटा 7.9 प्रतिशत है। उक्त वर्णित समस्त देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग ब्बब्ब है जबकि भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग ब्बब्ब- है। अतः भारत के कुछ राज्यों को तो अपने राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु बहुत मेहनत करने की आवश्यकता है। राजकोषीय घाटे को कम करने में भारत को सफलता इसलिए भी मिली है कि देश 20 से अधिक करों को मिलाकर केवल एक कर प्रणाली, वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली, को सफलता पूर्वक लागू किया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के रूप में भारत को औसत 1.75 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रतिमाह अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त हो रही है। साथ ही, प्रत्यक्ष कर के संग्रहण में भी 20 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि परिलक्षित हुई है। भारत में बैकिंग व्यवस्थाओं के डिजिटलीकरण को ग्रामीण इलाकों तक में लागू करने से भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण बहुत तेज गति से हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में भारी भरकम वृद्धि हुई है। जबकि केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों ने अपने गैर योजना खर्च की मदों पर किए जाने वाले व्यय पर नियंत्रण करने में सफलता भी पाई है।

## विचार मंथन

# डीमार्ट और सुपर मार्केट में बिक रहा है नकली सामान

लेखक- सनत जैन / ईएमएस)

नकली और मिलावटी सामान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शोरूम और माल से बिकने लगा है। हाल ही में डीमार्ट, आईपरमार्ट और सुपर मार्केट में नकली सामान की खेप पकड़ी गई है। नामी गिरामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट में यदि इस तरह के मिलावटी सामान और नकली ब्रांड बिक रहे हैं तो इस स्थिति में देश का भगवान ही मालिक है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा और नकली सामान से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बड़े-बड़े कानून बनाए हैं। लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियां कानून का उल्लंघन कर अपने आउटलेट से अमानक और नकली सामान की बिक्री करने लगी हैं। सरकार आंख मूंदकर लोगों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आसरे में लुटने के लिए छोड़ दे। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। छोटी मोटी दुकानों में तो छापे डाले जाते हैं। रेहड़ी और पटरी वालों को भी नहीं छोड़ा जाता है। खुले दूध की बिक्री लगभग-लगभग पूरे देश में बंद हो गई है। छोटी-छोटी होटल बंद हो गई हैं। अब डिब्बा बंद मिठाइयां और पेक्ड नमकीन बाजार में बिक रहा है। स्थानीय स्तर का रोजगार पूरी तरह से खत्म हो गया है। पिछले एक दशक में जिस तरह से नकली सामान और अमानक खाद्य पदार्थों को लेकर सरकार द्वारा सारे देश में मुहिम चलाई गई। उसकी गाज छोटे-छोटे कारोबारियों पर गिरी है। इसका लाभ बड़ी-बड़ी कंपनियों को मिला है। वहीं ब्रांडेड कंपनियों के आउटलेट में धड़ल्ले से बड़ी मात्रा में नकली सामान बेचा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला राजस्थान के जयपुर में उजागर हुआ है। जयपुर के डीमार्ट और आईपरमार्ट, सुपर मार्केट के आउटलेट में बड़ी मात्रा में नकली घी और तेल जप्त किया गया है। जयपुर खाद्य विभाग की टीम ने नकली सामग्री बेचने की खबर पर कार्रवाई की। सरस घी के नाम से सरकारी ब्रांड का नकली घी डी मार्ट के आउटलेट से विक्रय किया जा रहा था। वहीं सिरसी रोड में स्थित आइपरमार्ट में टैगोर ब्रांड का नकली घी बेचा जा रहा था। खाद्य विभाग की जांच के दौरान नकली सामान बेचने का मामला उजागर हुआ। डी मार्ट के आउटलेट में खंडेलवाल एंड कंपनी द्वारा सरस घी की सप्लाई की जा रही थी। डी मार्ट जिनसे घी खरीद रहा था, वह कंपनी के अधिकृत डीलर नहीं थे। डीमार्ट प्रबंधन ने लापरवाही बरती या उनकी मिली भगत थी, इसका खुलासा नहीं हुआ। खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद जिन दो फार्मों द्वारा नकली घी की सप्लाई की गई थी, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों फर्मों के संचालक फरार हो गए हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है, कि दोनों फमों के कर्ताधर्ता कैसे नकली घी की सप्लाई करते थे। घी कहां से लाते थे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभी तक 40000 लीटर से अधिक नकली तेल और घी को जप्त किया है। मिलावटी सामान की सप्लाई करने वाली फर्मों के बारे में खाद्य विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। खाद्य विभाग ने डीमार्ट, आईपरमार्ट और सुपर मार्केट जैसे संस्थानों के ऊपर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की है। सरस कंपनी के सीएमडी सुषमा अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है, कि कंपनी के प्रोडक्ट में क्यूआर कोड प्रिंट किया जाता है। स्कैन करने पर सही पहचान भी की जा सकती है। इसके बाद भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और सुपर मार्केट जैसे संस्थान, कमाई के लालच में नकली सामान, उपभोक्ताओं को खुलेआम बेचकर उन्हें दिन दहाड़े ठग रहे हैं। खाद्य विभाग द्वारा बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। यह चिंता का विषय है। अब तो लोग कह रहे हैं, भारत में दो तरह के कानून हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अलग कानून हैं। बड़े-बड़े लोगों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत में अलग कानून है। लोगों का मानना है, कि खाद्य विभाग को



बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट को सील करना चाहिए था। पूरे आउटलेट की जांच करनी चाहिए थी, लेकिन खाद्य विभाग ने उनके ऊपर कोई कार्यवाही ना करके, उन्हें बचाने का प्रयास करने जैसा काम ही किया है। खाद्य विभाग द्वारा पुलिस में केवल सप्लायर के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई है। इससे देश भर के लोगों में नाराजी फैल रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट पर लोग बड़े विश्वास के साथ खाद्य पदार्थों की खरीदी करने और ब्रांडेड सामग्री को खरीदने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। यदि बड़ी-बड़ी और बहुत राष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट से नकली और अमानक सामान बेचा जा रहा है। ऐसी स्थिति में किस पर भरोसा किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सऊदी अरब में हज के दौरान 1,301 जायरीनों की मौत

**रियाद, (एजेंसी)।** सऊदी अरब में हज के मौसम के दौरान 1,301 जायरीन अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें से 83 प्रतिशत अपंजीकृत थे।सऊदी प्रेस एजेंसी ने देश के स्वास्थ्य मंत्री फहद अल-जलाजेल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र ने भीषण गर्मी से होने वाले तनाव के मामलों की देखभाल की है, जिनमें से कुछ लोग अभी भी चिकित्सा देखभाल में हैं। मृतकों में कई बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति शामिल हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरूआत में व्यक्तिगत जानकारी या पहचान संबंधी दस्तावेजों की कमी थी, लेकिन अब सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। पहचान, दफ़न और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया।रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य प्रणाली ने आपातकालीन देखभाल एवं सर्जरी से लेकर डायलिसिस तक 465,000 से अधिक विशेष उपचार सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें 141,000 सेवाएँ उन लोगों के लिए भी शामिल हैं, जिन्होंने हज करने के लिए आधिकारिक प्राधिकरण प्राप्त नहीं किया था।

गाजा में भीषण लड़ाई 卐बहुत जल्द卐 समाप्त हो जाएगी- नेतन्याहू

यरुशलम, 24 जून (वेब वार्ता)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ तीव्र लड़ाई खत्म होने की कगार पर है। इजरायली न्यूज चैनल 14 टीवी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में श्री नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि राफा में युद्ध का गहन चरण समाप्त होने वाला है और इजरायली सेना पूरे गाजा पट्टी में तीव्र लड़ाई के समापन की कगार पर है। उन्होंने कहा, 卐इसका मतलब गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष का अंत नहीं है और हमास के ठिकानों के खिलाफ लड़ाई के साथ अभियान जारी रहेंगे। गाजा में तीव्र लड़ाई के समापन के बाद, हम उत्तर की ओर बढ़ते रहेंगे। उन्होंने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ पूर्ण युद्ध शुरू करने की इजरायल की चेतावनियों का जिक्र करते हुए कहा कि इजरायल-लेबनान सीमा पर युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए कोई भी समझौता, हमारी शर्तों को पूरा करना होगा।। उन्होंने कहा कि वह केवल उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें गाजा पट्टी में हमास को सत्ता से हटा दिया जाएगा और लगभग 100 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो अभी भी फिलिस्तीनी एन्क्लेव में बंद हैं।

### द. कोरिया के बैटरी संयंत्र में आग लगने से एक को दिल का दौरा, छह घायल

**सोल।** दक्षिण कोरिया के ह्वासोंग स्थित बैटरी संयंत्र में आग लगने से एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा और छह अन्य घायल हो गए।मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल से करीब 45 किलामीटर दूर ह्वासोंग में बैटरी संयंत्र में यह घटना घटी। संयंत्र के भीतर 19 लोगों के फंसे होने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।अग्निशमन अधिकारियों ने 145 अग्निशामक और 50 उपकरण जुटाए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### दक्षिण अफ्रीका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने भाग लिया

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में जोहानिसबर्ग और डरबन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हुए विभिन्न समुदायों के हजारों लोगों ने योग से पैदा हुई एकता का परिचय दिया।कुमार जोहानिसबर्ग के ऐतिहासिक वंडरर्स स्टेडियम में लोगों को संबोधित कर रहे थे जहां शनिवार को विशेषज्ञ माया भट्ट की अगुवाई में एक घंटे के योग कार्यक्रम में करीब 8,000 लोग शामिल हुए थे। इस संख्या ने पिछले साल इसी आयोजन स्थल पर एकत्रित हुए 7,500 लोगों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।दक्षिण अफ्रीका में लोगों की सुविधा के मद्देनजर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लोगों ने भाग लिया।डरबन में समुद्र तट पर करीब 3,500 लोगों ने क्वाजुलु-नताल प्रांत के प्रमुख थामी नतुली की अगुवाई में योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिवानंद वर्ल्ड पीस फाउंडेशन के संस्थापक प्रिंस ईश्वर रामलुचमैन माभेका जुलू ने किया था।कुमार ने कहा कि भारतीय दूतावास जल्द ही डरबन में योग पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा।जोहानिसबर्ग में वंडरर्स कार्यक्रम की अगुवाई करने वाले महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में योग की लोकप्रियता पर आंकड़े एकत्रित करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### आतंकवाद के खिलाफ नए सैन्य अभियान पर संसद में चर्चा होगी: पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ आतंकवादियों के खिलाफ नए सैन्य अभियान के मुद्दे पर संसद से परामर्श करेंगे।पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने मांग की थी कि किसी भी नए अभियान पर सर्वोच्च मंच पर चर्चा की जानी चाहिए।'अज्म-ए-इस्तेहकाम' अभियान शुरू करने का निर्णय शनिवार को राष्ट्रीय कार्य योजना की शीर्ष समिति की बैठक में लिया गया जो देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए 2014 में स्वीकृत एक रणनीति है।योजना की घोषणा के एक दिन बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों ने कहा कि इस मामले पर संसद में चर्चा होनी चाहिए थी क्योंकि यह किसी भी नए अभियान के बारे में निर्णय लेने के लिए सर्वोच्च मंच है।मंत्री ने पहले पीटीआई की आलोचना करते हुए कहा कि यह निर्णय लिए जाने के समय पार्टी के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री बैठक में मौजूद थे, लेकिन बाद में उन्होंने यह भी घोषणा की कि मामले को संसद के समक्ष रखा जाएगा।उन्होंने कहा, 'हम मुद्दे को संसद में भी लाएंगे जहां इस विषय पर बहस होगी। अगर उन्हें कोई आपत्ति है तो इसपर बोल सकते हैं।'

### श्रीलंका के मंत्री ने लिट्टे को प्रतिबंधित सूची में बनाए रखने के ब्रिटेन के फैसले की सराहना की

**कोलंबो।** श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) को प्रतिबंधित सूची में बनाए रखने के ब्रिटेन सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम इस द्वीपीय देश में पूर्व सशस्त्र समूह की खुद को फिर से खड़ा करने की हर साजिश को विफल कर देगा।सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में साबरी ने कहा कि लिट्टे के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का दृष्टिकोण और रणनीति विदेशी सरकारों से इस प्रतिबंध को रद्द करवाना है ताकि वे समूह को एक बार फिर से खड़ा कर सकें।साबरी ने अपने पोस्ट में कहा कि श्रीलंका के लिट्टे को प्रतिबंधित सूची में बनाए रखने के ब्रिटिश अधिकारियों के फैसले ने इस समूह की श्रीलंका में खुद को फिर से खड़ा करने की योजना को विफल कर दिया है।उन्होंने कहा, 'लिट्टे के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का दृष्टिकोण और रणनीति विदेशी सरकारों को उस पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए बाध्य करना है, ताकि वे लिट्टे को फिर से खड़ा कर सकें।'ब्रिटेन के प्रतिबंधित संगठन अपील आयोग ने लिट्टे पर प्रतिबंध हटाने के खिलाफ फैसला सुनाया है। इस संबंध में 21 जून को घोषणा की गयी।श्रीलंका, भारत, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, मलेशिया और यूरोपीय संघ के देशों में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

### नेपाल में पतंजलि ट्र्स्ट की सौ एकड़ जमीन विवादों में, संसदीय समिति करेगी जांच

**काठमांडू।** योग गुरु स्वामी रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्र्स्ट की नेपाल में 100 एकड़ जमीन को लेकर विवाद बढ़ गया है। अब इस जमीन विवाद की जांच संसद की स्टैंडिंग कमिटी को सौंप दी गई है। संसद की सार्वजनिक लेखा समिति ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के नाम पर काभ्रे जिले में स्थित 100 एकड़ जमीन विवाद की फाइल मंगवाई है। लेखा समिति ने भूमि व्यवस्था मंत्रालय को पत्र लिख कर सात दिनों के भीतर जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित सभी फाइल सार्वजनिक लेखा समिति को सौंपने के लिए कहा है। समिति के सभापति ऋषिकेश पोखरेल ने कहा है कि पतंजलि ट्रस्ट को नेपाल सरकार ने सस्ते दामों में 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी, जिसके सभी दस्तावेज मंगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला करीब डेढ़ दशक पुराना है।



रूस के दक्षिणी प्रांत- दागेस्तान में ईसाईयों और यहूदियों के धर्मस्थल ( सिनेगॉग ) पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सैनिक

## बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मृत्यु के निकट स्थिति में : आलमगीर

**ढाका, (एजेंसी)।**

बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया विदेशों में आधुनिक चिकित्सा देखभाल तक पहुंच की कमी के कारण मृत्यु के निकट स्थिति में हैं।ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कहा गया है कि आलमगीर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रतिशोध के चलते जानबूझकर सुश्री जिया को विदेश में उन्नत चिकित्सा उपचार से वंचित करने का आरोप लगाया है, जिसका उद्देश्य उन्हें मौत के मुंह में ढकेलना है।आलमगीर ने रविवार को एक धार्मिक सभा में कहा, ÷यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारी नेता खालिदा जिया इन दिनों विदेशों में आधुनिक चिकित्सा देखभाल तक पहुंच की कमी के कारण मृत्यु के निकट स्थिति में हैं। उन्होंने सुश्री हसीना के शासन को दमनकारी फासीवादी सरकार करार देते हुए आलमगीर ने कहा कि पूरी तरह से मनगढ़ंत मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री को राजनीति से हटाने के इरादे से जेल में डाला गया है। उन्हें हालांकि घर पर रहने की अनुमति दी गयी थी, लेकिन वास्तव में वह पूरी तरह से कारावास में हैं और जेल में ही हैं। उन्होंने कहा कि सुश्री जिया ओल्ड ढाका सेंट्रल जेल में रहने के दौरान बीमार पड़ गयीं, लेकिन उन्हें वहां कोई चिकित्सा उपचार प्रदान नहीं किया गया।आलमगीर ने बीएनपी अध्यक्ष की शारीरिक स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि वह बहुत पीड़ा झेल रही हैं तथा अब जीवन और मृत्यु के चौराहे पर खड़ी हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं से सुश्री जिया की भलाई ।

# केंटकी में नाइट क्लब के बाहर हुई गोलीबारी

## एक की मौत, सात घायल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंटकी के लुइसविले में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को एक नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी हुई। इस दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी सीएनएन ने पुलिस के हवाले से दी।लुइसविले पुलिस मेट्रो विभाग के बयान के अनुसार, जब वे सुबह 12:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) एच20 लाउंज के बाहर घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें दो लोग



गोली लगने से घायल मिले। बाद में, पीड़ितों में से एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस ने बताया कि दूसरे व्यक्ति को गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। बाद में, मेडिकल स्टाफ ने बताया कि गोलीबारी के बाद छह अन्य पीड़ित इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पतालों में पहुंचे।

पुलिस विभाग के जन सूचना अधिकारी आरोन एलिस के अनुसार, सभी छह लोगों को गोली लगी थी।पुलिस ने संदिग्ध के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोगों ने गोलीबारी की और गोलीबारी करने का कारण क्या था।पुलिस ने कहा, पीड़ितों का रिश्ता, यदि कोई है, तो इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी की जांच अभी भी जारी है।अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक अलग घटना में, शुक्रवार (स्थानीय समय) को अर्कांसस के फोर्डाइस में एक किराने की दुकान पर हुई गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और दस अन्य घायल हो गए।

## श्रीलंका: गंभीर आर्थिक संकट के उबरते देश में इस साल छह माह में 9 लाख पर्यटक पहुंचे

**कोलंबो।** दो वर्षों के गंभीर आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता का सामना करने के बाद श्रीलंका की अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर आ रही है। देश में पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या इसका संकेत है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे इसी सप्ताह सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुके हैं कि भारत से मिली आर्थिक मदद की वजह से श्रीलंका दो साल के संकट के दौर से उबरने की दिशा में है।

पर्यटन पर काफी निर्भर श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत दिख रहे हैं। कोरोना काल में चौपट हुए पर्यटन की वजह से देश को दो-तीन साल तक गंभीर आर्थिक संकट सामना करना पड़ा। एकबार फिर श्रीलंका में पर्यटकों की दिलचस्पी वापस आ रही है।

श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, इस वर्ष अब तक 966,604 पर्यटक देश में आ चुके हैं। अकेले जून में अब तक 69,825 पर्यटक आ चुके हैं। इस साल जनवरी में 208253 पर्यटक, फरवरी में 218350 पर्यटक, मार्च में 209181 पर्यटक, अप्रैल में 148867 पर्यटक और मई में 112128 पर्यटक श्रीलंका आए हैं।

श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के मुताबिक इस देश में रूस, भारत, जर्मनी, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया आदि से अधिक पर्यटक आए हैं। 2023 में श्रीलंका आने वाले पर्यटकों की संख्या 14 लाख 87 हजार रही।

उल्लेखनीय है कि पिछले शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कोलंबो में आयोजित 31वीं अखिल भारतीय साझेदार बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दो मुश्किल वर्षों से गुजरने के बाद, मुझे यह स्वीकार करना होगा कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि भारत ने हमें 3.5 अरब डॉलर का ऋण दिया था।

## गाजा में युद्ध समाप्त करने के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

**तेल अवीव, (एजेंसी)।**

गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल 'आंशिक' युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह 'आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'लेकिन हम हमास को खत्म करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विराम के बाद युद्ध जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इसे छोड़ने को तैयार नहीं हूं।'



नेतन्याहू की यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब इजराइल और हमास नवीनतम युद्ध विराम प्रस्ताव को लेकर और भी दूर होते दिख रहे हैं और यह युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे मध्यस्थों के लिए एक और झटका हो सकता है। उनका कहना है कि इजराइल अब भी हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगा कि वह फिर कभी सात अक्टूबर जैसा हमला न कर सके। साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि लड़ाई का वर्तमान चरण समाप्त हो रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि युद्ध समाप्त हो गया है।

## द.कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्टरी में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को आग लगने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्टरी की तलाशी के बाद शव बरामद किए।किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्टरी की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है।उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी।किम ने बताया कि जो लोग मृत पाए गए हैं ।

वे संभवतः सीढ़ियों के रास्ते बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय फैक्टरी में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

## टेक्सास के स्टोर में डकैती के दौरान भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अमेरिका में टेक्सास के एक स्टोर में डकैती के दौरान एक 32 वर्षीय भारतीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी की 21 जून को प्लेजेंट ग्रोव, डलास के गैस स्टेशन सुविधा स्टोर पर घटी। महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस घटना की पुष्टि की। मृतक की पहचान दसारी गोपीकृष्ण के तौर पर की गई है, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका आया था।गोपीकृष्ण के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मंजूनाथ ने कहा, ÷भारतीय नागरिक दसारी गोपीकृष्ण के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। प्लेजेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी।

### 1301 हज यात्रियों को गंवानी पड़ी जान

# सऊदी में इस साल भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकार्ड

**रियाद (सऊदी अरब)। एजेंसी**

सऊदी अरब में इस साल अत्यधिक गर्मी के कारण काफी संख्या में हज यात्रियों को जान गंवानी पड़ी है। रविवार को सऊदी अरब की तरफ से इस संबंध में जानकारी दी गई कि हज यात्रा के दौरान इस साल कम से कम 1301 लोगों की मौत हुई है। इनमें भीषण गर्मी के चलते काफी संख्या में लोगों की जान गई। बीते सोमवार मक्का में तापमान 51.66 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मरने वालों में 98 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई है। सबसे ज्यादा मिस्र के लोगों की मौत हुई।

सऊदी अरब सरकार की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, इस साल भीषण गर्मी ने स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावित किया। अफसोस की बात ये है कि इस दौरान 1,301 लोगों की मौत हो गई। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्री फहद बिन अब्दुर्रहमान अल-जलाजेल के मुताबिक





मरने वालों में 83 प्रतिशत लोग हज करने के लिए अनधिकृत थे और पर्याप्त आश्रय या आराम के बिना, सीधी धूप में लंबी दूरी तय कर रहे थे। मृतकों में बुजुर्ग और लंबे समय से बीमार लोग भी शामिल हैं। पहचान की प्रक्रिया में देरी हुई क्योंकि मरने वालों के पास अधिकृत दस्तावेज नहीं थे लेकिन अब सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है।

मंत्री के अनुसार 95 हज यात्रियों का अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है, जिनमें से कुछ को राजधानी रियाद में इलाज के लिए हवाई मार्ग से ले जाया गया है। उन्होंने बिना कोई ब्यौरा दिए कहा कि मृतकों को मक्का में दफनाया गया।

इस साल सऊदी अरब प्रशासन ने दुनियाभर के 18 लाख लोगों को हज पर आने की इजाजत दी थी। इसमें सैकड़ों ऐसे यात्री भी शामिल हुए जिन्हें हज के लिए लाइसेंस नहीं दिया गया था। जिसके चलते उन्हें हज यात्रियों जैसी सुविधाएं नहीं मिली। ऐसी स्थिति में वे खुले आसमान में रहने को मजबूर हुए।

साथ ही उन्हें अधिकृत रूप से हाजियों को ले जाने वाली बसों में भी यात्रा का लाभ नहीं मिला। जिसके चलते ये लोग गर्मी का शिकार हो गए और कई लोगों की जान चली गई।

भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस संबंध में कहा गया कि हर साल की तरह इस साल भी एक लाख 75 हजार भारतीय श्रद्धालु हज करने के लिए सऊदी अरब पहुंचे हैं, इनमें 98 लोगों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक पिछले साल 187 भारतीय नागरिकों की हज यात्रा के दौरान मौत हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**फैंकफर्ट (जर्मनी)।** निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया ।जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली ।फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी ।जर्मनी इससे पहले स्कॉटलैंड और हंगरी को हराकर अगले दौर में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुका था। वह तीन मैच में 7 अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा। स्विट्जरलैंड ने 5 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया ।हंगरी ने स्टुटगार्ट में खेले गए ग्रुप ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 1-0 से पराजित किया। इससे वह ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा।

### श्रीजा अकुला ने जीता डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब

**लागोस।** श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के एकल के फाइनल मुकाबले में चीन की डिंग यिजी को हराकर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं हैं ।नाइजीरिया के सर मोलेड ओकोया थॉमस इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में रविवार को खेले गये डब्ल्यूटेटे कंटेंडर एकल के खिताबी मुकाबले में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकी श्रीजा ने चीन की डिंग को 4-1 (10-12, 11-9, 11-6, 11-8, 11-6) से हराया ।वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत की दूसरे नंबर की पैडलर श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ हमवतन दीया चितले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराकर महिला युगल का खिताब भी अपने नाम किया ।उल्लेखनीय है कि श्रीजा और अर्चना ने सेमीफाइनल में एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका मुखर्जी और सुतीर्थ मुखर्जी को 3-0 (11-7, 11-5, 12-10) से हराया था। दीया और यशस्विनी ने भी अपने अंतिम-चार मुकाबले में चीन के सुन सिनान और डिंग की जोड़ी पर 3-1 (14-12, 6-11, 11-6, 11-7) से जीत दर्ज की थी ।हरमीत देसाई और मानव ठक्कर पुरुष युगल फाइनल में स्थानीय अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो की जोड़ी को 3-0 (11-8, 11-9, 11-8) से हराकर इस स्तर जीत दर्ज कराने वाली यह पहली भारतीय जोड़ी बन गये है।

### अल्माटी एथलेटिक्स मीट: नयना जेम्स ने लंबी कूद और सर्वेश कुशारे ने ऊंची कूद में जीते खिताब

**अल्माटी।** भारतीय एथलीट नयना जेम्स और सर्वेश अनिल कुशारे ने कोसानोव मेमोरियल 2024 एथलेटिक्स मीट में क्रमश: महिलाओं की लंबी कूद और पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया ।कजाकिस्तान के अल्माटी में रविवार को संपन्न हुए इस दो दिवसीय टूर्नामेंट भारतीय एथलीट नयना जेस ने (6.39) मीटर छलांग लगाकर महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में और सर्वेश कुशारे ने 2.23 मीटर छलांग लगाकर ऊंची कूद स्पर्धा का खिताब जीते ।शनिवार को हुई इस स्पर्धा में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता नयना जेम्स, सात महिलाओं की फील्ड में (6.39) मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं। कजाकिस्तान की अनास्तासिया रिपाकोवा (6.06 मीटर) के साथ दूसरे और एकातेरिना अवदेयेंको (5.78 मीटर) तीसरे स्थान पर रहीं ।नयना का ताइवान एथलेटिक्स ओपन के बाद अंतरराष्ट्रीय मीट में दूसरा खिताब है। इसके अलावा उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप प्रतियोगिता जीतने के लिए 6.67 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था ।इस बीच, पुरुषों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में भारत के सर्वेश अनिल कुशारे ने अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की बराबरी करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के अमीर नागाएव (2.14 मीटर) स्कोर के साथ दूसरे और कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर टिमोशिन (2.08 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे ।पुरुषों की ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में, एल्डोज पॉल ने 15.51 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर पांचवां स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के इवान डेनिसोव ने 16.26 मीटर के साथ प्रतियोगिता जीती ।पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा में सोमनाथ चौहान (1:49.35) और अंकेश चौधरी (1:49.43) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ईरान के शोभन अहमदी ने 1:49.01 का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

अमेरिका के बल्लेबाज एंडरसन ने कहा, हम काफी कुछ सीखकर जा रहे हैं

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), 24 जून (वेब वार्ता)। अमेरिका का टी20 विश्व कप में स्वर्णिम अभियान भले ही सुपर 8 में थम गया लेकिन उसके बल्लेबाज कोरी एंडरसन ने कहा कि उनकी टीम को इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला ।अमेरिका ने टूर्नामेंट के पहले दौर में पाकिस्तान को हराया था तथा भारत के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन सुपर 8 चरण में उसे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा ।एंडरसन ने रविवार को इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा, ''आसमान की भी एक सीमा होती है। पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी क्रिकेट को लेकर चर्चा चल रही थी। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में हम प्रगति करते रहेंगे।'' एंडरसन मूल रूप से न्यूजीलैंड के रहने वाले हैं जिसके लिए उन्होंने 93 मैच भी खेले। बाद में अमेरिका में बसने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि टीम में अभी काफी सुधार की जरूरत है ।उन्होंने कहा, ''कई ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिनमें सुधार करने की जरूरत है। हम अभी आईसीसी के एसोसिएट देशों में शामिल है और बड़ी टीमों में शामिल होने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सुपर 8 में जगह बनाना निश्चित तौर पर अमेरिका के लिए ऐतिहासिक है।'' एंडरसन ने कहा, ''हमें इन बड़ी टीमों के खिलाफ अक्सर खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए इन टीमों के खिलाफ हमें जितना भी खेलने को मिला वह हमारे लिए काफी मायने रखता है। हमारी टीम अभी शुरुआत कर रही है लेकिन हमें इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला।''

### टॉमी पॉल ने [ींस क्लब टेनिस के फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराया

**लंदन।** अमेरिका के टॉमी पॉल ने क्वींस क्लब टेनिस में फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-1, 7-6 से हराकर अपना तीसरा एटीपी खिताब जीता ।विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज पॉल विम्बलडन से पहले घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को 2010 में सैम क्वेरी के बाद जीतने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी है। वह इसके साथ ही जॉन मैकेनरो, जिमी कॉनर्स और पीट सैम्प्रास जैसे अपने देश के दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए जो यहां चैम्पियन रहे हैं ।विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज मुसेटी टूर स्तर की दो प्रतियोगिताओं को जीतकर यहां पहुंचे थे। घसियाले कोर्ट पर यह उनका पहला फाइनल मुकाबला था। इस जीत के बाद वह टेलर फिट्ज को पछाड़कर अमेरिका के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन जायेंगे।

### जमशेदपुर एफसी ने मुख्य कोच खालिद जमील का करार दो साल के लिए बढ़ाया

**जमशेदपुर,।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) ने मुख्य कोच खालिद जमील की सेवाओं को अगले दो वर्षों के लिए बरकरार रखने की सोमवार को घोषणा की ।एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आये थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था ।उनकी नियुक्ति के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार आया और इस क्लब ने वापसी करते हुए 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।उन्होंने जमशेदपुर एफसी के कोच के तौर पर आईएसएल के अपने शुरुआती पांच मैचों में से तीन जीत और दो ड्रॉ का स्वाद चखा। इससे यह टीम लीग चरण के अंतिम मैच तक प्लेऑफ की दौड़ में बनी रही थी ।खालिद ने 2025-26 सत्र के आखिरी तक चलने वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, ''हम आईएसएल जीतना चाहते हैं। टीम के प्रति जबरदस्त समर्थन दिखाने वाले हमारे प्रशंसक इसके हकदार हैं।''



बैंकॉक। इटली ने रविवार को फाइनल में जापान को 25-17, 25-17, 21-25, 25-20 से हराकर एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) का खिताब जीत लिया है।

## इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहुंची सेमीफाइनल में

**ब्रिजटाउन।** क्रिस जॉर्डन की एक ही ओवर में हैट्रिक सहित (चार विकेट) उसके बाद कप्तान जॉस बटलर (83) रनों की तूफानी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप में सुपर आठ ग्रुप 2 के मुकाबले में अमेरिका को रिकार्ड 10 विकेटों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है।116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में 117 रन बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। फिल सॉल्ट ने 21 गेंदों में 25 रन बनाये। वहीं जॉस बटलर ने 38 गेंदों में छह चौके और सात छक्कों की मदद से नाबाद 83 रनों की पारी खेली। अमेरिका का कोई भी गेंदबाज इन दोनों की बल्लेबाजी के आगे कामयाब नहीं हो सका।इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका को इंग्लैंड के गेंदबाजों ने 18.5 ओवर में 115 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।आज यहां इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर अमेरिका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में रीस टॉप्ली ने ऐंड्रियस गौस (8) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद छठें ओवर में सैम करन ने स्टीवन टेलर (12) को मोईन अली के हाथों कैच आउट करा दिया। नितीश कुमार (30), कप्तान ऐरन जोंस (10) को आदिल रशीद ने बोल्ड आउट किया। कोरी एंडरसन (29) और हरमीत सिंह (21) और मिलिंद कुमार (4) रन बनाकर आउट हुये। क्रिस जॉर्डन ने तीन बल्लेबाजों को (शून्य) पर आउट किया। अमेरिका की टीम 18.5 ओवरों में 115 रन पर ढ़ेर हो गई।इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने चार विकेट लिये। सैम करन और आदिल राशिद को दो-दो विकेट मिले। रीस टॉप्ली और लियम लिविंगस्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। क्रिस जॉर्डन इस विश्वकप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले पैट कमिंस दो बार यह कारनामा कर चुके हैं।

# रोस्टन बने टी20 विश्व कप मैच में अर्धशतक लगाने प्लेयर

## तीन विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बने

सेंट जॉन्स। एजेंसी

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोस्टन चेस सोमवार को एक आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में अर्धशतक बनाने और तीन या अधिक विकेट लेने वाले कुल मिलाकर चौथे और अपनी टीम के दूसरे खिलाड़ी बन गए।

चेस ने यह उपलब्धि एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर आठ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान हासिल की। मैच में, चेस ने 42 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123.81 रहा। इसके बाद उन्होंने तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और केशव महाराज के विकेट शामिल थे। हालांकि, उनका यह शानदार प्रदर्शन बेकार गया और वेस्टइंडीज मैच 7 विकेट से हार गया और प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इससे पहले यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने टी20 विश्व कप 2009 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ नाबाद 66 रन बनाए और 38 रन देकर 4 विकेट लिये। ब्रावो के स्पेल की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 153 रन बनाए। इसके बाद उनके अर्धशतक की




बदौलत वेस्टइंडीज ने आठ गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

शेन वॉटसन ने 2012 टी20 विश्व कप के दौरान कोलंबो में दो बार ऐसा किया था। आयरलैंड के खिलाफ उन्होंने 51 रन बनाए और 26 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि भारत के खिलाफ उन्होंने 42 गेंदों में दो चौकों और सात छक्कों की मदद से 72* रन बनाए और 14.5 ओवर में 141 रन का पीछा कर रही भारतीय टीम को 140 रन पर समेट दिया।

इसके अलावा चल रहे टूर्नामेंट में, मार्कस स्टोइनिस ने ओमान पर जीत में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक ऑलराउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 67* रन बनाए और मैच में 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत पहले ऑस्ट्रेलिया ने 164 रनों का कुल स्कोर बनाया और फिर ओमान को 125/9 पर दिया।

वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका मैच की बात करें तो मैच में, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने केवल 5 रन पर दो विकेट खो दिये थे, लेकिन काइल मेयर्स (34 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 35 रन) और रोस्टन चेस (42 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 52) के बीच 81 रनों की साझेदारी ने उन्हें मैच में वापस ला दिया। हालांकि, प्रोटियाज के गेंदबाजों ने इस साझेदारी के बाद नियमित अंतराल पर विंडीज को झटके देते रहे और टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 का स्कोर बनाया।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने 3, मार्को यान्सन, एडन मार्करम, केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने 1-1 विकेट लिया। 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए। बारिश के कारण खेल बाधित होने के कारण प्रोटियाज को 17 ओवर में 123 रनों का नया लक्ष्य दिया गया।

एक समय मैच बराबरी पर था, ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन, चार चौके) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन, तीन चौके और एक छक्का) की महत्वपूर्ण पारियों के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका का 15.2 ओवर में स्कोर सात विकेट पर 110 रन था। यहां से लगा कि अफ्रीकी टीम एक बार फिर अपने उपर लगी चोकर्स के ठप्पे को सही साबित कर देगी, लेकिन मार्को यान्सन और कागिसो रबाडा ने टीम को 5 गेंद रहते जीत दिला दी।

यान्सन ने 17वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। यान्सन 14 गेंदों पर 1 चौके और 1 छक्के की बदौलत 21 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं. रबाडा 3 गेंदों पर 5 रन बनाकर अविजित लौटे। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने 3 और आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 2-2 विकेट लिया।

इस जीत के साथ, दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ अपने सुपर आठ अभियान को अपराजित रहते हुए समाप्त किया। इंग्लैंड तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम है। प्रतियोगिता की मेजबान वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में सिर्फ एक जीत और दो हार के साथ बाहर हो गई है।

## बांग्लादेश के खिलाफ आत्ममुग्धता से बचना होगा अफगानिस्तान को

**किंग्सटाउन।** पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया का नेट रन रेट अफगानिस्तान से बेहतर है और अगर वह भारत को हरा देता है तो फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो,

अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है। टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। अफगानिस्तान की टीम में कई ऑलराउंडर है जिसका उन्हें यहां की परिस्थितियों में फायदा मिल रहा है।

## ग्रुप दो में शीर्ष पर पहुंचने के लिए धमाकेदार बल्लेबाजी की : बटलर

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (38 गेंद, नाबाद 83 रन) ने तूफानी पारी की बदौलत रविवार को अपनी टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा कि उन्होंने 116 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तेजी इसलिये बरती ताकि वे सुपर आठ के ग्रुप दो में शीर्ष पर पहुंच सकें।क्रिस जोर्डन की हैट्रिक के बाद बटलर की धमाकेदार पारी से इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।बटलर ने मैच के बाद कहा, ''हम अमेरिका को सम्मान देते हैं और हमने इस बारे में बात की कि अगर हम तेजी से बल्लेबाजी करते हैं तो हम बहुत अच्छा करेंगे। कुछ ओवर खेलने के बाद हमने तेजी से हवा में शॉट लगाने की कोशिश की।''बटलर ने लेग स्पिनर आदिल रशीद (13 रन देकर दो विकेट) और लियाम लिविंस्टोन (24 रन देकर एक विकेट) के गेंदबाजी प्रयासों की प्रशंसा की।उन्होंने कहा, ''आदिल ने शानदार गेंदबाजी की। लिवी ने भी मिलकर अच्छी गेंदबाजी की। जब आप एक मैच में गेंदबाजी नहीं कर रहे होते हैं और फिर अचानक आपको चार ओवर डालने पड़ते हैं तो यह मुश्किल होता है, इसलिये उन्हें तैयार रहने का श्रेय जाता है।''इंग्लैंड के कप्तान ने वापसी करने वाले जोर्डन की गेंदबाजी की भी सराहना की जिन्होंने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित पांच गेंदों में चार विकेट लेकर अमेरिका के पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट किया जिससे अमेरिकी टीम 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर हो गई।

### टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लक्ष्य को जल्दी हासिल करने की हड़बड़ी दिखायी

# हम और दमदार तरीके से जीत दर्ज करना चाहेंगे: मार्कराम

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से राहत महसूस कर रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लक्ष्य को जल्दी हासिल करने की हड़बड़ी दिखायी जिससे यह मुकाबला काफी करीबी हो गया।

दक्षिण अफ्रीका ने दो बार की चैंपियन टीम को आठ विकेट पर 135 रन रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते समय जब टीम ने 15 रन पर दो विकेट गंवा दिये थे तब बारिश के कारण एक घंटे तक खेल रूका रहा।

दक्षिण अफ्रीका को इसके बाद डकवर्थ लुईस प्रणाली से जीत के लिए 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने सात विकेट गंवाकर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

मार्कराम ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''सेमीफाइनल में पहुंचने




से काफी राहत मिली। हम हालांकि इस जीत के बाद भावनाओं पर काबू रखना चाहते है। हम बल्लेबाजी करते समय और अधिक सतर्कता बरतना पसंद करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''बारिश के ब्रेक के बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गयी थी। हम मैच को जल्दी खत्म करना चाहते थे लेकिन साझेदारियां नहीं बना पाये। जल्दबाजी दिखाने से टीम मुश्किल में पड़ गयी थी। हमारे लिए यह (सेमीफाइनल में पहुंचना) बड़ी सफलता है और टीम ड्रेसिंग रूम में माहौल शानदार है।''

मार्कराम ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए बल्लेबाजों से अधिक जिम्मेदारी लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ''हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, परिस्थितियों का आकलन किया और उन्हें सामान्य से कम स्कोर पर रखा। हम बारिश के बाद साझेदारी बना सकते थे और फिर उसे आगे बढ़ा सकते थे, हम उससे सीख लेंगे और उम्मीद है कि दोबारा यह गलती नहीं करेंगे।''

इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज के लिए तीसरा खिताब जीतने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं, लेकिन कप्तान रोवमैन पॉवेल को पिछले एक साल में टीम की प्रगति पर बेहद गर्व है। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद, ऐसा लग रहा था कि वेस्टइंडीज क्रिकेट अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। पॉवेल की कप्तानी में टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और आईसीसी टी20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी।

# माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व मनाया

तेज. रिपोर्टर | नोहर





स्थानीय थिरानी चेरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला में श्री माहेश्वरी सभा नोहर द्वारा माहेश्वरी युवा संगठन एवं माहेश्वरी महिला मंडल के सयुंक्त तत्वावधान मे माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व कार्यक्रम का आयोजन रविवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूतपूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र चाचाण, विशिष्ट अतिथि जिला माहेश्वरी सभा जिलाध्यक्ष रविशंकर मूंदड़ा, महासभा सदस्य रतनलाल लाहोटी,भामाशाह राजकुमार अश्वनी पच्चीसिया , प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राठी, प्रदेश सदस्य राजेंद्र थिरानी, सभा अध्यक्ष प्रेम राठी महिला मंडल अध्यक्ष सुशीला राठी, युवा संगठन अध्यक्ष दिवाकर सोनी एवं मदन सारडा बीकानेर के द्वारा भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन मे इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम के निरंतर आयोजन पर बल दिया । कार्यक्रम में गणेश वंदना, महेश वंदना व स्वागत गीत द्वारा आये अतिथियों व उपस्थित समाज बंधुओं का स्वागत किया गया । समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों , बच्चियों,महिलाओं व किशोरियों ने राजस्थानी, पंजाबी ,हिन्दी गानो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर राजकुमार पचीसीया के आग्रह पर भूकरका मुख्य सड़क से पचीसिया माताजी मंदिर तक सड़क निर्माण हेतु भूतपूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र चाचान ने विधायक कोटे से या अन्य किसी सरकारी मद से उक्त सड़क निर्माण की सहमति प्रदान की और कहा कि वह और विशंबर पचीसिया 1 दिन पूर्व ही उक्त सड़क का जायजा लेकर आए हैं । इस अवसर पर स्वर्गीय सेठ राधा कृष्ण शिव भगवान पच्चीसिया मेधावी छात्र सम्मान पुरस्कार वर्ष 2023 के 20 मेडल एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए गए । मंच पर राम किशन पेडीवाल, देवीदयाल करवा, श्याम सुंदर बागड़ी को समाज के वरिष्ठ व्यक्ति के रूप में श्रीफल, शॉल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । श्रीमती शशि माहेश्वरी निर्देशिका एंजल पब्लिक स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पील्लो पासिंग म्यूजिकल चेयर,चम्मच दौड़, 1 मिनट प्रतियोगिता व हाउजी के खेल व लकी ड्रा के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। आये हुए अतिथियों का भी सम्मान किया गया । अतिथियो ने इस प्रकार के आयोजन निरंतर जारी रखने पर बल दिया । इस अवसर पर संरक्षक प्रेम ढुढाणी, उपाध्यक्ष पवन चांडक, विशंभर पचीशिया, मंत्री उमेश पेडीवाल, आदित्य थिरानी, जयप्रकाश मंत्री, पवन बागड़ी, श्याम सुंदर थिरानी, अरुण सोनी, ओम प्रकाश कलानी, जुगल मडदा, युधिष्ठर ढुढानी, संजय करवा, कमल कलानी, मनोज कलानी, कमल गट्टानी, गोपाल मालानी, भैरव करवा ,अमित ढुढाणी, जयकिशन गिलडा,हीरालाल राठी, देवकीनंदन लखोटिया रामानंद कोठारी ,प्रदीप बागड़ी, जुगल नाढानी, सुरेश राठी, देवकिशन नाढानी, राजकुमार पेड़ीवाल, प्रदीप मोहता, कैलाश पचीसिया, रतनलाल पच्चीसिया, अनिल कलानी, श्याम सुंदर कलानी, सुरेश कलानी, अनिल थिरानी, नरेंद्र चांडक ,महेश नाढानी, केशव करवा ,नितिन सोनी, मनीष कलानी, सुशील राठी, जय किशन नादानी, अनिल पेड़ीवाल ,महेंद्र पेड़ीवाल ,शैलेश माहेश्वरी, पवन कलानी, संगीता सोनी, किरण करवा, सुशीला मडदा, निर्मला थिरानी ,मंजू चांडक, उमा बागड़ी ,माया लखोटिया, इंदु पच्चीसिया ,अनीता पेड़ीवाल ,सीमा नेवर, मीनाक्षी पचीसिया, आदि काफी संख्या में समाज बंधु ,महिलाएं एव बच्चे मौजूद थे । सभा मंत्री उमेश पेड़ीवाल ने आए हुए अतिथियों एवं समाज बंधुओं का स्वागत किया एवं महिला मंडल मंत्री अरुणा राठी और युवा मंडल मंत्री भैरव करवा ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन वैष्णवी नेवर और प्रियांशी बागड़ी ने किया। अंत में सभी समाज बंधुओं ने स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। महेश नवमी पर्व के उपलक्ष में माहेश्वरी सभा नोहर द्वारा संचालित थिरानी चैरिटी ट्रस्ट धर्मशाला, पच्चीसिया अतिथि गृह, एवं डागा भवन पर की गई प्रकाश व्यवस्था की गई थी।

# केएसके एवं मिनी किट वितरण का निरीक्षण किया

तेज. रिपोर्टर | नोहर



सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) नोहर रामप्रताप गोदारा ने सोमवार को थालड़का के.एस.के एवं मिनी किट वितरण का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान डीबीटी रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, दैनिक डायरी, मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन, स्टॉक रजिस्टर, गोष्ठी रजिस्टर का निरीक्षण कर कृषि पर्यवेक्षक रोशनी को पाई गई कमियां पूर्ण करने के निर्देश दिये । मौके पर मिनीकिट सुचारू व सही ढंग से किया जा रहा था। मिनीकिट में बाजरा संख्या 47 किस्म एचएचबी 299 व मूंग संख्या 105 किस्म एमएच 421 केएसके थालड़का को आवंटित किये गये हैं। उपस्थित किसानों से फसलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी व किसानों को बीटी कॉटन में गुलाबी सुण्डी प्रबंधन व अन्य जानकारी दी गयी तथा किसानों द्वारा डिग्गी के बारे में जानकारी मांगी जो तीन वर्ष से फाईल आवेदित की गई थी। किसानों को डिग्गी के बारे में विस्तार से बताया गया कि कृषकों का चयन रैण्डमाईजेशन के बाद लॉटरी से निकाला जाता है। आवेदन हनुमानगढ जिले में 18000 के लगभग ऑनलाईन है। जबकि लक्ष्य 800 डिग्गी प्रति वर्ष है। अतः लघु, सीमान्त या अन्य कृषक डिग्गी के विकल्प के रूप में खेत तलाई का लाभ ले सकते हैं। इसमें सामान्य श्रेणी कास्तकार को प्लास्टिक लाइनिंग पर 120000 रू व लघु एससी/ एसटी/ सीमान्त को 135000 रूपये अनुदान देय है। फार्म पौण्ड से जल बचत में महती भूमिका अदा कर किसान लाभ ले सकते हैं। इस मौके पर कृषक व डीलर सुरेन्द्र कुमार बैनीवाल, उदमीराम पारीक, सुशील कुमार एव महिला कास्तकार मौजूद थे।

# राजकीय महाविद्यालयों मे प्रवेश प्रक्रिया जारी

नोहर । स्थानीय श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम (बीए / बीएससी / बीकॉम) में तथा राजकीय महाविद्यालय, रावतसर एवं राजकीय महाविद्यालय, पल्लू में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम (बी.ए.) के नियमित प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से प्रारम्भ हो चुकी है। नोडल प्राचार्य प्रो. अमरसिंह मूनपरिया ने बताया कि स्नातक पार्ट प्रथम ऑनलाईन प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून है। प्रथम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 01जुलाई को किया जायेगा। वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को 04 जुलाई तक अपने मूल दस्तावेज महाविद्यालय में जमा करवाकर प्रवेश शूल्क ईमित्र पर जमा करवाना होगा। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन 05 जुलाई को किया जायेगा।

अतः महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन कर देवें। स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर उतरार्द्ध के प्रवेश नवीनीकरण 20 जून से 19 जुलाई तक प्रारम्भ कर दी गयी है। अतः विद्यार्थी 20 जून से 19 जुलाई तक अपनी अगली कक्षा का प्रवेश शुल्क ई-मित्रा के माध्यम से जमा करवाकर प्रवेश सुनिश्चित कर लेवें। निर्धारित तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा नहीं करवाने पर उनका प्रवेश निरस्त हो जायेगा। प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन करने में आने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु हैल्प डैस्क का गठन भी किया गया है। विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करने एवं प्रवेश शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर हैल्प डैस्क के सदस्य मुकेश सोनी के मोबाईल नम्बर 9649601555 एवं राजेश पारीक के मोबाईल नम्बर 9460342341 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ओडीके एप से होगी मॉनीटरिंग

चूरू। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग कर आमजन को बेहतर सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिये तथा राज्य में मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर ब्रीडिंग रोकने के लिये राज्य में नवाचार अन्तर्गत ओडीके एप (ओडीके एप-वैक्टर बोर्न डिजीज, ओडीके एप-सुधार, ओडीके एप-मरूधर) बनाये गये हैं। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बताया कि ओडीके एप के माध्यम से अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा मच्छरों की ब्रीडिंग कन्ट्रोल किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण नवाचार हैं। इन तीनों एप में से, ओडीके एप-वैक्टर बोर्न डिजीज के माध्यम से फील्ड स्टॉफ पानी के स्त्रोतों की फोटो खींचकर जीओ टेंगिंग (लोकेशन) के साथ ऐप में अपलोड कर रहे हैं। इसमें सड़क पर पड़ा हुआ कचरा, नाला/नाली में सफाई न होने के कारण रूका हुआ पानी, सड़क व अन्य स्थान पर गढ्ढों में भरा पानी, खाली प्लाट में कचरा/ पानी, बड़े जल स्त्रोत (तालाब/ पोखर / बावड़ी) में कचरा/गंदगी घर के बाहर पानी के अन्य स्त्रोत टंकी, मटका, टायर, डिब्बा में लार्वा की उपस्थिति, अन्य स्थान/पात्र जहां पानी जमा हो, के फोटो जमा पानी की स्थिति आदि के फोटो अपलोड किए जा सकते हैं, जिनका निस्तारण स्वायत्त शासन विभाग व पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। इन शिकायतों का निस्तारण ओडीके एप-सुधार द्वारा किया जाएगा। शहरी क्षेत्र की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्वायत्त शासन विभाग एवं ग्रामीण क्षेत्र की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी एप में शिकायतों से पूर्व का फोटोग्राफ व निस्तारण के पश्चात् का फोटोग्राफ जिओ टॅगिंग के साथ अपलोड किया जायेगा, जिससे शिकायत निवारण की पुष्टि की जा सकेगी। जिला कलक्टर ने बताया कि साप्ताहिक बैठक में प्राप्त शिकायतों व निस्तारित की गई कार्यवाहियों के बारे में विभागवार विश्लेषण किया जाएगा। इसी क्रम में घरों के अन्दर मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण डोमेस्टिक ब्रीडिंग चैकर (डीबीसी) द्वारा ओडीके ऐप-मरुधर के माध्यम से किया जाएगा। ओडीके एप-मरूधर की मदद से घरों के अन्दर की जाने वाली एन्टीलार्वल, एन्टीएडल्ट व सोर्स रिडक्शन की गतिविधियों की रिपोर्ट जिओ टैगिंग के साथ की जाएगी। इसकी मॉनीटरिंग राज्य व जिला स्तर पर की जा सकेगी।

## ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय बंद करना दुर्भाग्यपूर्णः गहलोत

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र बनाने का फैसला किया था लेकिन प्रदेश की वर्तमान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने इस योजना को बन्द करने का निर्णय किया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं अदूरदर्शी फैसला है। गहलोत ने सोमवार को सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान की सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र बनाने का फैसला किया था जिससे राजस्थान में भी केरल जैसा लाइब्रेरी मूवमेंट चल सके और राजस्थान में बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग सभी वर्गों में ज्ञान का प्रसार हो सके। उन्होंने कहा 'क्या राजस्थान के हर ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी खोले जाने से किसी को भी कैसे आपत्ति हो सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस पर ध्यान देना चाहिए कि किस तरह सभी के हित और राजस्थान के भविष्य की योजनाओं को बन्द किया जा रहा है।'

## गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग को लेकर यात्रा जारी

हनुमानगढ़ । गाय को राष्ट्रीय पशु बनाओ,धरती पर सतयुग ले आओ की मुहिम को लेकर चले वक्त के परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव उमाकान्त जी महाराज 26 जून 2024 बुधवार को प्रातः 8 बजे जाट धर्मशाला, पुलिस थाना रोड,हनुमानगढ़ जंक्शन आ रहें हैं । प्रसिद्ध सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी वक्त गुरु दुखहर्ता सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज उज्जैन आश्रम से एक दिन के लिए हनुमानगढ़ पधार रहे हैं । बाबाजी अनमोल दौलत जो रुपया पैसा, राज पाट से खरीदी नहीं जा सकती, आम व खास सभी को मुफ्त बाटेंगे। यह ऐसी चीज है जिसको पा जाने के बाद थोड़ी ही मेहनत से घर-घर की बीमारी, लड़ाई-झगड़ा, टेंशन खत्म होने लगता है ।

# विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करेंः राज्य मंत्री

जयपुर। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री व सांचौर जिला प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी परिसर में जिला प्रशासन की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सांचौर जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन से जुड़े समस्त अधिकारी आमजन के हित से जुड़े विकास कार्यों को नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने पेयजल एवं नर्मदा नहर परियोजना के अधिकारियों से जिले में किए जा रहे जल परिवहन कार्यों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही जलापूर्ति, अमृत 2.0 योजनाए नर्मदा नहर परियोजना के तहत एफआरडीआर सीलू–जैसला–भाटकी प्रोजेक्ट कार्यों, डिग्गी व स्प्रिंकलर सिस्टम के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पानी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।जिला प्रभारी मंत्री ने डिस्कॉम से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में सुदृढ़ विद्युत प्रबंधन सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कुसुम योजना के तहत क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सांचौर जिले में प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि वे स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूर्ण करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से स्वास्थ्य केंद्रों में आमजन के लिए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आनन्द में कैसे रहें, प्रेरक कार्यशाला का आयोजन





**जयपुर**। उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलकर्मियों और परिवारजनों के लिए प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रेरक कार्यशाला में आर्ट ऑफ लीविंग के मोटिवेशनल स्पीकर श्री आत्मानंद जी और चिन्मय मिशन के श्री अभेदानंद जी ने समग्र कल्याण एवं स्थायी जीवन पर आधारित विषयों पर प्रेरक व्याख्यान दिए। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे श्री अमिताभ की पहल पर वर्तमान समय में जीवन को आसान, स्वस्थ बनाने और सम्पूर्ण जीवन में मूल्यों आधारित उद्देश्यों को सम्मलित करने के लिए विख्यात प्रेरक वक्ताओं आत्मानंद (आर्ट ऑफ लिविंग) तथा अभेदानंद (चिन्मय मिशन) द्वारा प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री आत्मानंद जी (आर्ट ऑफ लिविंग) ने योग और ध्यान के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर और आसान बनाने के तरीको को बताया। श्री आत्मानंद जी ने उपस्थित रेलकर्मियों से कहा कि जीवन मैं जो आपके कंट्रोल में न हो, छोड़ देना चाहिए। दूसरों को बदलने के स्थान पर अपने आप को बदल लेना चाहिए। आदमी को बच्चे की तरह होना चाहिए, जो बिना किसी काम के कुछ भी करता रहता है। श्री आत्मानंद ने इसके बाद उपस्थित समूह को ध्यान भी करवाया। अभेदानंद (चिन्मय मिशन) ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को सुखी जीवन के लिए 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। व्यक्ति को गुस्सा छोड़ देना चाहिए, दूसरों में बुराई के स्थान पर अच्छाई ढूंढनी चाहिए। अहंकार को छोड़कर इंद्रियों पर विजय पाकर राजा की तरह रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदमी को मन में दया एवं क्षमा का भाव रखना चाहिए। पैसों को लक्ष्य बनाने के स्थान पर सभी का प्रिय बनने के लिए कार्य करना चाहिए। व्यक्ति को मोह एवं दूसरों की बातों को छोड़कर अपनी जिंदगी को सफल बनाना चाहिए। कार्यशाला में आत्मानंद और श्री अभेदानंद ने उपस्थित श्रोताओं के सवालों के भी जवाब देकर उनकी जिज्ञासा का समाधान किया।उपस्थित रेलवे अधिकारी कर्मचारी एवं परिवारजनों ने आमंत्रित वक्ताओं से अपनी सहमति देते हुए जीवन को आसान बनाने और मूल्यों आधारित शिक्षा को सम्मलित करने का संकल्प लिया। अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे ने आत्मानंद और अभेदानंद का अभिनंदन और उनके प्रेरणादायक सम्बोधन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्समग्र जीवन में सैद्धातिक मूल्यों पर आधारित विषयों कार्यशाला में अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सिंह एवं अध्यक्षा,उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन डां. अंजू सहित अधिकारी, रेल कर्मचारी एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## प्रथम पेज का शेष...

### देश को जिम्मेदार...

हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी। प्रधानमंत्री ने 14 मिनट 28 सेकेंड के भाषण में इमरजेंसी के अलावा, नए संसद भवन, नए सांसदों, जिम्मेदार विपक्ष, तीसरे कार्यकाल, विकसित भारत पर अपनी बात रखी। मोदी ने कहाकि इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी ये संकल्प करेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी और लोकतंत्र पर काला धब्बा लगा दिया गया था। हम संकल्प करेंगे जीवंत लोकतंत्र का, भारत के संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करने का।

**जनता ने तीसरी बार सरकार को पसंद किया**

मोदी ने कहाकि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव शानदार, गौरवमय तरीके से संपन्न होना गर्व की बात है। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि आजादी के बाद 60 साल में दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार जनता ने सेवा का मौका दिया है। जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए भी एक सरकार को पसंद किया है मतलब उसकी नीयत पर, नीतियों पर, जनता जनार्दन के प्रति उसके समर्पण भाव पर मुहर लगाई है। देश ने हमें तीसरा मौका दिया है। इसलिए हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ जाता है। इसलिए मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपने जो हमें तीसरी बार मौका दिया है। दो बार का अनुभव हमारे पास है। मै विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में हम पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेंगे। हम परिणामों को तीन गुना ज्यादा लाकर रहेंगे। संसद का ये गठन भारत के सामान्य मानवों के संकल्पों की पूर्ति का है। नई गति नई ऊंचाई हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर है। श्रेष्ठ भारत निर्माण का, विकसित भारत 2047 के संकल्प लेकर आज 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा है।

### लोकसेवकों की...

के लिए जिला स्तर पर और जिला स्तरीय कार्यों के लिए राज्य स्तर तक जाना नहीं पड़े। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक कार्य निर्धारित स्तर पर ही निस्तारित हो। इसके साथ ही, नियमानुसार निर्धारित समयावधि में गुणावगुण पर निष्पादन हो। काना राम ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि लाईसेंस नवीनीकरण प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे कार्यों के समयबद्ध निष्पादन की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। निर्धारित समयावधि से ज्यादा कोई भी प्रकरण अकारण लम्बित नहीं होना चाहिए। सभी राजकीय विभाग, कार्यालय, बोर्ड, निगम, आयोग, स्वायत्तशासी संस्था इन निर्देशों की कठोरता से पालना सुनिश्चित करेंगे।

### नीट परीक्षा...

माउन टाउन कस्बे के एक परीक्षा केन्द्र पर आया था। जहां 120 अभ्यर्थियों को गलत पेपर दे दिया गया। हिंदी मीडियम वालों को अंग्रेजी और अंग्रेजी मीडियम वालों को हिंदी माध्यम का पेपर बांट दिया गया। इससे सेंटर पर हंगामा हो गया। वहीं, करीब 1 घंटे से ज्यादा समय इसमें ही खर्च हो गया। पूरे केन्द्र पर हंगामा होने से वहां परीक्षा दे रहे सभी अभ्यर्थी परेशान हो गए। लेकिन परीक्षा केन्द्र वालों ने केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दुबारा परीक्षा देने का मौका दिया। जिन्हें गलत पेपर बांट दिया गया था। इसके अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी को मौका नहीं दिया। वहीं, सेंटर का रिकॉर्ड कहता है कि 120 में से केवल 116 अभ्यर्थियो ने ही फिर से पेपर दिया। हंगामे के बीच 4 अभ्यर्थी पेपर लेकर सेंटर से चले गए। इससे यह पेपर भी लीक माना जाए। क्योंकि नीट परीक्षा में पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होती हैं।

### केजरीवाल की जमानत...

में गर्दन तक डूबे हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जो काला धन जमा हुआ था, उसमें आम आदमी पार्टी की बड़ी हिस्सेदारी थी। प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अरविंद केजरीवाल की भूमिका को नजरअंदाज करके वेकेशन बेंच ने गंभीर भूल की है।

**सुप्रीम कोर्ट बोला-हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही फैसला देना सही**

उधर इन सभी डेवलपमेंट से पहले आज सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस मिश्रा ने कहा कि हाईकोर्ट की तरफसे फैसला सुरक्षित रखना असमान्य बात है। आमतौर पर स्टे की याचिका में फैसला उसी समय सुनाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने अभी फैसला नहीं सुनाया है, इसलिए उसके पहले कोई आदेश देना सही नहीं होगा। थोड़ा इंतजार करना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 26 जून तक के लिए सुनवाई टाल दी।

### राजस्थान को मिलेगी...

उत्पादन एवं बिजली की आपूर्ति के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। गत दिनों राजस्थान को छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रैक्स) कोयले की आपूर्ति का निर्णय भी हुआ था। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

### बच्चों के लिए...

जुलाई से स्कूल फिर से पहले की तरह संचालित होंगे। बता दें कि पिछले साल 21 जून को विश्व योग दिवस पर स्कूल खुले थे और शिक्षकों ने योगाभ्यास भी किया था। योग दिवस के दिन प्रदेश के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 36 लाख से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावकों ने योगाभ्यास किया था। लेकिन, इस बार ऐसा नही हुआ है।

### अनसेफ प्रकरणों...

केस लगाने हैं उस पर और अधिक मेहनत की जाएगी। उन्होंने बताया कि शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान लगातार जारी है। सूचना देने वाले को भी सैंपल अनसेफ व सब स्टैंडर्ड आने पर अलग-अलग स्तर से इनाम राशि की घोषणा की हुई है। मुख्यमंत्री भी इसको लेकर बेहद गंभीर हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि जो खाद्य सामग्री है वह अच्छी मिले। इसी दिशा में विभाग प्रयासरत है।

# अंधड़ के कारण बाधित विद्युत सुचारू

**श्रीगंगानगर।** हीट वेव और उमस के कारण विद्युत मांग बढ़ने से पुरानी आबादी सहित बाहर के कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने/वायर जलने से विद्युत सप्लाई बाधित रही एवं सूरतगढ़ थर्मल में आईसीटी के ओवरलोड होने के कारण भी अलग-अलग क्षेत्रों के 33 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद कर विद्युत कटौती की गई। विद्युत कटौती के बाद प्रभावित क्षेत्र पुरानी आबादी में विद्युत सप्लाई सुचारू कर दी गई है। गंगानगर जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आये तूफान के कारण सैकड़ों विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने और सोमासर, भोजासर 33/11 केवी जीएसएस भी क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बाधित रही। अधीक्षण अभियंता एलएस मान ने बताया कि गत दिनों जिले में अंधड़, तूफान के कारण 1500 से अधिक विद्युत पोल टूट गये थे एवं 2 जीएसएस क्षतिग्रस्त हो गये थे, जिन्हें फिर से व्यवस्थित कर सप्लाई चालू कर दी गई है। निगम कर्मियों एवं संविदा कर्मियों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए अधिकांश गांवों/ढ़ाणियों में विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## दवाओं का प्रोटोकॉल के अनुसार भण्डारण करने के दिए निर्देश

**जयपुर**। प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर निरीक्षण का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने सांगानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। श्रीमती गिरि ने निरीक्षण के दौरान दवाओं के कार्टन खुले में रखे होने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस दायमा को वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा संबंधित अधिकारी या कार्मिक की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्पि भाव के साथ मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का संचालन कर रही है। ऐसे में दवाओं का भण्डारण एवं दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट एवं अन्य कार्मिकों से दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।


**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

अधिशाषी अभियंता (220 केवी जीएसएस) रावतसर द्वारा 132 केवी एकल सर्किट अमरपुरा थेड़ी–सिरसा–हिसार ट्रांसमिशन लाइन के पुराने क्षतिग्रस्त अर्थ वायर को बदलने हेतु इच्छुक एव अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 05.07.2024 दोपहर 13.00 बजे तक खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी एवं समस्त विवरण वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl पर उपलब्ध है। UBN - VPN2425WSOB00492

अधीक्षण अभियन्ता (टी. एण्ड सी.), हनुमानगढ़

राज.संवाद/सी/24/1184 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6216/2024

# कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरुचि शिविर सम्पन्न

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



राजस्थान राज्यभारत स्काउट और गाइड चूरू की तरफ से कौशल विकास प्रशिक्षण एवम अभिरुचि शिविर का मैरी गोल्ड वर्ल्ड स्कूल चुरू में समापन समारोह आयोजित किया गया। आज के समापन समारोह में मुख्य अतिथि बृजेंद्र दाधीच सहायक निदेशक बजरंग सैनी प्रिंसिपल गाजसर, अभिषेक चोटिया निदेशक मेरीगोल्ड स्कूल सत्यनारायण स्वामी और विष्णु दत्त स्वामी शिविर में उपस्थित रहे अशोक शेखावत अलीशेर खान अनिता कुमारी बेबी कुमारी ने अतिथियों का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया प्रभारी अशोक शेखावत ने बताया दिनांक 17 में 2024 से दिनांक 24 जून 2024 तक यह प्रशिक्षण शिविर संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 62 बालक बालिकाओं ने विभिन्न तरह के कौशल का प्रशिक्षण लिया इस प्रशिक्षण शिविर में 62 बालक बालिकाओं को नेहा जांगिड़ ने नृत्य संगीत कला अनिता कुमारी ने इंग्लिश स्पोकन, रूपाली चोटिया ने सिलाई कला, रवीना शेखावत ने ब्यूटीशियन कला,अली शेर खान ने हैंडीक्राफ्ट के कौशल में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी गई उसके उपरांत अतिथियों ने बालक बालिकाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की उसके बाद इस प्रशिक्षण शिविर मे जो विश्व तंबाकू निषेध दिवस विषय पर पोस्टर बनाने की और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था उसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बालिकाओं को शील्ड प्रदान की गई। अतिथियों ने शिविर में नृत्य कला शिक्षा सिलाई कला की शिक्षा संगीत कला की शिक्षा और ब्यूटी पार्लर सिखाने की कक्षाओ का अवलोकन किया कार्यक्रम में वंदना सैनी एंड पार्टी ने राजस्थानी नृत्य कला की प्रस्तुति प्रदान की पधारे हुए मुख्य अतिथि बृजेंद्र दाधीच ने बालिकाओं से प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं के बारे में सवाल जवाब किया तथा शिविर में सिखाए जाने वाले प्रशिक्षकों के कार्य पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया कार्यक्रम के अंत में नृत्य संगीत कला ब्यूटीशियन कला सिलाई कला आदि सभी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को शील्ड प्रदान की गई अतिथियों ने उसे बात करते हुए बालिकाओं ने भी बताया कि हमें शिविर से काफी कुछ सीखने को मिला है प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनर के रूप में अच्छा कार्य करने पर अनिता कुमारी बेबी कुमारी रूपाली चोटिया नेहा जांगिड़ अली शेर खान रवीना शेखावत को शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवसर पर अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में आगे इन सीखे हुए गए कौशल में और ज्यादा पारंगत होने की शिक्षा प्रदान की तथा अपने आसपास के लोगों को शिविर के प्रति और जागरूक करने का आह्वान कियाइस शिविर प्रभारी अशोक शेखावत ने संजय सहगल ने भामाशाह के रूप में शिविर में जो आर्थिक से सहयोग किया उसके लिए धन्यवाद प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन अनिता और बेबी कुमारी ने किया।

# नीति आयोग की अपेक्षा अनुसार आशान्वित ब्लॉक में अर्जित करें लक्ष्यः सत्यानी

तेज | रिपोर्टर चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को नीति आयोग के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के राजगढ़ ब्लॉक में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कलक्ट्रेट हॉल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि सभी बिंदुओं पर अपेक्षित प्रगति अर्जित करें और जिन बिंदुओं में प्रगति कमजोर हैं, उन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की मॉनीटरिंग सीधे नीति आयोग से की जा रही है, इसलिए हमें इस पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। जिला कलक्टर ने विभिन्न संकेतकों के लिए विभागवार एक्शन प्लान बनाने और आंकड़े दुरुस्त करने को कहा। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने पीएम किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवाईसी करवाने और किसानों को लाभान्वित करने को कहा। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित आंकड़े पेश करते हुए आगामी माह में कार्यक्रम की प्रगति सुनिश्चित करने तथा ब्लॉक अधिकारियों के माध्यम से कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गा ढाका, मुख्य आयोजना अधिकारी विप्लव न्यौला, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, उद्योग अधिकारी उजाला, लीड बैंक मैनेजर अमरसिंह, नाबार्ड एजीएम जीएल निर्वाण, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जगदेव सिंह, डीईओ संतोष महर्षि, एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया, डीईओ गोविंद सिंह राठौड़, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नगेंद्र सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, उपनिदेशक आईसीडीएस डॉ नरेंद्र शेखावत, डीपीसी एसबीएम श्याम लाल शर्मा, एसई जलदाय विभाग रमेश राठी, आयोजना विभाग के राकेश कुमार और नीति आयोग एबीएफ वसीम अहमद सैयद सहित चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, नाबार्ड, उद्योग, राजस्व, जलदाय, आजीविका, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण विकास विभाग महकमों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राहगीरों को पिलाया शरबत



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

नई सड़क पर गर्मी को देखते हुए दौलतखानी परिवार की ओर से राहगीरों को शरबत पिलाया गया। लोको पायलेट नवाब खान ने बताया कि सेवा करना मनुष्य का फर्ज है। हर समाजसेवी को अपने क्षेत्र में ऐसे पुनीत कार्य करने चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर पर सदीक खां, इकबाल खां, बाबू खां, भंवरू खान, बसीर खां, आमीन खां, निसार खां, हसमत खान, आलम अली खां, पार्षद अनीस खान, जंहागीर खां, यूनस खां वा वार्ड 24 के वार्डवासियों ने राहगीरों को शरबत पिलाया।

# योग शिविर में युवा निर्भीक पत्रकार रामाकांत झवर का हुआ सम्मान

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



कस्बे की तुलसी सेवा संस्थान के महाप्रज्ञ प्रेक्षा ध्यान सभागार आयोजित नियमित योग शिविर में ओम योग सेवा संस्था के निदेशक योग प्रशिक्षक ओम प्रकाश कालवा ने जानकारी देते हुए बताया। सोमवार सुबह योग शिविर में सत्यार्थ न्यूज चौनल की पुरी टीम तथ पत्रकार रामाकांत झवर का योग प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित की ओर से योग शिविरों में बने सहयोगी और प्रचार प्रसार में योगदान देने पर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कस्बे के गणमान्य योग प्रेमी मूलचंद पालीवाल, प्यारेलाल सोनी, खियाराम सोनी, अजय कुमार सुखीजा, पन्नालाल सारण, ओम प्रकाश गोदारा, योगानंद कालवा, नारायण डागा, हरलाल भांभू, अन्नी देवी चौधरी, रामधन मीणा, श्याम सुन्दर मूंधड़ा, मनोज मूंधड़ा, महादेव सोनी आदि ने हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया। पत्रकार रामाकांत झंवर ने ओम कालवा व संस्था का आभार व्यक्त किया। तथा सच्चे समाचार आप तक पहुंचाऊंगा।

# केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक सीमा लागू की

**नई दिल्ली।** समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और बेईमानी से की जा रही सट्टेबाजी को रोकने के लिए भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू गेहूं पर स्टॉक सीमा लगाने का निर्णय लिया है। निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, स्टॉक सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने (संशोधन) आदेश, 2024 को आज यानी 24 जून 2024 से तत्काल प्रभाव से जारी कर दिया गया है और यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर अलग-अलग लागू होगी जैसे व्यापारी/थोक विक्रेताओं के लिए- 3000 मीट्रिक टन; खुदरा विक्रय केंद्रों के लिए- प्रत्येक खुदरा दुकानों के लिए 10 मीट्रिक टन; बड़ी श्रृंखला खुदरा विक्रय केंद्रों- प्रत्येक दुकान के लिए 10 मीट्रिक टन और उनके सभी डिपो पर 3000 मीट्रिक टन- और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के शेष महीनों द्वारा गुणित मासिक स्थापित क्षमता (एमआईसी) का 70 प्रतिशत लागू की जाएगी। संबंधित कानूनी निकायों को, जैसा कि ऊपर बताया गया है, स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी और उन्हें खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल ( https://evegoils.nic.in/wsp/login ) पर नियमित रूप से अपडेट करना होगा और यदि उनके पास विद्यमान स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो उन्हें इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा।

# सुभाषचन्द्र हत्याकांडः धरनार्थी महिला की तबीयत गंभीर होने पर हनुमानगढ़ रैफर, बेटे बैठे धरने पर

तेज | रिपोर्टर फेफाना/चारणवासी



गांव गुडिया निवासी सुभाषचंद्र नायक की हत्या मामले में रविवार को चौथे दिन धरना जारी रहा और नोहर उपचाराधीन धरनार्थी महिला रोशनी की तबीयत ज्यादा खराब होने से हनुमानगढ़ रैफर की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा धरने की सुध नहीं ली जा रही। 44 डिग्री तापमान में थाने के आगे टैंट के अंदर कूलर न पंखा और शीतलजल तक की व्यवस्था तक नहीं ऐसे अधूरे इंतजाम के चलते गर्मी में धरनार्थियों की तबीयत बिगड़ने की आशंका है। रविवार को मृतक के बेटे सत्यवीर व सुनील, बलदेव, जगदीश, राजेश, दीपचंद, मूलाराम, राकेश, रामचंद्र, तेजपाल, सत्यवीर,शीशपाल, रामकिशन, कृष्ण,सुमन,पारो देवी सहित धरने पर बैठे है। धरनार्थी महिला ने बताया कि जमीन के विवाद में पति की जान चली गई और जमीन भी नहीं मिली, ऐसे में दो बेटों सहित अपनी आजीविका चलाने का कोई साधन नहीं हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस ने ससुर रामजीलाल (70)पुत्र लिछ्मण राम नायक निवासी 14 जेएसएन (गुडिया)व देवर सूबे सिंह व ननदोई श्रीचंद पर मारपीट कर हत्या के करने का मामला दर्ज करवाया था। इधर मृत्यु की पत्नी रोशनी देवी का कहना है कि उसके द्वारा ससुर, देवर, नंदोई व देवर के लड़के का नाम लिखाया गया था पुलिस ने भारी भरकम राशि लेकर देवर के लड़के का नाम एफआईआर से निकाल दिया। धरनार्थियों की इलाज में देरी करने वाले तमाम पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने,पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए सहायता व मृतक की पत्नी के बयान अनुसार चारों को आरोपी मानते हुए अन्य अधिकारी से अनुसंधान करवाने की मांग को है।

# दुष्कर्म के अपराधी को भगाने में सहयोग पर शिक्षक निलंबित

तेज | रिपोर्टर चूरू

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय), प्रारंभिक शिक्षा संतोष महर्षि ने दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध के आरोपी को भगाने में सहयोग करने के मामले में राउप्रावि लूणा, सुजानगढ़ के अध्यापक लेवल-द्वितीय संपत ढूकिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि थाना अधिकारी सुजानगढ़ चूरू के द्वारा सदर थाना सुजानगढ़ में दर्ज एफआईआर संख्या 0093 दिनांक 20.06.2024 से संबंधित दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अध्यापक संपत ढूकिया द्वारा दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध के अपराधी को भगाने में सहयोग करने का कृत्य किया गया है, जो एक लोकसेवक के अपेक्षित आचरण के विरूद्ध कृत्य एवं कर्तव्य के प्रति दुराचरण है। इसलिए राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सम्पत ढूकिया, अध्यापक (लेवल-द्वितीय, गणित / विज्ञान) राउप्रावि लूणा, सुजानगढ, ज़िला चूरू को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन काल में अध्यापक का मुख्यालय कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, सरदारशहर में रहेगा। इन्हें निर्वाह भत्ता नियमानुसार देय होगा।

## जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक 28 को

**तेज. चूरू।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में 28 जून को सवेरे 10.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जावेगी। सदस्य सचिव महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं सहित उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

## सूखा दिवस घोषित

**तेज रिपोर्टर. चूरू।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पुष्पा सत्यानी ने चूरू नगर परिषद के वार्ड 11 के उप चुनाव के लिए 30 जून को होने वाले मतदान के मध्येनजर संबंधित नगर निकाय के निर्वाचन क्षेत्र एवं उससे लगते हुए 5 किमी परिधीय क्षेत्र में 28 जून को शाम 5 बजे से 30 जून शाम 5 बजे तक सूखा दिवस घोषित किया है।

# विद्या संबल योजना में मांगे आवेदन

तेज | रिपोर्टर चूरू

राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय (बालक) चूरू में कक्षा 6 से 8 (उच्च प्राथमिक स्तर), कक्षा 9 व 10 (माध्यमिक स्तर) के लिए विद्या संबल योजना के तहत गैस्ट फैकल्टी के रूप में निजी अभ्यर्थियों या सेवानिवृत विषयाध्यापकों से 29 जून दोपहर 1 बजे तक आवेदन मांगे गए हैं। प्रधानाचार्य नियाज मोहम्मद ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक विज्ञान के 01 रिक्त पद एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 01 रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। प्रत्येक रिक्त पद के विरूद्ध यथासंभव 03 अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची के अनुसार किया जाएगा। बजट की उपलब्धता की शर्त पर वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक विज्ञान व शारीरिक शिक्षा अध्यापक प्रति घंटा मानदेय 350 रुपये एवं अधिकतम मासिक मानदेय 25000 के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। आवेदन हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 65 वर्ष रखी गई है। यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई है। यह रिक्त पद प्रतिनियुक्ति अथवा राज्य सरकार द्वारा अन्य रिक्ति से भरे जाने अथवा सत्र समाप्ति होने तक जो भी पहले हो, उस अवधि के लिए रहेगी। आवेदन पत्र तथा विस्तृत जानकारी के लिए (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तों तथा शपथ पत्र) के लिये राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय (बालक) चूरू कार्यालय के दूरभाष 01562-299382 पर सम्पर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय/विद्यालय समय में व्यक्तिशः सम्पर्क किया जा सकता है। पात्र अभ्यर्थी द्वारा मूल आवेदन पत्र व्यक्तिशः कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है।

## जीएनएम द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा आज से

**तेज. चूरू।** रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल, जयपुर के आदेश की अनुपालना में जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा जून 2024 का आयोजन 25 से 28 जून दोपहर 3 से शाम छह बजे तक चूरू बालिका महाविद्यालय, पुरानी सड़क, चूरू में किया जाएगा। परीक्षा अधीक्षक बजरंग कुमार हर्षवाल ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से 1 घण्टे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षार्थी राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा जारी एवं संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित परीक्षा अनुमति पत्र, अपने संस्थान का परिचय पत्र एवं फोटो युक्त आई डी एवं निर्धारित पूर्ण गणवेश में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिले के नर्सिंग स्कूलों से लगभग 365 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान आर.एन.सी. की तरफ से ऑब्जर्वर/पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ते की व्यवस्था भी की गई है।

## जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

**तेज. चूरू।** चूरू नगर परिषद के वार्ड 11, चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक 8 तथा राजगढ़ पंचायत समिति के ब्लॉक 13 के सदस्यों के रिक्त पदों पर हो रहे उप चुनाव अंतर्गत 30 जून को होने वाले मतदान के लिए जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पुष्पा सत्यानी की ओर से जारी आदेश के अनुसार चूरू तहसीलदार को नगर परिषद चूरू के वार्ड 11, रतनगढ़ तहसीलदार को चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक 8 के लिए तथा राजगढ़ तहसीलदार को पंचायत समिति राजगढ़ के ब्लॉक संख्या 13 के लिए मतदान दिवस को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## तुकबंदी

20 रिपियां गो बिस्कुटां गो पैकेट
खरीदगे मैं घर कानी जावै हो
एक कोठी गै बारनै आगै बैठ्यो
पालतू कुत्तो मेरै कानी तकावै हो
चाणचक्की कुतियो जोरस्यूं भौंक्यो
मैं सेतरो बेतरो रेग्यो एकदम चौंक्यो
कुत्तै खोसलियो मेरै हाथमूं
बिस्कुटां गो पैकेट
मेरै हाथ पर नूरिया लागग्या
थोड़ी सी पाटगी जैकेट
मैं भोत दूर खड़्यो फेर भी घबराग्यो
इतै मं कुतियो सारा बिस्कुट खाग्यो
बिस्कुट खांवताईं कुतियै
तीन चार गलेटी खाई
पगां नै उंचा नीचा कर्यी
पूंछड़ी जोर जोर स्यूं हिलाई
कदै दो पैरां पर खड़्यो होवै
करै जीभ नै लपलपावै
लोग लुगाई इकट्ठा होग्या
सहै मनैं ही धमकावै
कै तूं जहर गा बिस्कुट ल्यायो
ओ बेचारो कुतियो खाग्यो
गली मं हू,हल्लो सुणगे
कत्तै गो धणी आग्यो
मनैं बोल्यो तूं बिस्कुट ल्यायो
बो पैकेट हो किसी कम्पनी गो
मैं बोल्यो भाई साहब जी
बो पैकेट हो पतंजलि गो
बो हांस्यो बोल्यो डरै मत
मेरै कुत्तै गै ओईं तो है रोग
पतंजलि गा बिस्कुट खांवताईं
ओ करै क ई देर 'योग'

- मदन पेन्टर रावतसर

# पंचायती राज एवं नगर निकाय उप चुनाव के लिए मतदान केंद्रों का प्रकाशन

तेज | रिपोर्टर चूरू

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पुष्पा सत्यानी ने नगर निकाय एवं पंचायत राज उप चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का प्रकाशन किया है। आदेश के अनुसार, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के तहत चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 के लिए खांसोली ग्राम पंचायत के वार्ड 1 व 2 के मतदाताओं के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के कमरा नंबर 1 (बूथ 97), वार्ड 3 एवं 4 के मतदाताओं के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कमरा नंबर 3 (बूथ 98), वार्ड 5 व 6 के मतदाताओं के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कमरा नंबर 8 (बूथ 99), वार्ड 7 व 8 के मतदाताओं के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कमरा नंबर 10 (बूथ 100), वार्ड 9 व 10 के मतदाताओं के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कमरा नंबर 13 (बूथ 101), तथा वार्ड 11 के लिए खांसोली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र (बूथ 102) को मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार थैलासर के वार्ड 8 व 10 के लिए राजकीय शहीद जितेंद्र सिंह राठौड़ उमावि कमरा नंबर 9 (बूथ संख्या 116) तथा वार्ड 9 व 11 के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र थैलासर (बूथ 117) बनाया गया है। श्योपुरा ग्राम पंचायत के वार्ड 8 (आंशिक) व 9 के लिए राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय कमरा नंबर 9 (बूथ संख्या 121) तथा ढाढर ग्राम पंचायत के वार्ड 6 एवं 7 के मतदाताओं के लिए राजकीय उमावि कमरा नंबर 14 (बूथ 203) को मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार राजगढ़ पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 13 के लिए ढाणी मौजी ग्राम पंचायत के वार्ड 1, 2 के लिए राजकीय उमावि कमरा नंबर 1 (बूथ संख्या 189), वार्ड 4, 5 के मतदाताओं के लिए राउमावि कमरा नंबर 3 (बूथ संख्या 190), वार्ड 7, 8 के मतदाताओं के लिए राउमावि कमरा नंबर 7 (बूथ संख्या 191), वार्ड 9 के मतदाताओं के लिए राउमावि कमरा नंबर 5 (बूथ संख्या 192), वार्ड 10 के मतदाताओं के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र ढाणी मौजी (बूथ संख्या 193), वार्ड 3,6 के मतदाताओ के लिए राउमावि कमरा नंबर 9 (बूथ 195), ग्राम पंचायत लीलावठी के वार्ड 1 व 3 के मतदाताओं के लिए राउप्रावि बांया भाग (बूथ संख्या 196), वार्ड 2,4 के मतदाताओं के लिए राउप्रावि दांया भाग (बूथ संख्या 197), वार्ड संख्या 5 के मतदाताओं के लिए राउप्रावि मध्य भाग (बूथ संख्या 198), वार्ड 6 के मतदाताओं के लिए राउप्रावि कमरा नंबर 9 तथा वार्ड 7 के मतदाताओं के लिए राउप्रावि कमरा नंबर 10 (बूथ संख्या 200) को मतदान केंद्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पुष्पा सत्यानी ने राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के तहत 30 जून को नगर परिषद चूरू के वार्ड 11 के उप चुनाव को देखते हुए वार्ड के मतदाताओं के लिए जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पारख बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चूरू (भाग संख्या 1) को मतदान केंद्र बनाया है।

# ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ब्रह्माकुमारीज आश्रम में सोमवार को संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का 59वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। सद्भावना भवन संचालिका रानी दीदी ने पुष्पांजली कार्यक्रम में कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) ने हम सभी को जीवन ऊंचा बनाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं सिखाईं। सभी को गाइड किया और ज्ञान का स्वरूप बनकर आदर्श प्रस्तुत किया। दीदी ने उनका जीवन परिचय देते हुए कहा कि उनके जीवन में सच्चाई और सफाई का विशेष गुण था और उन्होंने हमेशा हमें सभी को ईश्वरीय मर्यादाएं और नियम सिखाए,इसलिए आज हम उनको श्रद्धांजलि देते हुए सभी संकल्प लें कि जो दिव्य कर्म वरिष्ठ दादियों, बाबा, मम्मा ने किए हैं उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।ज्योति बहन ने कहा कि हमे अपने गंभीर स्वभाव और धैर्यता से सभी मुश्किलों का सामना करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आत्म समावलंबन और धैर्य का गुण होना आवश्यक है।मंच संचालन एड.मनीष आहूजा ने किया।इस मौके पर आध्यात्मिकता एवं राजयोग का अभ्यास भी कराया गया।कार्यक्रम समापन पर इसलिए सौगात व प्रसाद का वितरण हुआ।




# फिरोजपुर फीडर की डीपीआर तैयार करने में लगे हैं पंजाब के अधिकारी

## नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को लेकर सिंचाई अधिकारी सतर्क

**श्रीगंगानगर।** गंगनहर प्रणाली का माह जून 2024 के लिये 2500 क्यूसेक पानी शेयर निर्धारित है, जिसके विरूद्ध आरडी संख्या 45 पर 23 जून को 2169 क्यूसेक पानी प्राप्त हुआ, जो आज घटकर 1998 क्यूसेक हो गया है तथा वर्तमान में राजस्थान पंजाब बोर्डर पर स्थित खखा हैड पर लगभग 1479 क्यूसेक पानी प्राप्त हो रहा है। अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि पंजाब राज्य में जून माह में धान की बिजाई होने के कारण पानी की मांग अधिक हो जाती है, जिस कारण पंजाब राज्य द्वारा फिरोजपुर फीडर से निकलने वाली पंजाब की नहरे यथा सरहिन्द फीडर, ईस्टर्न कैनाल एवं अन्य छोटी माईनरों में पानी पूरा लिया जाकर कमी को बीकानेर कैनाल में डाल दिया जाता है, जिसके कारण गंगनहर में शेयर के विरूद्ध कम पानी प्राप्त हो रहा है। 17 जून को गंगनहर में निर्धारित शेयर के विरूद्ध 1792 क्यूसेक था। मुख्य अभियंता द्वारा पंजाब के सिंचाई अधिकारियों से वार्ता की गई। 19 जून को मुख्य अभियंता जयपुर /हनुमानगढ़ द्वारा प्रमुख शासन सचिव जल संसाधन पंजाब से गंग कैनाल क्षेत्र में सूख रही फसलों के बचाव हेतु बीकानेर कैनाल में पानी की मात्रा बढ़ाने का निवेदन किया गया। प्रयासों के कारण बीकानेर कैनाल में 2169 क्यूसेक पानी का प्रवाह किया गया। विभाग द्वारा लगातार पंजाब के अधिकारियों से संपर्क बनाया हुआ है एवं निर्धारित शेयर अनुसार पानी प्राप्त करने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। 20 जून को मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ एवं अधीक्षण अभियंता हरिके हैड का निरीक्षण किया गया, जिसके उपरांत हरिके हैड की गेज एवं फिरोजपुर फीडर की आरडी 0 से 55 तक निरीक्षण एवं आरडी 55 के पॉण्ड लेवल की रिपोर्ट करने के संबंध में मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ द्वारा अधीशाषी अभियंता फिरोजपुर की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई। इसके अलावा पंजाब भाग में बीकानेर कैनाल पर इस अवधि में अवैध पाईपें लगाकर किसानों द्वारा अपने खेतों में पानी का उपयोग किये जाने के कारण गंगनहर प्रणाली में नहरों का रेगुलेशन प्रभावित होता है। राजस्थान क्षेत्र में बीकानेर कैनाल में गश्त हेतु गश्ती दलों का गठन किया जा चुका है तथा निरन्तर गश्त की जा रही है। वर्तमान में बीकानेर कैनाल को फीड करने वाली फिरोजपुर फीडर जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण अपनी आकल्पित क्षमता का पानी आहरित नहीं कर पा रही है। जिस कारण भी पंजाब राज्य द्वारा अपनी नहरों में पूरा पानी प्रवाहित किया जाकर शेष पानी बीकानेर कैनाल में प्रवाहित किया जाता है। फिरोजपुर फीडर के पुर्ननिर्माण में पंजाब सिंचाई अधिकारियों द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।

## पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 27 को

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ जिले की तहसील के भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाओं हेतु पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 27 जून को शिविर आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्रीगंगानगर ने बताया कि 27 जून को प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक गुरू रविदास धर्मशाला नजदीक बस स्टैण्ड रायसिंहनगर में तथा 12 बजे से 1.30 बजे तक पंचायत समिति पदमपुर में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते से जुडा हुआ है) साथ में लेकर आवे। आयोजित शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाये।

# जिला स्तरीय अधिकारीगण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**श्रीगंगानगर।** जिला स्तरीय अधिकारीगण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत दिलाएं। बैठक में उन्होंने जलदाय विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि आमजन को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध करवाया जाये। विभागीय कंट्रोल रूम निरन्तर संचालित हो और शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाये। समय-समय पर पेयजल के नमूने लेने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया जाये। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए एडीएम प्रशासन ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये समुचित गतिविधियां समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से एंटी लार्वा गतिविधियां की जाये। आवश्यकतानुसार फोगिंग करवाई जाये और दवाओं की उपलब्धता पूर्ण रखी जाये। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भौतिक सत्यापन और संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ई-फाईल डिस्पोजल में टाईम सुधार के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती रीना छिम्पा, नगरपरिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, विष्णु खत्री, डॉ. दीपक मोंगा, डॉ. अजय सिंगला, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, पीएचईडी एसई आशीष गुप्ता, डिस्कॉम एसई लाभ सिंह मान, पीडब्ल्यूडी एसई पदमप्रकाश कोठारी, विजय कुमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नरेश गुप्ता, राजेश हजारा सहित अन्य मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



गांव लोंगवाला के ग्रामीणों ने गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा समिति पीलीबंगा के बैनर तले जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर गुरुद्वारा साहिब, मुख्य रोड़, लोंगवाला पर कब्जा करने की नियत से शान्ति भंग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करवाने बाबत् ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत लोंगवाला में मुख्य सड़क पीलीबंगा पक्काभादवा रोड़ पर वार्ड नं. 04 में स्थित गुरुद्वारा साहिब में ग्रामीण 40-50 वर्षों से सेवा करते आ रहे है एवं सभी ग्रामीणों के सहयोग से इस गुरुद्वारे का संचालन हो रहा है एवं पिछले लगभग 9 वर्षों से बाबा टहल सिंह गुरुद्वारा साहिब में मुख्य ग्रन्थी की सेवा निभा रहे है एवं इनकी सेवाओं में कोई कमी नहीं है एवं बहुतायत में परिवार बाबा टहल सिंह से सहमत है। परन्तु कुछ असन्तुष्ट व्यक्तियों द्वारा बाबा टहल सिंह पर झूठे आरोप लगाकर हटाने की साजिश रची जा रही है एवं बिना पूरे सभी ग्रामीणों को विश्वास में लिये सिर्फ कुछ ग्रामीणों के हस्ताक्षर करवाकर दशमेश तरनादल पंजाब से निहंग सेवादल के बाबा बूटा सिंह को यहां पर हैड ग्रन्थी नियुक्त करवा लिया एवं बाबा बूटा सिंह एवं उनके दल द्वारा जबरन गुरुद्वारा साहिब लोंगवाला पर काबिज करने का प्रयास किया गया। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है एवं ग्रामीण इस फैसले से सहमत नहीं है एवं प्रशासन चाहे तो गांव लोंगवाला में उक्त फैसले पर जनमत संग्रह भी करवा सकता है। अधिकांश ग्रामीण वर्तमान मुख्य ग्रन्थी बाबा टहल सिंह जी पर सहमत है और इनको हटाने पर सभी ग्रामीणों में भारी रोष फैल सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जावें एवं असंतुष्ट पक्ष के द्वारा लगातार ग्रामवासियों को धमकी दी जा रही है एवं उकसाया जा रहा है। प्रशासन उक्त मामले में हस्ताक्षेप कर मामले का निस्तारण करे, अन्यथा ग्रामीणो को मजबुरन आन्दोलन करने पर उतारू होना पड़ेगा। इस मौके पर गुरजंट सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलवीर सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए जी जान से जुटें: शैलजा

तेज. रिपोर्टर | ऐलनाबाद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जितनी बड़ी जीत दिलाई, उतनी बड़ी जीत कांग्रेस को पूरे हरियाणा में दिलानी है. आपके चार महीने की मेहनत 3 करोड़ हरियाणा वासिओ का जीवन आसान कर सकता है, अभी से बिना थके विधानसभा चुनाव में जुट जाएं, जीत हासिल करके चंडीगढ़ में सरकार बनाने के बाद एक ही साथ डबल जश्न मनाएं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी शैलजा ने कहा है कि उनकी इच्छा तो विधानसभा चुनाव लड़ने की थी, लेकिन सिरसा लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग पर हाईकमान ने उन्हें चुनाव लड़ने का आदेश दे दिया। कांग्रेस की सच्ची सिपाही होने के नाते उन्होंने आदेश को सिर-माथे लगाते हुए चुनाव लड़ा और सभी कार्यकर्ताओं और लोगों ने खुद को शैलजा मानते हुए पूरा चुनाव लड़ा और भारी मतों के अंतर से जीत भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आप सभी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं क्योंकि एक जंग तो जीत ली दूसरी बाकी है। सदैव झूठ बोलने वाली जुमलेबाज सरकार को जनता ने लोकसभा चुनाव में चारो खाने चित कर दिया है, भाजपा का अहंकार तोड़कर रख दिया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि आप सभी चाहते हैं कि हम एक साथ चंडीगढ़ का सफर तय करें। यह तभी संभव है, जब आप सभी भाजपा को उसके 2014 से पहले के हाल पर पहुंचा दें। कांग्रेस को बड़ा बहुमत दिलाना आपका काम है, उसके बाद चंडीगढ़ में आपके मतलब की सरकार बनाना मेरा और बाकी हाईकमान का काम है। चंडीगढ़ में आपकी सरकार बनेगी तो आपकी सुनवाई होगी। अपनी बात सरकार तक पहुंचाने को आपको धके नहीं खाने पड़ेंगे। आपके मतलब की जन हितैषी पॉलिसी बनेंगी। हर वो काम होगा, जिससे आपका और हर हरियाणवी का सिर गर्व से ऊंचा हो। नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि भाजपा ने 10 साल के शासन में आपको भ्राचार के अलावा क्या दिया? भाजपाइयों ने किसानों को आतंकवादी बताया। सरपंचों पर लाठिया चलाई। कर्मचारियों पर बार बार पुलिसिया कहर बरपाया। गरीब, दलित, पिछड़ों पर अत्याचार बढ़े। महिला अपराधों में बढ़ोतरी हुई। पढ़े लिखे नौजवानों को कभी पेपर लीक करके धोखा दिया तो कभी भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियम व शर्तें बदल कर उनके अरमान तोड़ दिए। माता पिता को अपनी जमीन, घर बेचने कै लिए मजबूर किया गया, ताकि वे अपने बच्चों का ढोकी के जरिए विदेश भेज सकें। शैलजा ने कहा कि आज एक भी वर्ग ऐसा बता दीजिए, जो भाजपा सरकार से खुश हो। हर परिवार को पीपीपी की लाइन में खड़ा कर दिया। गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड रह कर उन्हें मिलने वाला राशन बंद कर दिया। बुजुर्गों को मृत बताकर उनकी पेंशन काट दी। गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूलों में मिलने वाली छात्रवृत्ति डकार गए। प्रत्येक शहरी परिवार को प्रॉपर्टी आईडी के जंजाल में फंसा दिया। जिस किसी महकमे की फाइल खंगालेंगे, उसी में घोटाला मिलेगा, भ्रष्टाचार मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी खराब हालत को देखते हुए भाजपाई आपका खोया विश्वास हासिल करने के लिए कोई नया शक्य छोड़ सकते हैं। नए जुमले छोड़ सकते हैं, सब्जबाग भी जरूर दिखाएंगे। लेकिन, आपको अब इनके झांसे में नहीं आना है। अपना लक्ष्य प्रदेश की सत्ता हासिल करना बनाना है और इनके किसी भी बहकावे में आए बिना रिकॉर्ड बहुमत से अपनी खुद की सरकार, कांग्रेस की सरकार बनानी है।

# अस्मिता जैन ने गाया रुद्राष्टकम, अंधविद्यालय में हुआ रिलीज




**श्रीगंगानगर।** शहर की उभरती हुई गायिक अस्मिता जैन ने शिव रुद्राष्टकम को गाया है, जिसको विधिवत रूप से आज सोमवार को अंध विद्यालय में रिलीज किया गया। गाने को प्रख्यात मीडिया सलाहकार एडगुरु राजकुमार जैन एवं समाजसेवी विजय कुमार गोयल ने रिलीज किया। अस्मिता जैन के इस शिव रुद्राष्टकम को युवा पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के लिए इसे वेस्टर्न और पॉप थीम पर रखा गया है। आज की युवा पीढ़ी धार्मिक भजन और श्लोक आदि सुनना तो पंसद करते हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा आकर्षित वेस्टर्न थीम और पॉप म्युजिक करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इसी को आधार बनाकर यह रिलीज किया है। इस शिव रुद्राष्टकम को साया स्टूडियो के ऑफिशल युटुब चैनल पर रिलीज किया गया है। शिव रुद्राष्टकम के रिलीज पर सौरभ मीडिया के एमडी यूथ आइकॉन सौरभ जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को इस तरह के धार्मिक संगीत से जोड़ने की बहुत आवश्यकता है, जिसमें ये शिव रुद्राष्टकम रामसेतु का काम करेगा।

## खानाबदोश परिवार के बुजुर्ग की अचानक मौत

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश से आए हुए एक खानाबदोश परिवार के बुजुर्ग व्यक्ति की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। कोतवाली पुलिस के अनुसार कल रविवार को यह खानाबदोश परिवार रेलवे स्टेशन के सामने की मेन रोड पर था।तभी परिवार के 80 वर्षीय बुजुर्ग बागराज की अचानक तबीयत खराब हो गई। वह कुछ दिनों से बीमार था।उसे अस्पताल ले जाया गया।वह इलाज के दौरान दम तोड़ गया। बागराज के बेटे श्रीराम द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। जांच कर रहे हवलदार सत्यनारायण ने बताया कि यह परिवार श्रीगंगानगर में फेरी लगाकर सामान बेचने के लिए आया हुआ था। परिवार अत्यंत गरीब है।बागराज के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद एक सामाजिक संस्था के सहयोग से श्रीगंगानगर में ही अंतिम संस्कार करवा दिया गया।

# मदन दिलावर मांगेंगे माफी, नहीं तो देना होगा इस्तीफा?

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी





विवादास्पद बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को इस बार आदिवासी समाज के खिलाफ बयान देना महंगा पड़ सकता है । हो सकता है उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा या फिर उन्हें आदिवासी समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ेगी। यदि दिलावर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो उन्हें मंत्री पद छोड़ना होगा, ऐसा माना जा रहा है। बता दें कि एक कार्यक्रम के दौरान एक सवाल के जवाब में दिलावर ने कहा था कि आदिवासी समाज हिंदू ही हैं, भले ही उनकी डीएनए जांच करा ली जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि आप पार्टी के लोग आदिवासियों को बरगलाने का काम कर रहे हैं।बांसवाड़ा के सांसद राजकुमार रोत ने मदन दिलावर के बयान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । उन्होंने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया है।राजकुमार रोत ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासी समाज के बाप को गाली दी है। अब हम बताएंगे कि हमारा बाप कौन है ? इसके लिए सबसे पहले मैं खुद अपना ब्लड ,नाखून और बाल डीएनए जांच के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के घर भेजूंगा।राजकुमार रोत ने राजस्थान के आदिवासी समाज ने मदन दिलावर के बयान को आदिवासी समाज का अपमान बताते हुए कहा है कि सभी लोग अपने ब्लड, नाखून और बालों के सैंपल डीएनए जांच के लिए मदन दिलावर को भेजें।राजकुमार रोत ने शिक्षा मंत्री से कहा है कि वह अपने बयान के लिए आदिवासी समाज से माफी मांगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को तुरंत बर्खास्त करने और पार्टी से निष्कासित इसका करने की मांग की है। राजकुमार रोत ने कहा कि आदिवासी समाज अपना अपमान सहन नहीं करेगा और उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने देश भर के आदिवासी समाज से भी भाजपा को सबक सिखाने की अपील की है। राजकुमार रोत ने कहा कि जिसने हमारे बाप को गाली दी है उसको सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आए दिन इस तरह की बेतूकी बातें कहते हैं जिससे कि किसी न किसी वर्ग का अपमान होता है। लेकिन इस बार उन्होंने गलत पंगा ले लिया है और उसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा हम हमारी मांगे मारे जाने तक डीएनए जांच होने तक हमारा खून-नाखून और बाल भेजते रहेंगे।

# लायंस क्लब सैंटर के श्याम गोस्वामी अध्यक्ष सचिन कुक्कड़ सचिव, अनिल पाहुजा कोषाध्यक्ष बने

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



लायंस क्लब श्रीगंगानगर सेंटर की सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारणी कासर्व सम्मति से गठन किया गया है। स्थानीय एक होटल में क्लब की आयोजित आम सभा में नॉमिनेशन कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष श्याम गोस्वामी, सचिव सचिन कुक्कड़, कोषाध्यक्ष अनिल पाहुजा तथा एडमिस्टेटर आशीष अरोड़ा को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष श्याम गोस्वामी पूर्व में नर्सेज एसोसिएशन अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला संयोजक रह चुके हैं।वर्तमान में वे राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष हैं। सचिव सचिन कुक्कड़ अरोड़वंश पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। कोषाध्यक्ष अनिल पाहुजा भी कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। एडमिस्टेंटर बनाए गए आशीष अरोड़ा पूर्व में क्लब अध्यक्ष और जोन चेयरमैन सहित अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर रहते हुए कई उच्च पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। निवृतमान होने जा रहे अध्यक्ष दीपक वाट्स ने बताया कि नई टीम 1 जुलाई से विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण करेगी। आम सभा में उपस्थित क्लब सचिव मनोज मिड्ढा, पूर्व अध्यक्ष केवल सचदेवा, परविंदर लूना, कमल चराया, पंकज नागपाल, प्रकाश जलंधरा, नरेश परनामी, योगेंद्र चलाना, राहुल धमीजा, राहुल मुटनेजा, भगवान दास, सुनील सचदेवा और प्रदीप कुक्कड़ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। श्याम गोस्वामी ने बताया कि आगामी सत्र में रक्तदान, चिकित्सा शिविर व अन्नदान जैसे सेवा कार्य किये जाएंगे। सचिन कुक्कड़ ने बताया कि जल्द ही विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा।

## भण्डारे में ग्रहण किया प्रसाद



**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत दो केएनजे में ग्राम पंचायत की ओर से बाबा खेतरपाल का भण्डारा लगाया गया। भण्डारे में काफी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा महंगासिंह ने बताया कि गर्मी को देखते हुए और बारिश व पंचायत की खुशहाली की कामना को लेकर भण्डारा लगाया गया।

# अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर होगी कार्यवाही

**श्रीगंगानगर।** अग्निशमन (नगर परिषद) श्रीगंगानगर के अधिकारियों द्वारा पिछलें दिनों शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को अग्नि सुरक्षा व मानव सुरक्षा हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड पार्ट-4, 2016 के अनुसार अग्निशमन उपकरण लगवाए जाने के लिये पाबंद किया गया। नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि समय-समय पर अग्निशमन के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा निरीक्षण के दौरान संचालकों को पाबंद किया जाता है। संस्थान के पास फायर एनओसी ना होने पर सजा का प्रावधान है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार फायर एनओसी जारी होने एवं सूचीबद्ध एजेंसी का निरीक्षण किये जाने के उपरांत भी यदि फायर सम्बन्धी कोई घटना घटित होती है, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित एजेंसी का लाइसेंस रद्द कर सम्बन्धी अधिभोगी पर रूपये 5000 की शास्ति लगाकर राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 291 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। संबंधित को जारी की गयी फायर एनओसी को रद्द करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी प्रकार की दुर्घटना या मानवीय क्षति होती है, तो मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा सम्बंधित थाने में एजेंसी एवं अधिभोगी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। इस सम्बन्ध में रद्द की गयी एनओसी को पुनः जारी किये जाने हेतु यदि अधिभोगी आवेदन करता है, तो उस अधिभोगी को पुनः पूर्ण फायर एनओसी आवेदन शुल्क तथा फायर सेस की राशि जमा करानी होगी। संस्थानों को अग्नि सुरक्षा व मानव सुरक्षा हेतु अग्निशमन उपकरण ना लगवाए जाने पर पूर्व में नोटिस जारी किये गये हैं तथा जिन संस्थानों ने फायर एनओसी प्राप्त नहीं की, उन संस्थानों को सीज किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## केंद्रीय जेल अधीक्षक डॉ.अभिषेक शर्मा ने किया अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के पोस्टर का विमोचन



श्रीगंगानगर। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेद दिवस के उपलक्ष्य मे चार साहिब जादे चेरिटेबल ट्रस्ट के नशा मुक्ति एवम पुनर्वास केंद्र के तत्वाधान मे 'नशा नाश का दूसरा दूजा नाम,तन मन धन तीनो बेकाम' नशा मुक्ति जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को केंद्रीय जेल अधीक्षक डॉ अभिषेक शर्मा ने इसके पोस्टर का विमोचन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप बुट्टर ने बताया की इस आयोजन का उद्देश्य नशे के गर्त मे फसे युवाओ को इस से बाहर निकालना है। इस आयोजन से एक भी युवा नशा छोड़ता है तो यही हमारे आयोजन की सार्थकता होगी। कार्यक्रम संयोजक सुमेश शर्मा ने बताया की इसके तहत 26 जून को नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। जिसमे प्रबुद्ध लोगो और युवाओ से हस्ताक्षर करवा कर शपत दिलाई जायेगी। युवाओ के लिए नशा मुक्ति संगोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा। पोस्टर विमोचन मे जेल अधीक्षक डॉ अभिषेक शर्मा, कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुमेश शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप बुट्टर, पवन छिप्पा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय न्याय संहिता को लेकर संगोष्ठी 27 जून को

**चूरू।** एक जुलाई से प्रभावी होने जा रही भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों को आमजन तक पहुंचाए जाने के लिए 27 जून को दोपहर 3 बजे जिला परिषद सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बताया कि संगोष्ठी में अभियोजन विभाग के मास्टर ट्रेनर द्वारा नवीन विधियों के प्रावधानों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# चार महीने से मनरेगा बंद, कल पंचायत समिति पर प्रदर्शन



तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरामपुर बोदला में 4 माह से मनरेगा कार्य बंद पड़े हैं। इस कारण ग्राम पंचायत और श्रमिकों में गहरा आक्रोश 26 जून को सुबह 11 बजे पंचायत समिति के समक्ष प्रदर्शन कर धरना लगाने की चेतावनी आज ग्रामीणों द्वारा दी गई। इस दिन पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक भी है। गौरतलब है कि एक तरफ जिला प्रशासन रात्रि चौपाल लगाकर गांव वालों से उनकी समस्याएं पूछ रहा है, दूसरी ओर बहरामपुर बोदला में चार माह से में मनरेगा बंद कर बंद पड़े हैं।

## रावतसर की धान मंडी में ठंडे मीठे जल की छबील लगाई



**हनुमानगढ़।** भयंकर गर्मी में सामाजिक सरोकार के तहत देसाई ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा जिले में रावतसर की धान मंडी ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई। देसाई ब्रदर्स के डिस्ट्रीब्यूटर कपिल अग्रवाल,कंपनी के प्रतिनिधि हनुमान भाई, श्योपाल भाई, विष्णु भाई ने छबील पर एक हजार से अधिक किसानों,मजदूरों और आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाने की सेवाओं में सहयोग किया।

# आरोपियों की निशानदेही पर सात बाइक का स्क्रैप बरामद

## गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 14 बाइक बरामदगी का मामला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



चोरीशुदा 14 बाइक बरामद कर गिरफ्तार किए गए गिरोह के पांचों सदस्यों की निशानदेही पर जंक्शन थाना पुलिस ने 7 और बाइक का स्क्रैप बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच सदस्यों प्रवीण उर्फ पीना (26) पुत्र दलीपराम निवासी चक 12 एफटीपी ढाणी पीरकामड़िया पीएस टिब्बी, कुलदीप कुमार (24) पुत्र बलवंत राम मेघवाल निवासी वार्ड 3, पीरकामड़िया पीएस टिब्बी, विक्रम उर्फ विक्की उर्फ विक्की गोण्डर (18) पुत्र बिहारीलाल निवासी वार्ड 2 गिलवाला पीएस टिब्बी, सुशील (48) पुत्र देवीलाल निवासी वार्ड 1, खाराखेड़ा, 4 केएचआर पीएस टिब्बी व आशीष कुमार (28) पुत्र रामकुमार मेघवाल निवासी वार्ड दो, तीन एफटीपी गिलवाला पीएस टिब्बी को शनिवार को गिरफ्तार कर चोरी शुदा 14 बाइक बरामद की। पांचों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर पीसी रिमांड मंजूर करवाया। रिमांड अवधि के दौरान गांव पीरकामड़िया के सुनील कबाड़िया की दुकान व गोदाम से 7 मोटर साइकिल का स्क्रैप बरामद किया गया है। गिरोह सदस्यों से अनुसंधान जारी है। गौरतलब है कि 19 जून को विजय कुमार (54) पुत्र उत्तम चन्द अरोड़ा निवासी वार्ड 10, सैक्टर नम्बर 12, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 17 जून की रात्रि करीब 8 बजे बेनीवाल हॉस्पिटल के पास मेला देखने गया था। अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसई 8703 धींगड़ा ऑटो पार्ट्स के सामने लॉक लगाकर खड़ी कर दी। करीब 9 बजे मेला देखकर वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक की काफी तलाश, खोजबीन व पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। बाइक के टूल में मूल आरसी रखी हुई थी जो बाइक के साथ ही चोरी हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल लायक सिंह के सुपुर्द किया। जंक्शन क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा करने के लिए थाना स्तर पर गठित टीम ने तकनीकी सहायता व मानवीय आसूचना संकलन कर चोरी की वारदात करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को शनिवार को धर दबोचा। इनकी निशानदेही पर चोरी शुदा 14 बाइक बरामद की। आरोपियों ने हनुमानगढ़ जंक्शन के अलावा टाउन, सदर, रावतसर, तलवाड़ा झील, संगरिया, सिरसा जिले के रानिया, डबवाली क्षेत्र में चोरी की वारदातें करना स्वीकारा। आरोपी सुशील व आशीष कुमार चोरी की बाइक की खरीद-फरोख्त में शामिल थे। आरोपी प्रवीण उर्फ पीना व कुलदीप कुमार नशा करने के आदी हैं। नशे की पूर्ति के लिए यह बाइक चोरी करते तथा सस्ते भाव में आगे बेच देते।

# घर में घुसी गाय को बेरहमी से पीटा, मौत

**हनुमानगढ़।** घर में घुसी पड़ोसियों की पालतू गाय को एक व्यक्ति ने लाठियों से इतना पीटा कि गंभीर चोटें लगने से गाय ने दम तोड़ दिया। गाय के मालिक ने इस संबंध में सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मांगूराम (29) पुत्र कृष्ण लाल ओड निवासी वार्ड 15, डबलीबास मौलवी ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 15 जून को उसकी पालतू गाय घर से खुल कर सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण लाल कुम्हार के घर में घुस गई। इससे नाराज सुरेश कुमार ने गाय को लाठी से पीटा। वह मौके पर गया तो सुरेश कुमार ने उसके पेट पर भी लाठी से दो वार किए। पीटने से गाय की पीठ व जबड़ा पर गंभीर चोटें आई। गाय ने खाना-पीना छोड़ दिया। नीचे गिर गई और दर्द के कारण मर गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान गोवंशीय पशु (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) नियम 1995 के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजयसिंह के सुपुर्द किया है।

# अन्नदाताओं को जागरूक और गौशालाओं का करें निरीक्षण




तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकताओं में कृषक कल्याण सबसे अग्रणी है। उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए हनुमानगढ़ में भी हमें मिलकर किसानों को कृषि तकनीकों, शिक्षा, फसली बीमा के बारे में जागरूक करना होगा। इसमें कृषि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से दायित्वों का निर्वहन करें। जिला कलक्टर कानाराम ने सोमवार को सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए यह विचार रखे। उन्होंने कहा कि कृषि पर्यवेक्षकों को नियमित गांवों में भेजें। ग्रामीणों और किसानों से संवाद कार्यक्रम कराएं। आगामी फसलों की बुवाई सहित वर्तमान में फसलों की सुरक्षा की जानकारी दें। उन्होंने गौशालाओं में नियमित निरीक्षण करने के लिए पशुपालन अधिकारियों को निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों को सुचारू जलापूर्ति बनाए रखने, विद्युत विभाग को ट्रांसफॉर्मर्स की उचित रख-रखाव और क्षतिग्रस्त को बदलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएस कुसुम योजना में प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र निस्तारित करते हुए किसानों को राहत प्रदान करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी की चिकित्सकीय जांच कराई जाए। इसके लिए 15 जुलाई से 15 अगस्त तक एक अभियान चलाए। साथ ही, 30 जून से पल्स पोलियो अभियान में प्रत्येक बच्चे को खुराक पिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मानसून में सघन पौधारोपण कराया जाना है। बिना सुरक्षा वाले स्थानों पर पौधे नहीं लगाए। उन्होंने सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, कृषि विपणन, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सुनीता चौधरी, नगर परिषद आयुक्त श्री सुरेंद्र सिंह यादव सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम के नेतृत्व में तीन थानों के जाप्ते ने ली जेल की तलाशी

## बैरकों की गहनता से जांच, नहीं हाथ लगा कुछ

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी ने सोमवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप अधीक्षक राहुल यादव सहित तीनों पुलिस थानों का जाप्ता साथ रहा। अलग-अलग सात टीमें बनाकर जेल की सभी बैरकों की गहनता से जांच की गई। बकौल एसडीएम, निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु या प्रतिबंधित सामग्री हाथ नहीं लगी। एसडीएम ने जेल अधीक्षक से बात कर फीडबैक भी लिया। व्यवस्थाओं में और सुधार किए जाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। जेल परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की बात एसडीएम ने कही। एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के आदेशानुसार माह में एक बार जिला कारागृह की रेंडम विजिट की जाती है। उनके पदस्थापन के बाद तीन-चार विजिट में जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। एसडीएम ने कहा कि अगर जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु पाई जाती है तो उस संबंध में दर्ज मुकदमे में पुलिस और जेल अधीक्षक की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जाती है। अगर विजिट के दौरान ऐसा पाए जाता है तो नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। साथ ही कहा कि जिला कारागृह की चारदीवारी काफी साल पहले बनी हुई है जबकि उसके आसपास सड़कें नई बनने से ऊंचाई अधिक हो गई है। यह इश्यू पहली जेल विजिट में भी उनकी ओर से नोट करवाया गया था। जेल अधीक्षक की ओर से उच्चाधिकारियों को भी यह इश्यू नोट करवाया गया है। तारबंदी भी करवाई गई है। सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ाई गई है। बजट आवंटित होने या उच्चाधिकारियों के आदेशों पर चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी।

# आत्महत्या दुष्प्रेरणा के मामले में आरोपी गिरफ्तार

## फेफाना थाना पुलिस की कार्रवाई

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



फेफाना थाना पुलिस ने मार्च माह में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पूर्व में करीब आधा दर्जन प्रकरण दर्ज हैं। इस मामले में आरोपी एक महिला को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा चुकी है। फेफाना पुलिस थाना प्रभारी एसआई विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 17 मार्च को राकेश कुमार (33) पुत्र किशनलाल मीणा निवासी वार्ड 7, 25 एनटीआर तहसील नोहर ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसके भाई भागमल को मानसी व गोल्डी रुपयों की नाजायज मांग को लेकर तंग-परेशान व बदनाम करने के लिए फोन करते थे। ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे। उसका भाई भागमल 15-20 दिनों से काफी परेशान रहने लगा। मानसी व गोल्डी से परेशान होकर उसके भाई भागमल ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोप में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पूर्व में इस प्रकरण में आरोपी मानसी उर्फ मूर्ति उर्फ जुगनी (25) पत्नी अर्जुनराम निवासी 34 एसटीजी, हाल वार्ड 30, नेहरू नगर, कस्बा नोहर को गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया। सोमवार को इस प्रकरण में दूसरे आरोपी गगनदीप उर्फ गोल्डी (30) पुत्र ओमप्रकाश नायक निवासी भोगराना, हाल वार्ड 2, कस्बा नोहर को गिरफ्तार किया। आरोपी से अनुसंधान जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी गगनदीप उर्फ गोल्डी के खिलाफ अन्य जिलों एवं विभिन्न पुलिस थानों में संगीन धाराओं के 6 प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी विजेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल काशीराम व विनोद कुमार शामिल रहे।

# पानी की निकासी करवा मिट्टी भर्ती करवाने की मांग



## » आईडीएसएमटी कॉलोनीवासियों ने सभापति को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन में शिव मन्दिर सिनेमा के पीछे स्थित आईडीएसएमटी कॉलोनी में भरे पानी को निकालकर मिट्टी भर्ती करवाने की मांग के संबंध में कॉलोनीवासियों ने सोमवार को नगर परिषद सभापति को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासी मदनलाल ने बताया कि टिम्बर मार्केट की तरफ नाला ऊंचा है जबकि शिव मन्दिर सिनेमा के पीछे स्थित आईडीएसएमटी कॉलोनी की तरफ नाला नीचा है। इस वजह से नाले का पानी कॉलोनी में भर गया है। भरे हुए पानी को निकालकर मिट्टी भर्ती करवाने की मांग करते हुए सुझाव दिया गया कि नगर परिषद के जगह-जगह काम चल रहे हैं। वहां से खुदाई में जो मिट्टी निकलती है उस मिट्टी से भी यहां भर्ती की जा सकती है। ज्ञापन में अग्रसेन भवन एवं शिव मंदिर सिनेमा के बीच की 100 फीट रोड को जी ब्लॉक एवं एफ ब्लॉक के लेवल में बनवाने तथा डिवाइडर का निर्माण करवाने की मांग भी की गई।

# श्री सैन समाज समिति की बैठक आज

हनुमानगढ़। श्री सैन समाज समिति जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक मंगलवार को सुबह 10 बजे रखी गई है। जंक्शन की श्री सैन धर्मशाला में आयोजित होने वाली बैठक का मुख्य एजेंडा भविष्य में समिति के उद्देश्य एवं समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जाखड़ की आज्ञा अनुसार रहेगा। इसके अतिरिक्त मौजूद कार्यकारिणी व सैन समाज के नागरिकों की ओर से विचार-विमर्श कर जिला सैन समाज के विकास व सेवा कार्यों पर प्रस्ताव, निर्णय व सहमति लेना प्रस्तावित है। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जाखड़ ने सैन समाज समिति के सदस्यों व समाज के नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में समय पर बैठक में पहुंचने का आह्वान किया है।

# वन विभाग की कार्रवाई: 450 क्विंटल लकड़ियों सहित वाहन सीज



**हनुमानगढ़।** वन विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है। हनुमानगढ़ में उप वन संरक्षक सुरेश कुमार आबुसरिया के निर्देशन में 23 जून को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन गश्त की गई। इसमें नोहर में ट्रेक्टर रेहड़ा में 70 क्विंटल, पिकअप में 30 क्विंटल लकड़ी एवं भादरा में 2 ट्रकों में पंचमेल लकड़ी अनुमानित 350 क्विंटल कुल 450 क्विंटल लकड़ियों सहित वाहनों को सीज किया गया। इस कार्रवाई में क्षेत्रीय वन अधिकारी भादरा मखन लाल शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी नोहर पवन कुमार शर्मा एवं अधीनस्थ स्टाफ शामिल रहे। उन्होंने वन अधिनियम 1953 की धारा 41 व 42 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किए। उप वन संरक्षक आबुसरिया ने बताया कि जिले में वन माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# कर्मचारी ने फाइनेंस कम्पनी को लगाया चूना

## 16 ग्राहकों से फाइनेंस की बकाया किश्तों की राशि वसूल कम्पनी में जमा करवाने की बजाए किया गबन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिला मुख्यालय पर संचालित एक फाइनेंस कम्पनी की शाखा में पदस्थापित कर्मचारी ने 16 ग्राहकों से फाइनेंस की बकाया किश्तों की राशि वसूल कम्पनी में जमा करवाने की बजाए गबन कर लिया। कम्पनी की ओर से उक्त कर्मचारी को सेवामुक्त कर दिया गया है। साथ ही उसके खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार राजेश कुमार (27) पुत्र मदनलाल शर्मा निवासी वार्ड 15, भट्ठा कॉलोनी, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत एक रजिस्टर्ड कम्पनी है। यह कम्पनी भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त कर वर्ष 2008 से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं आमजन को ऋण उपलब्ध करने का कार्य राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में अपनी शाखाओं के जरिए कर रही है। इस कम्पनी की एक शाखा हनुमानगढ़ जंक्शन के हाउसिंग बोर्ड में स्थित है। वह इस शाखा का प्रभारी प्रबंधक है। इस शाखा में पदस्थापित कर्मचारी बलजीत सिंह पुत्र टीकासिंह निवासी वार्ड 19, 5 एआरडब्ल्यू ए, तलवाड़ा झील ग्राहकों को ऋण देने से संबंधित सत्यापन कार्य एवं दिए गए ऋण की किश्तों की वसूली का कार्य करता था। सामान्य निरीक्षण एवं बकाया किश्तों के सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि बलजीत सिंह ने विभिन्न 16 ग्राहकों से किश्तों की 88233 रुपए की राशि वसूल कर नियमानुसार उसी दिन कम्पनी के बैंक खाते में जमा करने की बजाए उक्त राशि का गबन कर कम्पनी के साथ धोखाधड़ी की है। धोखाधड़ी के बाद से बलजीत सिंह स्वेच्छा से अनुपस्थित रहने लगा। उसे बाद में कम्पनी ने सेवामुक्त कर दिया। इससे पूर्व इस शाखा एवं कम्पनी मुख्यालय की ओर से कर्मचारी बलजीत सिंह से सम्पर्क कर गबन की गई राशि को बैंक खाते में जमा करवाने को कहा गया लेकिन उसने शीघ्र राशि जमा करवाने का बहाना कर कई दिन निकाल दिए। अब उसने मोबाइल फोन पर बात करना बंद कर दिया है। पुलिस ने कम्पनी के शाखा प्रभारी प्रबंधक की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। जांच एएसआई कृष्ण कुमार कर रहे हैं।

# बस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**हनुमानगढ़।** जिले के दूरवर्ती भिरानी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की बस की टक्कर लगने से मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पंकज (18) पुत्र रमेश निवासी गढी छानी के रूप में हुई है।पंकज कल रविवार दोपहर को भादरा से आदमपुर रोड पर जा रहा था। वह गांव छानी बड़ी के पास एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गया।वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। लोगों ने उसे निकटवर्ती सरकारी अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा कृष्णा जाट (35) निवासी गड़ी छानी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर बस के चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी।

# करंट लगने से किसान की मौत

हनुमानगढ़। खेत में नलकूप को चालू करने के लिए स्विच ऑन करते समय करंट लगने से अधेड़ उम्र के आयु के किसान की मौत हो गई। घटना चक 11 एमडी की है। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में मर्ग दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार राजेश कुमार (28) पुत्र प्रेम कुमार जाट निवासी चौधरी चेतराम वाला चक 15 एसपीएम ने बताया कि उसका भाई रणजीत (42) चक 11 एमडी में प्रशान्त गोदारा पुत्र राजेन्द्र गोदारा के खेत में कृषि कार्य के लिए गया था। रणजीत फसल में पानी लगाने के लिए नलकूप को चालू करने लगा। जैसे ही उसने स्विच ऑन करने के लिए हाथ बढ़ाया तो अचानक करंट लगने से उसका भाई बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने रणजीत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। जांच शेरगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई अमीचन्द कर रहे हैं।

# 1 क्विंटल 28 किलोग्राम पोस्त बरामद दो युवक गिरफ्तार, एक फरार

- » तस्करी में प्रयुक्त कार तथा मोटर साइकिल जब्त
- » संगरिया थाना पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से की कार्रवाई

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



संगरिया थाना पुलिस ने सोमवार को जिला विशेष दल हनुमानगढ़ के सहयोग से कार्रवाई करते हुए 1 क्विंटल 28 किलोग्राम पोस्त बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने पोस्त तस्करी में प्रयुक्त कार तथा मोटर साइकिल भी जब्त की। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण की जांच टिब्बी पुलिस कर रही है। जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी एवं उपयोग का प्रचलन रोकने, स्थाई वारंटी, उद्घोषित अपराधी, भगौड़े (299 सीआरपीसी), प्रकरणों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की निरंतरता में संगरिया पुलिस थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में टीम सोमवार तड़के गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बोलांवाली से ढाबां रोड पर गांव बोलांवाली के नजदीक कार्रवाई करते हुए 1 क्विंटल 28 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर हरप्रीत सिंह उर्फ हैरी (33) पुत्र मक्खन सिंह जटसिख निवासी ढाणी चक 5 पीटीपी, इन्द्रगढ़, हाल वार्ड 35, संगरिया व सुरेन्द्र कुमार (27) पुत्र मोहनलाल कस्वां निवासी वार्ड 12, बोलांवाली को गिरफ्तार किया। जबकि जितेन्द्र सिंह नाम का एक शख्स पुलिस को चकमा दे भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने पोस्त तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार व मोटर साइकिल जब्त की। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी एसआई जगदीश प्रसाद पाण्डर के सुपुर्द किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह, एएसआई दौलतराम, कांस्टेबल लक्ष्मण, हरीराम व नरेन्द्र कुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई में जिला विशेष दल हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442